हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 239 ● शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

### नौंवमी मां सिद्धिदात्री



मां सिद्धिदात्री आपको जीवन में अद्भुत सिद्धि, क्षमता प्रदान करती हैं ताकि आप सब कुछ पूर्णता के साथ कर सकें। सिद्धि का क्या अर्थ है। सिद्धि, सम्पूर्णता का अर्थ है विचार आने से पूर्व ही काम का हो जाना। आपके विचारमात्र, से ही, बिना किसी कार्य किये आपकी इच्छा का पूर्ण हो जाना यही सिद्धि है।

# अनंतकाल की यात्रा पर निकले भारत के 'रतन'

**● श्रद्धांजलि देने वालों का लगा रहा तांता, शाह, अंबानी, बिड़ला सभी पहुंचे ● बुधवार रात 86 साल की उम्र में हुआ निधन, राजकीय सम्मान से विदाई**





मुंबई (एजेंसी)। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने बुधवार देर रात करीब 11 बजे अंतिम सांस ली। वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेंसिव केयर यूनिट में एडमिट थे और उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे।

टाटा का पार्थिव शरीर नरीमन पॉइंट स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। यहां से उनकी अंतिम यात्रा वर्ली श्मशान घाट के लिए रवाना हुई। यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, मुकेश अंबानी और कुमार मंगलम बिड़ला समेत राजनीति, खेल और बिजनेस से जुड़ी कई हस्तियों ने टाटा को श्रद्धांजलि दी। अमिताभ बच्चन ने लिखा कि एक युग का अंत हो गया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा को 7 अक्टूबर को भी आईसीयू में भर्ती किए जाने की खबर थी।

### बचपन में माता-पिता अलग हुए, दादी ने की परवरिश

पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा की अगुआई में ही टाटा ग्रुप ने देश की सबसे सस्ती कार लॉन्च की, तो हाल ही में कर्ज में फंसी एयर इंडिया को 18 हजार करोड़ की कैश डील में खरीदा था। बिजनेस में बेहद कामयाब रतन टाटा निजी जिंदगी में बेहद सादगी पसंद थे और मुंबई में अपने छोटे से फ्लैट में रहते थे। 28 दिसंबर 1937 को नवल और सूनू टाटा के घर जन्मे रतन टाटा ग्रुप के फाउंडर जमशेदजी टाटा के परपोते थे। उनका परिवार पारसी धर्म से है। उनके माता पिता बचपन में ही अलग हो गए थे और दादी ने उनकी परवरिश की थी। 1991 में उन्हें टाटा ग्रुप का चेयरमैन बनाया गया था। रतन टाटा की चार बार शादी होते-होते रह गई।

### 21 साल चेयरमैन रहे, टाटा ग्रुप का मुनाफा 50 गुना बढ़ा

1962 में फैमिली बिजनेस जॉइन किया था। शुरुआत में उन्होंने टाटा स्टील के शॉप फ्लोर पर काम किया। इसके बाद वे मैनेजमेंट पोजीशन्स पर लगातार आगे बढ़े। 1991 में, जेआरडी टाटा ने पद छोड़ दिया और ग्रुप की कमान रतन टाटा को मिली। 2012 में 75 वर्ष के होने पर, टाटा ने एग्जीक्यूटिव फंक्शन छोड़ दिए। उनके 21 वर्षों के दौरान, टाटा ग्रुप का मुनाफा 50 गुना बढ़ गया। इसमें अधिकांश रेवेन्यू जगुआर-लैंडरोवर व्हीकल्स और टेटली जैसे पॉपुलर टाटा उत्पादों की विदेशों में बिक्री से आया। चेयरमैन का पद छोड़ने के बाद उन्होंने 44 साल के साइरस मिस्त्री को उत्तराधिकारी नियुक्त किया। उनका परिवार ग्रुप में सबसे बड़ा इंडिविजुअल शेयरहोल्डर था।

### ● मोदी-राहुल और सुंदर पिचाई समेत बिजनेस घरानों ने शोक जताया

- **टाटा चेयरमैन एन चंद्रशेखरन :** हम अत्यंत दुख के साथ रतन टाटा को विदाई दे रहे हैं। समूह के लिए टाटा एक चेयरपर्सन से कहीं ज्यादा थे। मेरे लिए वे एक गुरु, मार्गदर्शक और मित्र थे।
- **राष्ट्रपति मुर्मू :** भारत ने एक ऐसे आइकॉन को खो दिया है, जिन्होंने कॉर्पोरेट ग्रोथ, राष्ट्र निर्माण और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाया है।
- **पीएम नरेंद्र मोदी :** टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक टाटा ग्रुप को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। उनका योगदान बोर्ड रूम से कहीं आगे तक गया।
- **राहुल गांधी :** रतन टाटा दूरदृष्टि वाले व्यक्ति थे। उन्होंने बिजनेस और परोपकार दोनों पर कभी न मिटने वाली छाप छोड़ी है। उनके परिवार और टाटा कम्युनिटी के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।
- **मुकेश अंबानी :** ये भारत के लिए बहुत दुखद दिन है। रतन टाटा का जाना ना सिर्फ टाटा ग्रुप, बल्कि हर भारतीय के लिए बड़ा नुकसान है। व्यक्तिगत तौर पर रतन टाटा का जाना मुझे बहुत दुख से भर गया है, क्योंकि मैंने अपना दोस्त खो दिया है।
- **गौतम अडाणी :** भारत ने एक महान और दूरदर्शी व्यक्ति खो दिया है। टाटा ने मॉडर्न इंडिया के पाथ को रीडिफाइन किया। टाटा सिर्फ एक बिजनेस लीडर नहीं थे, उन्होंने करुणा के साथ भारत की भावना को मूर्त रूप दिया।
- **आनंद महिंद्रा :** मैं रतन टाटा की अनुपस्थिति को स्वीकार नहीं कर पा रहा हूं। रतन टाटा को भुलाया नहीं जा सकेगा, क्योंकि महापुरुष कभी नहीं मरते।

## एक देश एक चुनाव के फैसले के खिलाफ केरल

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल विधानसभा में देश में एक साथ चुनाव कराने के केन्द्र के फैसले के खिलाफ प्रस्ताव पारित हो गया है। गुरुवार को सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें केंद्र सरकार से रामनाथ कोविंद पैनल द्वारा सुझाए गए 'एक देश, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी देने के अपने फैसले को वापस लेने की अपील की गई है। इस दौरान केरल विधानसभा में यह भी कहा गया कि यह कदम अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन



की ओर से राज्य के संसदीय कार्य मंत्री एमबी राजेश ने प्रस्ताव पेश किया जिन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव देश की संघीय व्यवस्था को कमजोर करेगा और भारत के संसदीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाएगा। एमबी राजेश ने कहा, यह कदम असंवैधानिक है और संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। साथ ही यह आरएसएस और बीजेपी के एजेंडे को लागू करने का प्रयास है। मंत्री ने प्रस्ताव में यूडीएफ विधायकों द्वारा सुझाए गए कुछ संशोधनों को भी स्वीकार किया।

# हरियाणा चुनाव की हार से नाराज हुए राहुल गांधी

### बोले-नेताओं का इंटरेस्ट पार्टी से ऊपर रहा, फैक्ट फाइंडिंग कमेटी हार की वजह पता करेगी



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा चुनाव में मिली हार पर कांग्रेस की समीक्षा मीटिंग गुरुवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई। इसमें राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा में नेताओं का इंटरेस्ट ऊपर रहा, इस कारण से पार्टी का इंटरेस्ट नीचे चला गया। बैठक में तय किया गया कि हार के कारणों को जानने के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई जा रही है, जो हरियाणा में जाकर नेताओं से चर्चा करके रिपोर्ट हाईकमान को सौपेंगी। कमेटी में कौन-कौन चेहरे शामिल किए जाएंगे, अभी उनके नामों पर चर्चा नहीं हो पाई है। करीब आधे घंटे चली मीटिंग के बाद कांग्रेस नेता अजय माकन ने हुड्डा-सैलजा के मतभेदों पर कहा कि हार के बहुत सारे कारण हैं, जो चुनाव आयोग से लेकर नेताओं के मतभेद तक हैं। इन्हीं सब कारणों पर चर्चा हुई और आगे भी चर्चा करेंगे। इतना बड़ा उलटफेर, एग्जिट पोल जो कह रहे थे, बड़े से बड़ा सर्वे जो कह रहे थे, सभी के सभी एक साथ गलत साबित कैसे हो सकते हैं। आधे घंटे की मीटिंग में इस मामले में किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सकता है। आज की मीटिंग में हमने आगे की रणनीति पर चर्चा की है।

## पंजाब और राजस्थान के बॉर्डर इलाकों में बनेगी नई सड़क

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 2,280 किलोमीटर सड़क निर्माण की परियोजना को मंजूरी दे दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंत्रिमंडल के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल सीमावर्ती गांवों में आवाजाही सुगम होगी बल्कि इन क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 4,406 करोड़ रुपये की लागत से 2,280 किलोमीटर सड़क निर्माण को मंजूरी दी है, जिसमें सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया गया है।' बयान में कहा गया कि यह परियोजना मानसिकता में बदलाव का परिणाम है।

# उमर अब्दुल्ला दूसरी बार बनेंगे जम्मू-कश्मीर के सीएम

### विधायकों ने नेता चुना, आज दावा पेश करेंगे, 13 या 14 अक्टूबर को शपथ



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में नई सरकार के गठन के लिए गुरुवार (10 अक्टूबर) को विधायक दल की बैठक हुई। मीटिंग में नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को विधायक दल का नेता चुना गया। उमर जम्मू-कश्मीर के नए सीएम होंगे। इंडिया गठबंधन का 3 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को स्त्र मनोज सिन्हा से मुलाकात करेगा और सरकार गठन का दावा पेश करेगा। शपथ ग्रहण समारोह 13 या 14 अक्टूबर को होने की उम्मीद है। राज्य सरकार में कोई डिप्टी सीएम नहीं होगा। नेशनल कांफ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ी कांग्रेस को डिप्टी स्पीकर का पद मिल सकता है। कांग्रेस की ओर से डूरू सीट से विधायक जीए मीर या प्रदेश अध्यक्ष और सेंट्रल शाल्टेंग के विधायक तारिक हामिद कर्रा में किसी एक को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिल सकता है। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद हुए विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने 49 सीटों पर जीत दर्ज की।

## बड़ा सौदा ! समुद्र में बढ़ेगी भारत की ज्यादा ताकत

### ● नौसेना को मिलेंगी दो परमाणु पनडुब्बियां, दर्जनों ड्रोन का भी सौदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना और रक्षा बलों की निगरानी क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट समिति ने दो न्यूक्लियर सबमरीन के स्वदेशी निर्माण और अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए महत्वपूर्ण सौदों को मंजूरी दी है। सौदों के मुताबिक, भारतीय नौसेना को दो न्यूक्लियर-पावर्ड अटैक सबमरीन मिलेंगी, जो हिंद महासागर क्षेत्र में उसकी क्षमताओं को कई गुना बढ़ाएंगी। विशाखापत्तनम के शिप बिल्डिंग सेंटर के साथ इन दो सबमरीन के निर्माण के लिए लगभग 45,000 करोड़ रुपये का सौदा होगा, जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों जैसे लार्सन



एंड टुब्रो की प्रमुख भागीदारी होगी। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह सौदा काफी समय से लंबित था और भारतीय नौसेना इसे एक महत्वपूर्ण जरूरत के तौर पर देख रही थी ताकि समुद्र के अंदर नौसेना की क्षमताओं में कमी को पूरा किया जा सके। भारत की योजना है कि वह भविष्य में छह ऐसे सबमरीन अपने बेड़े में शामिल करे। ये सबमरीन एडवांस टेक्नोलॉजी वेसल परियोजना के तहत बनाई जाएंगी जो कि अरिहंत वर्ग के तहत निर्माणाधीन पांच न्यूक्लियर सबमरीन से अलग हैं। कैबिनेट समिति द्वारा आज मंजूर किए गए अन्य प्रमुख सौदे के तहत अमेरिका की जनरल एटोमिक्स से 31 प्रीडेटर ड्रोन की खरीद भी शामिल है। यह सौदा विदेशी सैन्य बिक्री अनुबंध के तहत किया जा रहा है।

# चिराग के खिलाफ बीजेपी ने मांझी को किया आगे !

### बिहार में पारस के जरिए बनाया जा रहा नया 'पावर कॉरिडोर'

पटना (एजेंसी)। अंततः केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने एनडीए की राजनीति में जो पलीता लगाया था उसमें धमाका भी हो गया। और यह धमाका किया जमुई से लोजपा (आर) के सांसद और चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती ने। शह और मात की जो विसात केंद्रीय मंत्री जीतन राम ने बिछाई थी उसमे प्रारंभिक सफलता तो मिल गई। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बयान पर पलटवार करते जमुई सांसद अरुण भारती ने कहा कि पशुपति पारस में कोई गुण नहीं है। रामविलास पासवान के उद्देश्य, राजनीतिक



विरासत को चिराग ही आगे ले जा सकते हैं। देश में रामविलास के जाने से एक दलित नेता की जो कमी हुई है, उसकी भरपाई चिराग पासवान ही कर सकते हैं। जीतन राम मांझी के बयान का खंडन करते हुए सांसद अरुण भारती ने जीतन राम मांझी पर ही सवाल उठा दिया कि वो ऐसी बयानबाजी क्यों कर रहे हैं। दरअसल, बिहार में इन दिनों दलित राजनीति उफान पर है। और अभी देखे तो अलहदा रूप में दलित राजनीति के मुख्यतः दो प्लेटफार्म हैं। एक लोकजनशक्ति पार्टी और दूसरा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर। वर्तमान समय में लोजपा दो धड़ों में बंट गई है। चिराग के नेतृत्व में लोजपा (आर)और पशुपति पारस के नेतृत्व में लोजपा राष्ट्रीय ताल ठोक रही है। लोजपा के दो गुटों में बंटे रहने के कारण इनकी शक्ति का विभाजन होने की गुंजाइश भी है। ऐसे में जीतन राम मांझी का पशुपति पारस को रामविलास पासवान का राजनीतिक उत्तराधिकारी बताना एक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। चिराग और पशुपति के परिवार के बीच जो दरार है उसे और भी गहरा करना भी इस रणनीति का हिस्सा हो सकता है।

## सेना का जवान राइफल और मैगजीन के साथ गिरफ्तार

### ● हथियार चोरी के बाद से था फरार, 60 कारतूत भी बरामद

**खटीमा (एजेंसी)।** सेना का जवान इंसास राइफल, 60 कारतूस, चार मैगजीन के साथ उत्तराखंड के उधमसिंहनगर जिले के खटीमा में गिरफ्तार हुआ है। सेना के हथियार चोरी करने के बाद से जवान फरार चल रहा था। जवान के से पुलिस ने राइफल, कारतूस और मैगजीन समेत सारा सामान बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ असम में आर्म्स एक्ट और हथियार चोरी में मुकदमा दर्ज है। खटीमा पुलिस ने भी चोरी के सामान की बरामदगी का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया। पुलिस आरोपी को पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने का प्रयास कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद बनबसा राजपूत रेजीमेंट के अधिकारियों ने भी जवान से पूछताछ की। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि वर्ष 2020 में बनबसा से भर्ती हुए मूल उत्तराखंड के बनलेख नंदकुली चम्पावत हाल डिग्री कॉलेज रोड चम्पावत निवासी सूरज चंद्र जोशी बंगाल इंजीनियर का जवान है।

### एक सप्ताह के अंदर चुनाव के नए राउंड का ऐलान

# झारखंड और महाराष्ट्र संग 50 सीटों पर होगा उपचुनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर बात हो रही है। पीएम नरेंद्र मोदी समेत केंद्र सरकार इस पर जोर दे रही है और मंथन चल रहा है। लेकिन इस बीच देश चुनाव में ही बिजी है। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे मंगलवार को ही आए हैं और अब इलेक्शन के नए राउंड का ऐलान एक सप्ताह के अंदर हो सकता है।



अब तक मिली जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर तक कभी भी महाराष्ट्र से लेकर झारखंड तक विधानसभा चुनाव कराने का ऐलान हो सकता है। इसके साथ ही यूपी, बंगाल, असम और राजस्थान समेत देश की 50 सीटों पर उपचुनाव हो सकता है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर तक है। ऐसे में नई राज्य सरकार का गठन इससे पहले ही हो जाना चाहिए। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार ने अपील की है कि 15 नवंबर के बाद ही चुनाव का आयोजन हो। इसलिए क्योंकि 31 अक्टूबर को चुनाव है और फिर अगले कुछ दिन तक अन्य त्योहार हैं। यही नहीं देव दीपावली भी बड़े पैमाने पर मनाई जाती है। इसलिए 15 नवंबर के बाद ही चुनाव हो।

# हरियाणा सीएम का 12 अक्टूबर का शपथग्रहण टाला गया

### ● 2 विधायक-सांसद दिल्ली में डटे, किरण चौधरी बेटी समेत खट्टर से मिलीं, डिप्टी सीएम-मंत्रीपद की लॉबिंग

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के नए सीएम के तौर पर नायब सैनी 12 अक्टूबर को शपथ लेने वाले थे। पंचकूला के परेड ग्राउंड में शपथ के लिए तैयारियां भी शुरू हो चुकी थीं। भीड़ जुटाने के लिए सरकारी बसें तक मांग ली गई थी। हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे की वजह से इसे टाल दिया गया। अब शपथग्रहण 15 अक्टूबर तक कभी भी हो सकता है। शपथ से पहले चंडीगढ़ में बीजेपी विधायक दल की मीटिंग होगी। इस बैठक में दो केंद्रीय पर्यवेक्षक शामिल होंगे। वहीं सैनी अभी दिल्ली में ही हैं। जहां वे हरियाणा चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मीटिंग कर रहे हैं।



इसमें मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा हो सकती है। वहीं शपथग्रहण से पहले डिप्टी सीएम और मंत्रीपद के लिए लॉबिंग शुरू हो चुकी है। पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा और इसराना से चुनाव जीते राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने दिल्ली में डेरा डाल लिया है। ढांडा डिप्टी सीएम पद के लिए जोर लगा रहे हैं। भाजपा यहां 2 डिप्टी सीएम लगा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने रतन टाटा के निधन पर जताया शोक



**रांची**। पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा रतन टाटा के निधन पर शोक जताया है। मुंडा ने गुरुवार को कहा कि भारत के प्रख्यात उद्योगपति, 'पद्म विभूषण' रतन टाटा का निधन अत्यंत दुःखद है। वह एक असाधारण इंसान थे।उनका जाना उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका सम्पूर्ण जीवन देश के औद्योगिक और सामाजिक विकास को समर्पित था।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिजनों और प्रशंसकों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।ॐ शांति।

### लापता बच्ची सकुशल घर पहुंची



**रांची**। चुटिया थाना क्षेत्र के पावर हाउस रोड से बुधवार को लापता हुई चार साल की बच्ची सकुशल घर पहुंच गई है। बताया गया कि सिल्ली के एक युवक ने गुरुवार को उस बच्ची को उसके घर पहुंचाया। वह युवक बच्ची को अपने साथ सिल्ली लेकर चला गया था। उल्लेखनीय है कि शंभु साव बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे दुकान से कुछ सामान लेने गये थे। इसी दौरान बच्ची भी उनके पीछे-पीछे निकल गयी थी। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि बच्ची को एक युवक अपनी गोद में उठाकर ले जा रहा है। परिजनों ने चुटिया थाना की पुलिस को इस बात की सूचना देर शाम दी थी।इसके बाद पुलिस ने बच्ची की खोजबीन शुरू की थी। शंभु साव घटनास्थल के समीप स्थित सतीश पांडेय के मकान में किराये में रहते है।

### मुख्यमंत्री सोरेन ने रतन टाटा के निधन पर जताया शोक



**रांची**। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सोरेन ने रतन टाटा के असामयिक निधन पर राज्य में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने दुःख एवं संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि रतन टाटा देश के अनमोल रत्न थे। उन्होंने उद्योग जगत के साथ-साथ समाजसेवा एवं परोपकार के क्षेत्र में देश और दुनिया में अपनी अमिट छाप छोड़ी है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे एक सच्चे राष्ट्रवादी थे। उनका जीवन उपलब्धियों से भरा रहा है। रतन टाटा एक-एक देशवासियों के दिलों में राज करते थे। उनका निधन राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर इस पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

### कुख्यात अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार






**रांची**। लालपुर थाना पुलिस ने मोरहाबादी से एक कुख्यात अपराधी राजीव रंजन सिंह को गिरफ्तार किया है। वह लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह वर्तमान में अरगोडा थाना क्षेत्र के हरमू स्थित हाउसिंग कॉलोनी में किराये पर रहता था। इसके पास से एक देशी पिस्टल, छह जिन्दा गोली और दो एण्ड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि मोरहाबादी सब्जी बाजार के पास एक कुख्यात अपराधी किसी बड़े घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के आधार पर एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम के जरिये घटनास्थल पर पहुंच कर घेराबंदी करते हुए मोरहाबादी सब्जी बाजार के पास से एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार अपराधी का पूर्व में लूट, डकैती, हत्या, रंगदारी तथा आर्म्स एक्ट सहित कई अपराध में शामिल रहा है। इसके खिलाफ रांची जिले में 50 से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है। एसएसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में लालपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार सिंह, सत्यप्रकाश उपाध्याय,पंकज कु० शर्मा , किशोर कुमार मंडल, सुखेन्द्र कुमार प्रधान,अरूण गुलशन,अखिलेश राम सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### देश के अनमोल रत्न थे रतन टाटा : डा लंबोदर महतो

**रांची**। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव और विधायक डॉ लंबोदर महतो ने देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी रतन नवल टाटा के आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि सरल, विनम्र, मिलनसार, मृदुभाषी, परोपकार की भावना से भरे रतन नवल टाटा एक असाधारण व्यक्तित्व के स्वामी थे। रतन नवल टाटा के देश के अनमोल रत्न थे उन्होंने अपने अतुलनीय संकल्प, क्षमता और सक्रियता से देश के आर्थिक ढांचे को ठोस आकार दिया। उनकी शालीनता, स्पष्टवादिता, दूरदर्शिता एवं समाज के प्रति समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा। रतन नवल टाटा के प्रति सभी के मन में आदर एवं सम्मान था । वे कामयाबी और भरोसे के मिसाल थे। सच्चे देशभक्त थे। उनकी अनुशासित और संतुलित जीवन शैली थी। उनके निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

### नव चयनित 11 पीएलवी को विभिन्न थानों में किया गया प्रतिनियुक्त

**खूंटी** । नव चयनित 11 पीएलवी को जिले के सभी थानों में नियुक्ति कर दी गई है। जिले सभी थानों में एक-एक पीएलवी को नियुक्त किया गया है। डीएलएसए सचिव खूंटी ने पीएलवी को निर्देश दिया की थाने में आनेवाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और आवेदन लिखकर डीएलएसए कार्यालय में जमा करें। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित समाधान का हर संभव प्रयास किया जाना है। पीएलवी लोगों को आवेदन लिखने या अन्य कानून संबंधी जानकारी देकर उनकी सहायता करनी है। सभी तरह की सहायता निःशुल्क विधिक सहायता दी जाएगी। डीएलएसए की निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15100 का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जरूरतमंदों की सहायता करना और लोगों को सहायता पहुंचाना ही पीएलवी का प्रमुख कार्य है। बताया गया कि खूंटी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से न्याय के लिए संघर्षरत 14 पीड़ितों को 53 लाख रुपये की सहायता राशि दीग ई। राशि का आवंटन खूंटी जिला स्तरीय विक्टिम कंपनसेशन स्कीम' के तहत किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार ने कहा कि यह सहायता राशि पीड़ितों के पुनर्वास एवं बेहतर जीवन यापन के लिए दी गई है, ताकि वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके। डालसा खूंटी इन लोगों के लिए आगे भी अन्य तरह की सहायता के लिए प्रयासरत है। ज्ञात हो कि विक्टिम कंपनसेशन स्कीम बोर्ड खूंटी की बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष, जिले के उपायुक्त, जिले के पुलिस अधीक्षक, डालसा सचिव एवं लोक अभियोजक पदाधिकारी शामिल थे।

# संयम, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है नवरात्र का पर्व : डॉ. अंजना तिवारी






**रांची**। बड़ौदा विश्वविद्यालय की वरीय प्राध्यापक डॉ. अंजना तिवारी ने गुरुवार को कहा कि नवरात्र केवल धार्मिक या आध्यात्मिक पर्व नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी गहरा महत्त्व है। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पर्व संयम, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज को नैतिकता और सदाचार की दिशा में आगे बढ़ाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से, यह पर्व मनुष्य के शारीरिक और मानसिक संतुलन को बनाए रखने में सहायक होता है। डॉ. तिवारी ग्लोबल संस्कृत फोरम, झारखंड प्रांत और अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरु, लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय ई-संगोष्ठी नवरात्र का सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्त्व' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में ज़ूम प्लेटफार्म पर प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रही थीं। डॉ. तिवारी ने नवरात्र व्रत के सांस्कृतिक और वैज्ञानिक पक्षों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ऋतु परिवर्तन के इस समय नवरात्र का महत्त्व और भी अधिक हो जाता है, क्योंकि इस दौरान उपवास और सात्त्विक आहार से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मनोवैज्ञानिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि नवरात्र केवल एक धार्मिक अनुष्ठान न होकर नारी शक्ति के सम्मान और समाज में स्त्रियों के महत्त्व को दर्शाता है। देवी दुर्गा को नव शक्तियों का प्रतीक मानते हुए यह पर्व नारीत्व के आदर्शों को समाज में स्थापित करता है। डॉ. तिवारी ने नवरात्र को शुद्धता, संयम और सदाचार के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि नवरात्र का व्रत केवल व्यक्तिगत साधना तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह समाज में समरसता, सौहार्द और नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने वाला पर्व है। इस पर्व से समाज में सांस्कृतिक और नैतिक धरोहरों का संरक्षण और विकास होता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, डॉ. तिवारी ने नवरात्र के महत्त्व को ऋतु परिवर्तन के संदर्भ में समझाते हुए कहा कि इस समय मानव शरीर में शारीरिक और मानसिक बदलाव होते हैं। इस बदलाव के समय उपवास का विशेष महत्त्व होता है, क्योंकि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। सात्त्विक आहार से शरीर शुद्ध होता है और मानसिक शांति मिलती है, जिससे व्यक्ति स्वस्थ और उर्जावान रहता है। डॉ. तिवारी ने नवरात्र के दौरान किए जाने वाले विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का भी वैज्ञानिक विश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि नवरात्र के समय मंत्रोच्चारण, पूजा, ध्यान और आराधना जैसी गतिविधियों से मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ता मिलती है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह पर्व व्यक्ति को मानसिक संतुलन और शांति प्रदान करता है, जो उसके समग्र विकास में सहायक सिद्ध होता है। कार्यक्रम में ग्लोबल संस्कृत फोरम के राष्ट्रीय सचिव डॉ. राजेश कुमार मिश्र, झारखंड प्रांत के अध्यक्ष डॉ प्रकाश सिंह, अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सचिव इन्द्रजीत कुमार, ग्लोबल संस्कृत फोरम, झारखंड प्रांत के महासचिव डॉ. राणा प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार मिश्र और डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी ने किया, जिन्होंने अपने कुशल निर्देशन में इस संगोष्ठी को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

## राज्यपाल ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक जताया




**रांची**। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रख्यात उद्योगपति एवं समाजसेवी रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने महान एवं प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर अत्यंत दुःख व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। रतन टाटा ने उद्योग, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्रों में अपने दूरदर्शी और निस्वार्थ योगदान से देश को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व के कारण भारत ने न केवल व्यापारिक और उद्योग जगत में, बल्कि सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी विश्वस्तरीय पहचान बनाई। राज्यपाल ने कहा है कि रतन टाटा की विनम्रता और परोपकार की भावना सदियों तक प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। उनका निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। रतन टाटा का व्यक्तित्व और उनका निस्वार्थ समाज सेवा का दृष्टिकोण सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनके निधन से देश ने एक महान व्यक्तित्व और अनमोल रत्न खो दिया है। राज्यपाल ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि रतन टाटा के परिवारजनों और उनके अनगिनत प्रशंसकों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## दुर्गा पूजा के मद्देनजर रांची पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च






**रांची**। दुर्गा पूजा के मद्देनजर रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से रांची पुलिस ने गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सिटी डीसपी केवी रमण सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी फ्लैग मार्च में शामिल थे। फ्लैग मार्च अल्बर्ट एक्का चौक से डेली मार्केट होते हुए उर्दू लाइब्रेरी,एकरा मस्जिद, चर्च रोड, कर्बला चौक से वापस अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचकर फ्लैग मार्च समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने शांति और भाईचारे से पर्व त्यौहार मनाने का लोगों से अपील की। उल्लेखनीय है कि राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लगभग 2000 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। सुरक्षा में रेपिड एक्शन पुलिस(रैप), क्यूआरटी, इको, एसआइआरबी, जैप , जिला पुलिस और डंडा पार्टी को तैनात किया गया है। साथ ही विभिन्न इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरा से भी सुरक्षा पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके अलावा सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है।

## केंद्र से पैसा मांगने से पहले डीएमएफ़टी फण्ड का हिसाब सार्वजनिक करें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन : अजय साह



**रांची**। झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा केंद्र से एक लाख 36 हज़ार करोड़ रुपये की बकाया राशि मांगने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अजय साह ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री राज्य को प्रभावी ढंग से चलाने में असफल रहे हैं। उनके पास कोई भी ऐसी योजना नहीं है, जिसे उन्होंने पांच साल पहले शुरू की हो और जिसका लाभ अब राज्य की जनता को मिल रहा हो। वे केवल हाल के महीनों में जल्दबाजी में लागू की गई योजनाओं के आधार पर वोट मांग रहे हैं। अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में सोरेन अपनी विफलताओं का दोष केंद्र सरकार पर मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। साह ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा झारखंड को उसकी मांग से अधिक वित्तीय सहायता दी है। नितिन गडकरी ने भी सार्वजनिक रूप से कहा था कि केंद्र झारखंड को धन देने के लिए तैयार है लेकिन हेमंत सोरेन सरकार के अधिकारी सड़क बनाने के बजाय पैसे बनाने में अधिक दिलचस्पी ले रहे है। खनिज पर रॉयल्टी के सवाल पर मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी सरकार ने डीएमएफटी फंड का किस तरह उपयोग किया है। झारखंड के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल की रिपोर्ट बताती है कि हेमंत सरकार ने इस फंड का भारी दुरुपयोग किया है। इसे जनता के कल्याण के बजाय अधिकारियों और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं के व्यक्तिगत लाभ और सुख सुविधा के लिए खर्च किया गया है । राज्य सरकार के कुछ विभागों से पैसे फर्जी खातों में ट्रांसफर किए जाने की पुख्ता खबरें भी सामने आई हैं। क्या राज्य सरकार को पैसे इसी फर्जीवाड़ा के लिए चाहिए? केंद्र सरकार द्वारा राज्य को किसी भी प्रकार के फंड देने के लिए एक संवैधानिक प्रक्रिया होती है, और निस्संदेह झारखंड को उसका हक़ सही समय पर उचित प्रक्रिया से मिलेगा। जहां तक रॉयल्टी पर ब्याज की बात है तो यह ब्याज राज्य सरकार को कांग्रेस के पार्टी फण्ड से माँगना चाहिए, क्योंकि यह बकाया उसी वक़्त का है। साह ने कहा कि जिस बकाया राशि की बात मुख्यमंत्री कर रहे हैं, वह दशकों पुरानी है। यह रॉयल्टी-टैक्स का मामला 1989 से इंडिया सीमेंट बनाम तमिलनाडु सरकार के केस से संबंधित है और अभी भी कई मुद्दों की सुप्रीम कोर्ट से व्याख्या होनी बाकी है परंतु मुख्यमंत्री जनता को ग़लत आकड़ो से सिर्फ़ भ्रमित कर रहे है। हम यह जानना चाहते हैं कि जब शिबू सोरेन केंद्रीय कोयला मंत्री थे, तब उन्होंने इस राशि को वापस लाने के लिए कौन सी पहल की थी? क्या उन्होंने इस मुद्दे को कभी किसी कैबिनेट की बैठक में उठाया था? साह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला जुलाई 2024 में आया है जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इससे महीनों पहले ही क़ानूनी प्रक्रिया के तहत जेल जा चुके थे। ऐसे में यह कहना कि बकाया राशि मांगने पर उन्हें जेल भेजा गया, हास्यास्पद है। जहां तक भाजपा सांसदों का सवाल है तो भाजपा के सांसद ही थे, जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ मिलकर झारखंड को अलग राज्य बनाया था। भाजपा ने झारखंड को बनाया था और आगे भी भाजपा ही झारखंड का विकास करेगी। इसके विपरीत झारखंड बनने के सबसे बड़े दुश्मन लालू प्रसाद यादव के पास में आज हेमंत सरकार की मास्टर चाभी है ।

## रांची में दुर्गा पूज़ा में बारिश डाल सकती है खलल, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



**रांची**। राज्य में दुर्गापूजा की धूम मची हुई है। खासकर राजधानी रांची में बने कई पूजा पंडाल आकर्षक हैं लेकिन हर दिन हो रही बारिश ने पूजा के जोश पर पानी फेर दिया है। रांची समेत राज्यभर के पूजा पंडालों में बेलबरन के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। भव्य और आकर्षक पंडालों में विराजमान मां दुर्गा के दर्शन को देवी के भक्त भी उत्साहित हैं लेकिन खराब मौसम उनके उत्साह में खलल डाल रहा है।मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे कम 21 डिग्री सेल्सियस तापमान रांची में दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने अपने ताजा मौसम पूर्वानुमान में 12 अक्टूबर तक राज्य में बादल छाए रहने, आंधी-तूफान और बिजली गिरने के साथ ही कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। निदेशक ने बताया कि 12 अक्टूबर के बाद झारखंड में मौसम सामान्य और शुष्क रहने की संभावना है। वज्रपात और वज्रपात की आशंका को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। खराब मौसम और वज्रपात से बचने के लिए सुरक्षित स्थान पर शरण लेने के साथ ही वज्रपात के दौरान इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक उपकरणों का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई है।

## दुर्गा पूज़ा को लेकर पुलिस मुख्यालय अलर्ट, एडीजी अभियान लाठकर ने दिये कई निर्देश




**रांची**। झारखंड पुलिस मुख्यालय दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट है। पूजा के दौरान राज्य में किसी भी प्रकार की विधि व्यवस्था में समस्या उत्पन्न न हो, इसे लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। मुख्यालय से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार एडीजी अभियान ने जारी आदेश में कहा है कि सभी जिले के एसपी अपने अधीनस्थ सभी प्रकार के कार्यालयों में पदस्थापित और प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों (इंस्पेक्टर से सिपाही तक) को दुर्गापूजा पर्व के अवसर पर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए अपने-अपने जिला में मूर्ति विसर्जन तक सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ प्रतिनियुक्त करेंगे। साथ ही एडीजी ने कई अन्य दिशा-निर्देश भी दिये हैं। इसके अलावा जिलों में सामान्य ड्यूटी कर रहे पदाधिकारी और कर्मियों को भी दुर्गापूजा के अवसर पर सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही एडीजी अभियान ने कहा है कि दुर्गापूजा के अवसर पर सुरक्षा और विधि-व्यवस्था संधारण के लिए अपने-अपने जिलों से (कार्यालय कार्य और सामान्य ड्यूटी में) प्रतिनियुक्त किये पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की संख्या के संदर्भ में अविलंब पुलिस मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी परिस्थिति में पदाधिकारी और बलों को रिजर्व के रूप में न रखा जाए। अगर ऐसा पाया जाता है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

## रतन टाटा का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति : चंपाई सोरेन



**रांची**। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भारतीय उद्योग जगत की धुरी रतन टाटा का निधन ना सिर्फ उद्योग जगत, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है।उन्होंन गुरुवार को कहा कि मेरे सार्वजनिक जीवन की शुरुआत ही मजदूर आंदोलन से हुई थी, और अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूँ कि रतन टाटा बाकी उद्योगपतियों से बिल्कुल अलग थे। आज देश ने विनम्र, राष्ट्रवादी, दूरदर्शी एवं विकास के प्रति समर्पित एक संवेदनशील इंसान को खो दिया, जिनका दिल भारत के लिए धड़कता था। Nउन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में टाटा समूह स्टील उद्योग, ऑटोमोटिव और सूचना प्रौद्योगिकी समेत कई क्षेत्रों में दुनिया भर में कामयाबी के शिखर पर पहुंचा। दूसरी ओर, उनकी पहचान नवाचार को बढ़ावा देने वाले एक ऐसे शख्स की रही, जिन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा एवं सामाजिक विकास के लिए कई कदम उठाए। भारत के विकास गाथा के अग्रणी योद्धा को अंतिम विदाई देते समय दिल भर आया है। आप के सिद्धांत आने वाले समय में उद्योग जगत को मानवता एवं नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं से जुड़ने की राह दिखाते रहेंगे। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों एवं हर शोकाकुल व्यक्ति को यह दुःख सहने की शक्ति दें। भारत के अनमोल "रतन" को अंतिम जोहार !

## संक्षिप्त समाचार

### जयराम महतो ने विधानसभा चुनाव को लेकर जारी की 20 प्रत्याशियों की दूसरी सूची

**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा चुनावों को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने गुरुवार को 20 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी के केन्द्रीय सचिव नगेन्द्र कुमार के मुताबिक दूसरी सूची में मांडर - गुणाभगत, टुंडी मोतीलाल महतो, धनवार - राजेश रतन, कोडरमा - मनोज कुमार यादव, बरही - कृष्णा यादव, बर कटा - महेन्द्र मंडल, हजारीबाग - उदय महतो, डाल्टेनगंज - अंकित महतो, गोडा - परिमल ठाकुर, गाण्डेय, अकिल अस्तर रिजवान, धनबाद - सपन कु मोदक, खरसावा - पांडु राम, सिंदरी - उषादेवी और बोकारो - सरोज कुमारी का नाम शामिल है। इससे पहले पांच प्रत्याशियों की सूची जारी की गई थी। इसमें पार्टी प्रमुख जयराम महतो ने स्वयं डुमरी सीट से चुनाव लड़ने का एलान किया था।

### भूमि अधिग्रहण के बदले रैयतों के मुआवजा भुगतान में भेदभाव नहीं बरतें एनएचआई : दीपक तिवारी



**पलामू।** झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने गुरुवार को सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत चियांकी पंचायत का भ्रमण कर स्थानीय ग्रामीणों-रैयतों से मुलाकात की। चियांकी मौजा के रैयतों ने उनके समक्ष मुआवजा राशि का कम भुगतान किए जाने संबंधी समस्याएं रखीं। रैयतों ने अपनी-अपनी भूमि की रसीद एवं अन्य कागजातों को दिखाते हुए भूमि की प्रकृति-नेचर आवासीय होने के बावजूद कृषि दर से भुगतान की प्रक्रिया किए जाने की जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि भूमि की प्रकृति में बदलाव कर मुआवजा राशि कम दी जा रही है, जो बिल्कुल ग़लत है। श्री तिवारी ने रैयतों की समस्या को गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने पलामू प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ (एन.एच) के निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य में रैयतों की भूमि अधिग्रहण के बदले उन्हें मिलनी वाली मुआवजा राशि के भुगतान में भेदभाव व अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण प्रबंधन पर कड़ी नाराजगी जताते हुए गरीब विरोधी करार दिया। झामुमो नेता ने रैयतों को साथ देने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि भोगू से शंका तक एन.एच के निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य में भूमि अधिग्रहण के दौरान मुआवजा का आकलन गलत तरीके से नहीं किया जाए। मुआवजा भुगतान में एनएचआई अनियमितता एवं भेदभाव नहीं करें। इससे रैयतों को उनकी भूमि का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जो दुःखद है।

### शहर के पूजा पंडालों के खुले पट, मां दुर्गा के दर्शन को उमड़े भक्त



**दुमका।** नवरात्र के दौरान शहर समेत विभिन्न प्रखंडों में दुर्गा पूजा को लेकर भक्तिमय माहौल है। गुरुवार को महासप्तमी के अवसर पर पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल एवं मंदिर से ढाक, ढोल व मंजीरों के साथ कलशयात्रा निकाली गई। माता रानी के भक्ति में डूबे लोग नाचते गाते नजर आए। नवरात्र पर महासप्तमी के दिन शहर के धर्मस्थान मंदिर, दुर्गा स्थान, यज्ञ मैदान, शिवमंदिर चौक डंगालपाड़ा, कुम्हारपाड़ा, रसिकपुर, बाबुपाड़ा, न्यू बाबुपाड़ा, दुधानी, शिवपहाड़ मंदिर, करहलबिल, गिधनी पहाड़ी, बन्दरजोरी, लखिकुंडी समेत अन्य पूजा पंडाल भव्य रूप से सजावट हुई। शहर में पूजा पंडाल समेत पूरा शहर लाइटों की सजावट से जगमग हो उठा। शहर के बाबुपाड़ा पूजा पंडाल भव्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। पूजा पंडाल में मां दुर्गा का प्रतिमा का पट खुलने के बाद श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ पड़ी। मेला में बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चे झूला समेत बच्चों के रंग-बिरंगे खिलौने आदि का लुफ्त उठाते दिखे। हर साल के भांति इस वर्ष भी विजयादशमी को यज्ञ मैदान में रावण दहन एवं घड़ा उतार प्रतियोगिता के आयोजन कर दुर्गा पूजा सम्पन्न होगा। हालांकि इस बार पूजा की तिथियों को लेकर असमंजस की स्थिति है, लेकिन भक्ति में कहीं कोई कमी नजर आई। लोगों में मां दुर्गा के प्रति आस्था, विश्वास चरम पर नजर आया।

### दुर्गा पूजा को लेकर तोरपा में प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**खूंटी।** शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर तोरपा थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने गुरुवार को तोरपा में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने बताया कि अफवाह फैलाने और कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने वाले असामाजिक त्त्वों से कड़ाई से निपटा जायेगा।उन्होंने लोगों से अपील की जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करें और शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्योहार मनायें। थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने और अशांति पैदा करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

# मुठभेड़ में मारे गए दोनों नक्सलियों के शव को पुलिस ने किया बरामद

**चतरा।** चतरा पुलिस ने मुठभेड़ में मारे गए प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के दोनों नक्सलियों के शव को बरामद कर ली है। शव को बरामद करने के बाद पहचान कराई गई। उसके बाद पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजी गई है। गुरुवार को समाचार लिखे जाने तक सदर अस्पताल में मृत नक्सलियों के पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बुधवार की देर शाम प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ हो गई थी। मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गये थे। नक्सलियों के पास से दो अत्याधुनिक राइफल समेत अन्य असलहा भी बरामद किया गया था। हालांकि पुलिस बरामद हथियारों के बारें में अभी तक विस्तृत जानकारी नहीं दी है। मारे गए नक्सलियों में टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू और ईश्वर गंझू है। हरेंद्र गंझू



सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा गांव का रहने वाला है। जबकि ईश्वर गंझू कुंदा का है। सदर थाना क्षेत्र के गनियोतरी जंगल में टीपीसी के नक्सलियों के एकत्रित होने की सूचना के बाद एसडीपीओ संदीप सुमन व सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम नक्सलियों की टोह में गनियोतरी जंगल पहुंची थी। इसी दौरान नक्सलियों ने पुलिस को टारगेट करते हुए फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में टीएसपीसी नक्सली संगठन के सब जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू और एक अन्य नक्सली ईश्वर गंझू मारा गया। अन्य उग्रवादियों को भी गोली लगी



है। चतरा एसपी विकास पांडे की उपस्थिति में दोनों नक्सलियों की पहचान कराई गई। आतंक का पर्याय बन गया था सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू, सात फरवरी को मुठभेड़ में शहीद हुए थे दो जवान पुलिस मुठभेड़ में मारा गया टीपीसी का सब जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू पुलिस के चुनौती बन गया था। विगत सात फरवरी को सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू दस्ते के



साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हुई थी। पुलिस अफीम की खेती नष्ट करने गई थी। उस मुठभेड़ में चतरा पुलिस के दो जवान सिंकदर सिंह और सुकन राम शहीद हो गए थे। इस घटना के बाद से पुलिस लगातार हरेंद्र गंझू की टोह में जुटी थी। मुठभेड़ के बाद गुरूवार को भी पुलिस घटनास्थल व आसपास लगातार सर्च अभियान चला रही है।

# लोहरदगा में हर तरफ बह रही भक्ति की धारा



**लोहरदगा ।** लोहरदगा जिले में शारदीय नवरात्र के अवसर पर वातावरण भक्ति में हो गया है। श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना में लिन हैं।हर तरफ भक्ति की धारा बह रही है। आकर्षक विधूत्त सज्जा के साथ भव्य पंडालों का निर्माण किया गया है।पुरे शहर के साथ साथ गांवों को भी आकर्षक तरिके से सजाया गया है। पूजा पंडालों में भी लोगों की भीड़ उमड़ रही है।जिले में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं।जगह जगह डांडिया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।जगह जगह भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

# पूजा पंडालों में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया मां दुर्गा का दर्शन



**रामगढ़।** शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी का महत्व काफी अधिक है। शास्त्रों के अनुसार महाअष्टमी की पूजा कर श्रद्धालु पूरे नवरात्र का पुण्य एक साथ बटोर सकते हैं। पूजा पंडालों में महाअष्टमी के दिन आस्था का सैलाब उमड़ा। पूरे दिन श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन कर उनसे मन्नत मांगते रहे। सभी पूजन स्थलों पर श्रद्धालुओं ने माता का श्रृंगार का दान किया और अपने परिवार वालों के सुख समृद्धि की कामना की। रामगढ़ शहर के वैष्णो देवी मंदिर में पूरे दिन श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। सुभाष चौक पूजा पंडाल, थाना चौक पूजा पंडाल, चट्टी बाजार पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दिव्य दर्शन किए। बिजुलिया पूजा पंडाल में बंगाली पद्धति से किए गए पूजन को लोगों ने देखा और मां दुर्गा के अद्भुत रूप का दर्शन किया।

**मां दुर्गा की सबसे शक्तिशाली स्वरुप है महागौरी**–महाअष्टमी के दिन मां दुर्गा के सबसे शक्तिशाली स्वरूप महागौरी की पूजा की जाती है। इस दिन कन्या पूजन का भी विशेष



महत्व है। मान्यता है कि इस दिन कन्या पूजन करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। महाअष्टमी के दिन महिलाएं विधि-विधान से मां दुर्गा को खोइछा भरती हैं।

# खूंटी के पूजा पंडालों और मंदिरों में दिन भर उमड़ती रही माता रानी के भक्तों की भीड़

**खूंटी।** शारदीय नवरात्र के आठवें दिन जिला मुख्यालय खूंटी सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मंदिरों और पूजा पंडालों में गुरुवार को सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ माता दूर्गा के पूजन और दर्शन के लिए उमड़ती रही। नवरात्र कें आठवें दिन माता महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां भवानी से सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस बार शुक्रवार सुबह 6.53 में संधि-बली होने के कारण गुरुवार देर रात से विभिन्न पंडालों में महाअष्टमी की पूजन अर्चन का दौर शुरू हुआ। इस बीच गुरुवार शाम से रात तक विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित माता रानी के दर्शन एवं पूजा पंडालों के अवलोकन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। यूं तो जिला मुख्यालय खूंटी में कुल 11 स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित की जाती है। इनमें से कर्रा रोड स्थित चौधरी मंडप, मिश्रा टोली स्थित मिश्रा मंडप और मेन रोड स्थित हरि मंदिर में पारंपरिक पूजन अर्चन की धूम रहती है, जबकि अन्य पंडालों में पूजन अर्चन के साथ ही आधुनिक साज सज्जा विशेष आकर्षण का केंद्र होती है। इस बार भी नेताजी चौक, भगत सिंह चौक, दुर्गा मंदिर मिश्रा टोली, बाजारटांड़ एवं तोरपा रोड में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है, जो विशेष आकर्षण के केंद्र हैं। इसके साथ ही पूजा पंडालों के आसपास मुख्य सड़क के किनारे सुंदर एवं मनभावन विद्युत सज्जा की गई



है जो श्रद्धालुओं को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है। पूजा पंडालों में बज रहे भक्ति गीतों एवं भजनों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा है। त्योहार को लेकर महिला पुरुषों के साथ ही छोटे-छोटे बच्चों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। लोग नए-नए परिधानों में सुसज्जित होकर पंडालों के अवलोकन के लिए निकल रहे हैं।

**महाष्टमी को लेकर ऊहापोह की स्थिति**–इस बार नवरात्र में दो दिन अष्टमी होने के कारण पूजा को लेकर व्रतियों में ऊहापोह की स्थिति रही। कुछ जगहों पर महिलाओं ने गुरुवार को ही महाष्टमी की पूजा की, जबकि अधिकतर महिलाएं सप्तमी युक्त अष्टमी होने के कारण शुक्रवार को महा अष्टमी का व्रत करेंगी। पंडितों का कहना है कि सप्तमीयुक्त अष्टमी का व्रत करना शुभ नहीं होता। बताया गया कि महाष्टमी और महानवमी का व्रत शुक्रवार को किया जाएगा और महाष्टमी और महानवमी का पारण होगा।

# रामगढ़ में ट्रक ने चार बच्चियों को रौंदा, तीन की मौत, एक घायल

## मुर्रामकला में पसरा मातम, तीन बच्चियों की लाश देख फट गया कलेजा

**रामगढ़।** नवरात्रि के समय हर जगह मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। नारी शक्ति का इससे बड़ा पर्व नहीं मनाया जाता है। ऐसे महापर्व में गुरुवार को सड़क हादसे में तीन कन्याओं की जान चली गई। इस हादसे के बाद रामगढ़ थाना क्षेत्र के मुर्रामकला गांव में मातम पसर गया है। तीन छोटी बच्चियों की लाश देख हर किसी का कलेजा फट गया। लोगों की जुबान ऐसी बंधी की ढांढस बंधाने के लिए भी शब्द नहीं मिले। मुर्रामकला बस्ती के बालेश्वर महतो के पुत्री ममता कुमारी (15 ), सुखलाल महतो की पुत्री मनीषा कुमारी (14)और संतोषी देवी की पुत्री प्रतिमा कुमारी (12) की सड़क हादसे में जान चली गई। इस हादसे में विनोद महतो की 10 साल की पुत्री नैना कुमारी बाल बाल बची है। हालांकि उसका इलाज चिकित्सक कर रहे हैं और वह खतरे से बाहर है। **अनियंत्रित ट्रक ने बरपाया कहर, जान बचाने का नहीं मिला मौका**–राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर स्थित मुर्रामकला बस्ती में एक अनियंत्रित ट्रक ने कहर बारपाया है। जानकारी के अनुसार रांची की ओर से हजारीबाग की तरफ जा रहे चावल लदे ट्रक (यूपी 44 एटी 2365) का चुटूपालू घाटी में ब्रेक फेल हो गया। घाटी से उतरने के बाद अनियंत्रित ट्रक मौत बनकर



सड़क पर चल रही थी। सड़क के किनारे खड़ी कई गाड़ियों को उस ट्रक ने टक्कर मारी और फोरलेन से उतरकर लिंक रोड में घुस गया। इधर गांव की चार बच्चियां मनीषा, प्रतिमा, ममता और नैना देवी पूजन के लिए घर से निकली थीं । सड़क के किनारे वह गाड़ियों के पार होने का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान उन लोगों ने इस अनियंत्रित ट्रक को देखा। उन बच्चियों ने सड़क से भागने की भी कोशिश की, लेकिन पलक झपकते ही चावल लदा ट्रक उन बच्चियों पर पलट गया।

**मौके पर पहुंची पुलिस, सीओ ने दी सहायता राशि**–घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सुदीप एक्का और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने राहत बचाव कार्य शुरू किया और घायल बच्ची का



इलाज सदर अस्पताल में कराया। इस दौरान अंचल अधिकारी ने मृत बच्चियों के परिजनों को तत्काल 20000 की सहायता राशि दी है। साथ ही सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सरकारी प्रावधान के अनुसार 100000 अति शीघ्र देने का आश्वासन भी दिया है।

**संतोषी के भाग्य में ना पति था, ना पुत्री**–भाग्य ने सबसे अधिक नुकसान मुर्रामकला की संतोषी देवी का किया है। संतोषी देवी के पति की मौत पांच-छह साल पहले ही हो चुकी है। पति के निधन के बाद संतोषी ने अपना सहारा मायके में ढूंढा और वह मुर्रामकला आ गई थी। वह अपनी दो बेटियों के सहारे अपने भविष्य को संवारने की कोशिश कर रही थी, कि ईश्वर ने वह सपना भी तोड़ दिया। गुरुवार को उसकी 12 वर्षीय पुत्र प्रतिमा की सड़क हादसे में जान चली गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दो दोषियों को सात-सात वर्ष की सजा




**पलामू।** पलामू व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नंबर चार की अदालत ने गुरूवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपियों को धारा 376 डी, 363 एवं 4/8 पोक्सो एक्ट में सात-सात वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 25-25 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं जमा करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

सजा पाने वाले अभियुक्तों में जिले के पाटन थाना क्षेत्र के खाम्ही मोतियाखाला टोला निवासी संजय महतो पिता बंशी महतो एवं बसंत महतो पिता कृष्णा महतो शामिल हैं।

घटना 13 दिसंबर 2022 अहले सुबह की है। किशोरी शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। इसी क्रम में उपरोक्त अभियुक्तों ने उसे पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। कांड के बारे में भुक्तभोगी के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था, जिसमें अभियुक्तों पर नाबालिक लड़की के साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया गया था। पाटन थाना के पुलिस अवर निरीक्षक राकेश कुमार ने अनुसंधान करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया था।

# मां का पट खुलते ही भक्तों की आवाजाही शुरू, ढाक-बाज के साथ मां दुर्गे का हुआ स्वागत

**कोडरमा।** कोडरमा सहित जिले के विभिन्न इलाकों में विभिन्न पूजा समितियों में स्थापित मां दुर्गे के पट खोले गये। वहीं मां का पट खुलते ही आस्था का सागर देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु-पुरोहितों के साथ लोगों ने माता दुर्गा की आराधना शंखनाद के साथ की, ढाक बजाए गए, माता की आरती की गई, श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन रहे। कोडरमा के सब्जी मंडी, बोना काली, लोकाई, चाराडीह, चाराडीह, तिलैया बिशुनपुर रोड, अड़ी बंगला, बेलाटाड, मडुआटांड, डोमचांच, मरकच्चो आदि पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। लाइटिंग के तोरण द्वार के अलावा बिजली की सजावट पूजा पंडालों को आकर्षक बना रही हैं। वहीं मेले में लगने वाले



विभिन्न तरह के खिलौनों के अलावा खाद्य सामग्री एवं छोटे-छोटे झूले भी लगे हैं। गुरुवार को मां का अष्टमी स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। इधर घर-घर में एवं



मंदिरों में जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। इसके अलावा पूजा पंडालों में श्रद्धालु भक्त दर्शन कर रहे हैं। शहर के अलावा जिले में विभिन्न मंडलियों द्वारा भी भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें काफी संख्या में लोग जुट रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा सभी पूजा पंडालों में दंडाधिकारी, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# कस्तूरबा इंटर महिला कॉलेज से हटे शंकर चौधरी, डीईओ बनाई गई सचिव

## पूर्व विधायक नहीं करते थे अनुदान की राशि वितरित, होता रहता था बवाल

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के कस्तूरबा इंटर महिला कॉलेज में राजनीति पर पूर्ण विराम लग गया है। यहां शासी निकाय सचिव के पद से पूर्व विधायक शंकर चौधरी को हटाकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को पूर्ण शासी निकाय सचिव घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय झारखंड अधिविध परिषद के सचिव जयंत कुमार मिश्रा के पत्र के आधार पर लिया गया है। गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने इस मामले की जानकारी दी है। प्रशासन के इस निर्णय के बाद कस्तूरबा इंटर महिला कॉलेज में लगातार चल रहा विवाद और आंदोलन को खत्म हो जाएगा।

**20 महीने से नहीं मिला था शिक्षकों और कर्मियों को वेतन**–कस्तूरबा इंटर महिला महाविद्यालय के प्रबंधन एवं प्रशासन के लिए पूर्ण शासी निकाय का गठन किया गया था। परंतु उक्त महाविद्यालय के सचिव शंकर चौधरी के संबंध में पूर्व से ही कोई शिकायतें की जा रही




थी। महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक व कर्मियों को अनुदान की राशि एवं वेतन की चेक में हस्ताक्षर नहीं करने के कारण आए दिन मीडिया अथवा सोशल मीडिया में महाविद्यालय में तालाबंदी संबंधी समाचार प्रकाशित की जा रही है। साथ ही यह भी सूचना प्राप्त हुआ है कि महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मियों का 20 महीने से वेतन भुगतान नहीं किया गया है। ना ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त अनुदान की राशि का वितरण किया गया है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि महाविद्यालय के सचिव अपने दायित्व का निर्वहन करने तथा महाविद्यालय के सफल संचालन में असफल हैं। जिस पर सचिव झारखंड अधिविध परिषद जयंत कुमार मिश्रा जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर पूर्ण शासी निकाय का सचिव नियुक्त किया गया। ऐसी स्थिति में महाविद्यालय के शिक्षक-कर्मियों के वेतन आदि एवं अन्य कार्यों के निष्पादन हेतु तात्कालिक व्यवस्था के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम को पदभार सौंपा गया है। साथ ही संबंधित इंटर महिला महाविद्यालय के तात्कालिक व्यवस्था तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि विधिवत रूप से नए सचिव का चयन शासी निकाय द्वारा नहीं कर लिया जाता।

**तत्काल प्रभार लेकर समस्या का निदान करें डीईओ**–जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश है कि वह अभिलंब कस्तूरबा इंटर महिला महाविद्यालय रामगढ़ के सचिव का पद ग्रहण कर शासी निकाय की बैठक आयोजित करें। साथ ही महाविद्यालय के कार्यों का सुचारू रूप से निष्पादन सुनिश्चित करें। इसके अलावा भुगतान, शिक्षा व्यवस्था इत्यादि सभी समस्याओं का स्थाई समाधान निकाले।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

**पाकुड़** : उपायुक्त पाकुड़ मनीष कुमार एवं स्थानीय पुलिस अधीक्षक पाकुड़ प्रभात कुमार ने सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति रेलवे स्टेशन पाकुड़ के पूजा पंडाल का उद्घाटन किया।सर्वप्रथम आचार्य सजल चटर्जी शुभो सहाना के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा पाठ कराया गया जिसके बाद अतिथियों ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर पंडाल के अंदर प्रवेश कर गए एवं मां का दर्शन किया।मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद डीबीएल के डीजीएम पीके सिंह पत्थर व्यवसाय अकिबुल शेख सहायक अभियंता(बी)प्रभाकर पाठक यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा,स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेम्ब्रम, कार्यालय अधीक्षक संतोष कुमार, अखिलेश कुमार चौबे,संजय कुमार ओझा,विकास कुमार,हिसाबी राय



मौजूद रहे।

अतिथियों के द्वारा पंडाल उद्घाटन के साथ ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिए गए।

मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में कहा कि पाकुड़ जिले वासियों पर मां का आशीर्वाद सदैव बना रहे तथा जिलावासी खुशहाल रहे शांति से रहे एवं समृद्ध रहे।आगे उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाएं,किसी भी तरह अफवाह पर ध्यान नहीं दें। श्रद्धालुओं को कहीं भी किसी प्रकार की समस्या हो तो

♦ **मां दुर्गा से क्या सुख शांति और समृद्धि की कामना**

पुलिस की मदद ले स्थानीय पुलिस 100 टोल फ्री नंबर व प्रशासन जिला नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर 9262 998612 को सूचित करें। जिला प्रशासन आपके सहयोग में सदैव तत्पर है।

उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर राणा शुक्ला शैलदित्य मुखर्जी अनिकेत गोस्वामी सादेकुल आलम कलिम अन्सारी पिन्टूलाल पटेल दयाशंकर प्रसाद शिवम कुमार बमबम ओझा प्रशांत कुमार पी•के•मंडल आदि सहित रेलकर्मी एवं श्रद्धालु मौजूद थे।

# लागडुम चिरूडीह के ग्रामीणों ने रुपये चंदा एकत्रित करखराब रास्ता को किया मरमत



**पाकुड़िया** : पाकुड़ झारखंड पाकुड़िया प्रखंड के लागडुम पंचायत अंतर्गत लागडुम हटिया पुल से सड़क होते हुए से लेकर लागडुम ( चिरुडी) तक सड़क जर्जर था, वही ग्रामीणों ने बताया कि कई साल से हम लोग के गांव से बाहर जाने या आने के लिए केवल एक ही रास्ता है वो भी बहुत बुरी तरह से खराब हो चुका है । अगर इस सड़क से एक गंभीर बीमार व्यक्ति को बाहरी डॉक्टर के पास ले जाया जाए तो वह व्यक्ति रास्ता में ही अपना दम तोड़ देता है।और हम लोगों को और हम लोगों को उस व्यक्ति का केवल शव ही रास्ता से वापस ले आते हैं। हम लोग कई बार इस सड़क से या सड़क के दुर्घटना के बारे में हमारे प्रतिनिधि जैसे सांसद - विधायक एवं जिला के अधिकारी प्रखंड के अधिकारी को भी सूचित किए हैं। लेकिन इसका परिणाम अब तक वापस नहीं आया है। इससे साफ पता चल रहा है कि लागडुम ( चिरुडीह) के ग्रामवासी को सरकार की ओर से कोई भी सहायता नहीं मिल रहा है। इसीलिए तमाम लागडुम (चिरूडीह) के ग्रामवासी एक जुट हो कर गांव के प्रत्येक परिवार से कुछ रुपया चंदा करके हम लोगों का खराब रास्ता को मरमत कर ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं। इस कठिन मुश्किले से नियत पाने के लिए सरकार को ध्यान आकर्षित करना चाहिए। गाँव के कुछ लोग निकुलस हेंम्ब्रम, शंकर सोरेन ,बुद्धिनाथ मुर्मू ,जोनाथन हेंम्ब्रम ,मिकाईल सोरेन ,बैजनाथ मरांडी आदि द्वारा ग्रामीणों द्वारा ठिक कराया गया।

# फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत हुए बबूधन मुर्मू





**हिरणपुर** : पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू हिरणपुर प्रखंड के सिवलीडांगा में फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत हुए । मंच पर बाबूधन मुर्मू को माल्यार्पण कर उनका सम्मानित ,स्वागत किया गया । साथ ही छाता मेला का भी बाबूधन मुर्मू ने उद्घाटन किया ,और आदिवासी सांस्कृतिक नाच गान कार्यक्रम में बाबूधन मुर्मू ने ढोल बजाकर नृत्य करके सभी को मनोरंजन किए करीब तीन सौ के संख्या में महिला पुरुष सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया,भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों को परिचय कर कहा फुटबॉल खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है,शरीर का फिटनेस ठीक रहता है,फुटबॉल जगत से संथाल परगना के बहुत सारे खिलाड़ी नामी खिलाड़ी बन कर उभर गया है,राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए टीवी पर देखने को मिलता है,इससे गांव समाज में खिलाड़ियों का नाम चर्चित होता है,मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू द्वारा विजेता टीम को 60 हजार रुपए से पुरुष्कित किया गया, वही उप विजेता टीम को 50 हजार रुपए से सम्मानित किया गया,सेमी फाइनल में 7000 – 7000 हजार रुपए से सम्मानित किया गया,मौके पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश प्रसाद सिंह, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसटू सोरेन,संजय कुमार मंडल ,किसान मोर्चा अध्यक्ष,घाघरजनी पंचायत मुखिया नायका सोरेन,पूर्व हिरणपुर मंडल कोषाध्यक्ष मनोज साह,क्लब अध्यक्ष विजय टुडू, सचिव दानियेल टुडू, कोषाध्यक्ष सुनील टुडू, सदस्य राम किस्कू, जोगन टुडू, रूसिल हेमब्रम, ग्राम प्रधान मंडल टुडू, स्टीफन टुडू आदि उपस्थित हुए।

# दुर्गापूजा को लेकर जामबाद में निकाली गई भव्य कलश यात्रा





**हिरणपुर** : हिरणपुर प्रखंड के जामबाद गाँव में दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जामबाद के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे काफ़ी संख्या में कन्याओं ने बढ़ चढ़कर कलश यात्रा में शामिल हुए। नवरात्र के सातवाँ दिन,पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जहां मंदिर और प्रतिमा को खूबसूरत तरीके से सजाया गया. कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में कन्याओं ने भाग लिया।कलश यात्रा शोभा यात्रा शिव मंदिर से होते हुवे पुरे नगर का भर्मण करते हुए वापस श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा मंदिर जामबाद पर समापन हुआ. वहीं कमिटी के सदस्य भी शामिल थे. कलश यात्रा को लेकर युवाओं में काफ़ी जोश देखा गया.कलश यात्रा के दौरान सभी लोगो ने देवी माँ की जयकारा करते हुए नगर परिक्रमा किया। इसके बाद पूजा मंडप में पुरोहित के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ देवी माँ की पूजा अर्चना की गई। पूजा कमिटी के अध्यक्ष झरीलाल साहा एवं सचिव हरि शंकर साहा ने बताया कि कलश यात्रा के बाद पूजा प्रारम्भ की गई। दुर्गात्सव पूजा पंडाल में अन्य श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है।मौके पर राजकुमार साहा,मिथुन साहा, ओम प्रकाश साहा,माणिक भंडारी, कैलाश साहा ,प्रेमचंद साहा,दिवाकर साहा,भावेश साहा,नितेश साहा, राजा साहा सहित काफ़ी संख्या में दुर्गापूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे.

# डीसी ने ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का किया निरीक्षण



**पाकुड़** : विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय एवं अनुमंडल कार्यालय में ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर संचालित है। गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने ईवीएम मशीन में मॉक पोल भी किया। वहीं उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहन लाल मरांडी, अंचलाधिकारी पाकुड़ भागीरथ महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार एवं कर्मियों ने भी ईवीएम मशीन में मॉक पोल किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने उपस्थित

♦ **जिला प्रशासन ने मतदाताओं के बीच मतदान के डिजिटल सिस्टम के बारे में जागरूकता लाने के लिए ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर संचालित किया है**

अधिकारी, कर्मचारियों से कहा कि ईवीएम और वीवीपैट के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी देते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने समाहरणालय एवं अनुमंडल कार्यालय पहुंचने वाले आमलोगों से अपील करते हुए कहा कि ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र से ईवीएम, वीवीपैट और मतदान संबंधी जानकारी लेकर इसका लाभ उठाएं।

# महेशपुर प्रखंड स्थित चांदपुर गांव में अबुआ आवास एवं बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना का डीसी ने किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश



महेशपुर : उपायुक्त मनीष कुमार ने महेशपुर प्रखंड स्थित चांदपुर गांव में अबुआ आवास योजना के तहत बनाये जा रहे आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लाभुकों से आवास निर्माण में लगने वाली सामग्री एवं मिस्त्री की उपलब्धता के बारे जानकारी ली तथा आवासों को जल्द से जल्द पूरा करने एवं सरकारी मापदंड के अनुसार बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने अबुआ आवास के निर्माण में लोगो (सिम्बोल) लगाने की जानकारी लाभुकों एवं कर्मियों को दिया और कार्यों में तेजी लाने, समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने अबुआ आवास की तीसरी किश्त के बारे में जानकारी प्राप्त कर उचित दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने लाभुकों से वार्तालाप की और आवास का लाभ मिलने पर उनकी प्रतिक्रिया जानी।

इस पर लाभुकों ने अबुआ आवास के मिलने के संबंध में अपनी खुशी जाहिर की।

**बिरसा हरित ग्राम योजना का किया निरीक्षण**: इसके अलावा उपायुक्त श्री मनीष कुमार के द्वारा महेशपुर प्रखंड के चांदपुर गांव में मनरेगा के तहत क्रियान्वित की जा रही बिरसा हरित ग्राम योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 का चांदपुर ग्राम में लाभुक पौलुस किस्कू का बिरसा हरित ग्राम योजना में एक एकड़ में एवं सन्मति हेम्ब्रम का बिरसा हरित ग्राम योजना में आधा एकड़ का स्थल निरीक्षण किया गया जिसमें बिरसा हरित ग्राम योजना में पौधा लगा हुआ पाया गया।

साथ ही घेराबंदी एवं एच-टेका लगा हुआ पाया गया। प्राक्कलन के अनुरूप दिए गए निर्देश के अनुसार सीआईबी बोर्ड बड़ा बनाने का निर्देश दिया गया।

♦ **राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी योजना है अबुआ आवास योजना, इसे ससमय पूर्ण कराना सबकी जिम्मेदारी**

## त्यौहार को देखते हुए भारी वाहनों के अवगमन पर रोक लगाने के मांग भाजपाइयों ने अनुमंडल पदाधिकारी से किया



**पाकुड़** : भाजपा पाकुड़ जिला के जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल दुर्गा महोत्सव 2024 क्रम में श्रद्धालुओं के सुविधार्थ पाकुड़ नगर मार्ग पर बड़े वाहनों के परिचालन बंद रखने (No Entry) एवं विभिन्न परिस्थितियों के मद्देनजर विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु एक ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़ को सौंपा। इसके साथ ही पाकुड़ नगर के ट्राफिक एवं विभिन्न वाहनों के गति नियंत्रण के प्रति भी अनुमंडल पदाधिकारी का ध्यानाकृष्ट करते हुए शीघ्र उचित समाधान का आश्वासन प्राप्त किया गया। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष अमित पांडे के साथ जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, नगर अध्यक्ष सोहन मंडल युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रतन भगत युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष जीतू सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष भास्कर पांडेय एवं पंकज साहा पवन भगत एवं जिला मीडिया प्रभारी बिक्रम कुमार मिश्रा के अलावे अन्य सम्मानित कार्यकर्ता साथ उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने महेशपुर विधानसभा अंतर्गत क्रिटिकल मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**महेशपुर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पोलिंग बूथों पर बिजली-पानी, शौचालय और दिव्यांगजनों के लिए रैम्प आदि की व्यवस्था होना आवश्यक है। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदाता को अपने मत का प्रयोग करने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करनी चाहिए ताकि चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाया जा सके।

**इसके अलावा उपायुक्त ने किया अंतरराज्यीय चेकपोस्ट का निरीक्षण**: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने पश्चिम बंगाल के बॉर्डर सोनारपाड़ा चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहन जांच पंजी की जांच की। कहा कि सभी वाहनों की जांच करें, अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्त कर जिला प्रशासन को सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। इसके अलावा



विधि व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को भी जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कहा कि किसी भी तरह की सूचना प्राप्त होने पर अविलंब वरीय पदाधिकारी को सूचित कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ यादव, अंचलाधिकारी संजय सिन्हा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार भी मौजूद थे।

# सदर अस्पताल पाकुड़ में मनाया गया विश्व मानसिकता स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम

**पाकुड़** : झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में पाकुड़ सदर अस्पताल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सचिव अजय कुमार गुड़िया ने कहा कि हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसका




उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूक करना और मानसिक बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करना, मोबाइल में गेम खेलना, मोबाइल के लत लगना मानसिकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है साथ ही डिप्रेशन, चिंता, खुद को नुकसान पहुंचाना, शराब भांग तंबाकू का दुरुपयोग करने से कंप्यूटर, इंटरनेट की अधिक उपयोग ,नींद की समस्या मनोवैज्ञानिक समस्याएं मानसिक बीमार की ओर ले जाता है। इससे बचाव के संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी लोगों को दी गई। एक व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य एक स्वस्थ समाज और राष्ट्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डिस्ट्रिक्ट डाटा मैनेजर प्रताप कुमार एवं जिला प्रोग्राम असिस्टेंट समीर खा ने विश्व मानसिकता स्वास्थ्य दिवस पर कहा कि इस वर्ष, 2024, विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम " कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य " है, सुरक्षित, स्वस्थ कार्य वातावरण मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक सुरक्षात्मक कारक के रूप में कार्य कर सकता है साथ ही जिला स्वास्थ्य समिति पाकुड़ के द्वारा जागरूकता पर्ची जैसे बच्चों से जुड़े मानसिक स्वास्थ्य और धारणाएं, टेली मानसिक स्वास्थ्य सेवा टोल फ्री नंबर 14416 या 1800-89-14416 साथ ही स्वास्थ संबंधित किसी भी जानकारी शिकायत हेतु राज्य हेल्पलाइन नंबर 104 टोल फ्री पर कॉल करने बचाव अथवा उपचार से संबंधित जागरूक पर्ची बांटी गई। मौके पर सदर अस्पताल के कर्मी गण जे जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के पीएलवी कमला राय गांगुली, उत्पल मंडल एवं नीरज कुमार राउत उपस्थित रहे।

### नालंदा में दुबई का शिव मंदिर

# पटना के संपतचक में बिहार का सबसे ऊंचा पंडाल, गया-भागलपुर में तिरुपति की झलक





**पटना ,एजेंसी।** नवरात्रि के 7वें दिन बुधवार की शाम बिहार में तकरीबन सभी पूजा पंडाल के पट खोल दिए गए। श्रद्धालुओं की भीड़ देवी मां के दर्शन को उमड़ पड़ी। सभी पंडाल रंग बिरंगी रोशनी से नहाए हुए हैं। मंदिरों के बाहर मेले लगे हैं। इस बार पटना के संपतचक में बिहार का सबसे ऊंचा पंडाल बनाया गया है। ये 151 फीट ऊंचा और 80 फीट चौड़ा है। यह पंडाल बेगूसराय के बड़की माता मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है। वहीं, दरभंगा में आगरा का किला बनाया गया है। इसमें 30 लाख रुपए खर्च हुए हैं। पंडाल में एसी भी लगा है। गया, भागलपुर में तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाए गए हैं। मुजफ्फरपुर. बेगूसराय में केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर पंडाल को सजाया गया है। नालंदा में 72 फीट ऊंचे पंडाल में दुबई के शिव मंदिर की झलक दिखाई गई है। पटना शहर के भव्य पंडालों में से एक संपतचक बाजार में बना पंडाल है। इस पंडाल को पूरे डेढ़ महीने में जामताड़ा (झारखंड) के 15 कारीगरों ने बनाया है। इस पंडाल की भव्यता और सुंदरता लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। पूरे पंडाल को एशिया के बड़े मंदिरों में से एक बेगूसराय के बिहट में स्थित सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है। दावा किया जाता है कि माता का इससे ऊंचा मंदिर पूरे एशिया में नहीं है। कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि पंडाल बनाने की लागत 30 से 35 लाख रुपए तक है।

### साल 1971 से हो रही है पूजा

मुख्य आयोजक सदस्यों में शामिल मुकेश कुमार ने बताया कि जब यहां कुछ नहीं था, सिर्फ गांव हुआ करता था। तब से हमारे पूर्वज यहां पंडाल बनाकर मां की प्रतिमा स्थापित करके पूजा करते आ रहे हैं। वर्ष 1971 से यह परंपरा चलती आ रही है। पिछले 9 वर्षों से पूर्वजों की परंपरा को हम लोग आगे बढ़ा रहे हैं। 40 से 50 गांव के लोग यहां पहुंचते हैं।

### गया में तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर बना पंडाल

गया शहर में केदारनाथ मार्केट परिसर में तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर 100 फीट ऊंचा भव्य पंडाल बनाया गया है। खास बात यह कि तिरुपति बालाजी के मंदिर में जितने भी भगवान की प्रतिमा है, सभी यहां भी स्थापित किए गए हैं। प्रतिमा और पंडाल में अब तक 15 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। मां की प्रतिमा पर अखरोट और काजू की माला पहनाई गई है। दिल्ली और कोलकाता के 200 कारीगरों द्वारा तैयार प्रतिमा व पंडाल बनाए गए हैं। पंडाल में लगे लाइट की हर एक घंटे बाद रंग बदल जाती है। पंडाल में दो प्रवेश और 4 निकास द्वार बनाए गए हैं।

### भागलपुर में आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के तर्ज पर बना पंडाल

भागलपुर में मारवाड़ी पाठशाला स्थित आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। युवक संघ के सचिव वावन दा ने बताया कि लगभग चार लाख रुपए की लगता से पंडाल तैयार किया गया है। इसकी चौड़ाई करीब 60 फीट और ऊंचाई भी इतनी ही है। पंडाल बनाने के लिए सभी कारीगर बंगाल से आए हैं। पंडाल परिसर में 24 सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। पंडाल के अंदर एक साथ करीब सैकड़ों लोग प्रवेश कर सकते हैं। इस पंडाल को 25 दिन में तैयार किया गया है।

**मुजफ्फरपुर में 13 लाख रुपए में बना पंडाल :** मुजफ्फरपुर के अखाराघाट पुल के पास केदार नाथ मंदिर के तर्ज पर दुर्गा पूजा पंडाल बनाया गया है। जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां पर मां दुर्गा की 18 फीट की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा पंडाल के व्यवस्थापक रंजन कुमार तिवारी ने बताया कि इस पंडाल को बनाने में लगभग 13 लाख रुपए खर्च हुए हैं। स्थानीय कारीगरों द्वारा इसे बनाया गया है। पूजा पंडाल में एक साथ 2 हजार लोग प्रवेश कर सकते हैं। सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में पूजा समित के सदस्य तैनात हैं। इसके अलावा पुलिस के जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई है। पूजा पंडाल ने 6 सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है।

### दरभंगा में 30 लाख रुपए का पंडाल

दरभंगा में गेहूमी कोठिया बाजार समिति की ओर से 5 अलग-अलग थीम पर आधारित भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। इसे 30 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाया गया है। इस पंडाल को बंगाल और मुजफ्फरपुर के कारीगरों ने बनाया है। पंडाल का बाहरी स्वरूप आगरा के किले का है। इसके बाद भूत-बंगला, मिथिला पेंटिंग, फिर भूल-भुलैया और अंत में बंगाल के थीम पर वातानुकूल स्वर्ग लोक बनाया गया है। पंडाल के सबसे अंत में माता की प्रतिमा के दर्शन होते हैं। पूजा समिति के चंदा प्रभारी अनिल कुमार महतो ने बताया कि मुख्य पंडाल में एसी लगाया गया है। इस पंडाल को 500 स्क्वायर मीटर में तैयार किया गया है। यहां वर्ष 1977 से वैष्णवी पद्धति से देवी की पूजा की जाती है।

**नालंदा में 72 फीट ऊंचे पंडाल में दुबई के शिव मंदिर की भव्यता :** नालंदा में श्रद्धालुओं को एक अनूठा आध्यात्मिक अनुभव मिल रहा है। नाला रोड पर 72 फीट ऊंचा भव्य पंडाल दुबई के प्रसिद्ध शिव मंदिर के रूप में तैयार किया गया है। इस अद्भुत रचना को साकार करने में लगभग 12 कुशल कारीगर पिछले एक माह से दिन-रात जुटे हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दीप जलाने के लिये युवतियों और महिलाओं में मची होड़

**भागलपुर,एजेंसी।** शारदीय नवरात्र जैसे-जैसे परवान चढ़ रही है। विभिन्न दुर्गा मंदिरों में संध्या के समय युवतियों और महिला श्रद्धालुओं में दीप जलाने की होड़ मची हुई है। नवगछिया के तेतरी, सैदपुर, रंगरा, तिनटंगा करारी, बिंद टोली, बुद्धूचक, सुकटिया बाजार, गोपालपुर, डिमाहा व बोचाही, खरीक सहित दर्जनों गांवों से निजी वाहनों व पैदल कलश स्थापन की संध्या से ही दीप जलाने हेतु बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पुलिस के जवानों के साथ पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगे हैं। स्वामी आगमानंद महाराज के कृपा पात्र पंडित प्रेम शंकर भारती के संगीतमय भागवत कथा से मंदिर परिसर गुंजमान हो रहा है।

### 709 लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई

**भागलपुर,एजेंसी।** पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में स्थित सभी थानों में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 709 लोगों के विरुद्ध भारती नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत धारा 126 के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें पीरपैंती थाना में 313 लोग, इशीपुर थाना में 116 लोग, बाखरपुर थाना में 180 लोग तथा एकचारी थाना में 100 लोग भी शामिल हैं। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

### वारंटी सहित चार गये जेल

**गया,एजेंसी।** डोभी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पुलिस ने वारंटी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गंभरिया गांव से विक्रम पासवान, दीपक पासवान, उमेश पासवान एक मामले के वारंटी थे, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर, एक अन्य मामले में जोलहबिगहा गांव के पर्वतीया देवी को भी पकड़ा गया।

### 52 लीटर बीयर के साथ तीन गिरफ्तार

**गया,एजेंसी।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर मोड़ के समीप से पुलिस ने 52 लीटर बीयर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि फतेहपुर आरगा गांव के शंकर कुमार, परवडीह गांव के विक्रम कुमार, टनकुप्पा थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव के रोशन कुमार को बीयर के साथ गिरफ्तार किया गया। बाद में आवश्यक पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

### अन्तरमहाविद्यालय योग प्रतियोगिता अब 24 से

**छपरा,एजेंसी।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय अन्तरमहाविद्यालय योग प्रतियोगिता अब 24 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा निदेशक डॉ राजेश नायक ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले यह प्रतियोगिता 10 अक्टूबर से छपरा के पीसी विज्ञान महाविद्यालय में होनी थी लेकिन अपरिहार्य कारणवश प्रतियोगिता को तत्काल के लिए स्थगित कर दिया गया है और अब 24 अक्टूबर से यह प्रतियोगिता पीसी विज्ञान कॉलेज में ही आयोजित होगी।

### ग्रामीणों ने डीजे सिस्टम का किया विरोध

**दरभंगा ,एजेंसी।** नगर पंचायत भरवाड़ा में बुधवार को ग्रामीणों ने कर्कश आवाज वाले डीजे सिस्टम का विरोध किया। बिना डीजे के ही मनोरम झांकी एवं जयकारे के साथ बेलनौती जुलूस धूमधाम से निकाला गया। मौके पर सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष शंभू ठाकुर, मुख्य पार्षद सुनील भारती आदि गणमान्य लोगों ने बताया कि डीजे की कर्कश आवाज से ध्वनि प्रदूषण होता है।

### फॉर्मल ड्रेस पहने टीचर्स ; डीजे और नाच-गाने पर भी बैन

# सरकारी स्कूल में जींस-टीशर्ट पहनने पर रोक : शिक्षा विभाग का निर्देश

**पटना ,एजेंसी।** शिक्षा विभाग ने बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के जींस-टी-शर्ट पहनने पर रोक लगा दी है। विभाग के निर्देशानुसार अब सरकारी स्कूलों में शिक्षक फॉर्मल ड्रेस में आएंगे। इसके अलावा सरकारी स्कूलों में डीजे, डांस, गाना गाने और रील बनाने पर भी रोक लगाई गई है। इसके लिए शिक्षा विभाग के डायरेक्टर सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने सभी जिलों के शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है।

सुबोध कुमार चौधरी ने सभी शिक्षकों को निर्देश जारी करते हुए लिखा कि सोशल मीडिया फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर शिक्षकों के डांस करते हुए कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। डीजे, डिस्को समेत अन्य लो लेवल की गतिविधियां स्कूलों में देखी जा रही है। स्कूल में इस तरह का व्यवहार शैक्षणिक माहौल को गलत तरीके से प्रभावित करता है। ऐसे में इसे कहीं से स्वीकार नहीं किया




जा सकता है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। हालांकि, शिक्षा विभाग ने ये स्पष्ट कर दिया कि सिर्फ शिक्षा कैलेंडर के मुताबिक, विशेष दिनों में ही डांस म्यूजिक आदि का डिसिप्लिन और शालीन तरीके से किया गया कार्यक्रम ही मान्य होगा।

### अब फॉर्मल में स्कूल आएंगे शिक्षक

शिक्षा विभाग के आदेश में आगे कहा गया है कि स्कूलों में शिक्षक और कर्मचारी कैजुअल ड्रेस में स्कूल पहुंच रहे हैं। यह भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने लेटर में साफ कह दिया है कि स्कूलों में शिक्षक टी-शर्ट और जींस में नहीं आएंगे, बल्कि फॉर्मल ड्रेस में स्कूल आएंगे। टी-शर्ट और जींस को बैन किया गया है। निर्देश का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।

आदेश में कहा गया है कि शिक्षक और कर्मचारी को इससे पहले भी निर्देश दिए गए थे। पुराने पत्र का जिक्र करते हुए कहा गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन संख्या 394 दिनांक 28 अगस्त 2019 के मुताबिक स्कूलों में व्यवहार करना होगा।

### केके पाठक ने शिक्षा विभाग के कार्यालय में टी-शर्ट और जींस पर लगाई थी पाबंदी

बता दें कि इससे पहले केके पाठक ने शिक्षा विभाग ने अपने कार्यालय में जींस और टी-शर्ट पहनकर आने पर रोक लगा दी थी। इसके लिए बकायदा विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के मुताबिक, शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारियों को अब फॉर्मल ड्रेस में ऑफिस आने के निर्देश दिए गए थे।

## मांझी के बयान पर बोले लोजपा सांसद सिर्फ चिराग ही रामविलास के उत्तराधिकारी



**पटना,एजेंसी।** लोजपा (रामविलास) के सांसद अरूण भारती ने कहा है कि केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा पशुपति कुमार पारस को लेकर दिये गये बयान को उनकी पार्टी खारिज करती है। बुधवार को पार्टी दफ्तर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ रिश्तेदार होना ही उतराधिकारी होने का पैमाना नहीं होता। पशुपति पारस को मौका मिला था, पर स्वार्थवश उन्होंने पार्टी और परिवार को तोड़ा दिया। स्व. रामविलास पासवान के उतराधिकारी सिर्फ चिराग पासवान हैं। स्व. रामविलास पासवान जी ने अपने रहते हुए चिराग पासवान को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना था। आपको बता दें कि अभी हाल ही में जीतन राम मांझी ने मीडिया से बातचीत में कहा ता कि रामविलास पासवान की रिक्ति को पशुपति पारस ही भर सकते हैं। जीतन राम मांझी दिल्ली में स्वर्गीय रामविलास पासवान की पुण्यतिथि में शामिल हुए थे। यहां रामविलास पासवान को श्रद्धांजलि देने के बाद जीतन राम मांझी ने कहा था कि रामविलास पासवान ने दलितों के लिए राजनीति की थी। उनके जाने के बाद इस कार्यक्रम में शून्यता आ गई है। पशुपति पारस के बारे में जीतन राम मांझी ने कहा था, %रामविलास पासवान तो चले गए लेकिन पशुपति पारस उनके स्वरूप हैं। पारस बाबू से रामविलास पासवान की जो रिक्ति है शायद उसे पूरा किया जा सके।

### पीएम श्री योजना के लिए चुने गए बिहार के 200 से ज्यादा स्कूल, पटना से कितने विद्यालय का चयन



**पटना ,एजेंसी।** पीएम श्री योजना के तहत दूसरे चरण में बिहार के 273 विद्यालयों का अंतिम रूप से चयन किया गया है। इनमें पटना जिले के छह स्कूल शामिल है। यह स्कूल पटना जिले के विभिन्न प्रखंडों के हैं। इनमें बख्तियारपुर, दानापुर, खुशरूपुर, मसौढ़ी, पटना सदर और पालीगंज के स्कूल शामिल हैं। अब इस योजना के तहत इन स्कूलों का कायाकल्प किया जाएगा। स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। आधारभूत संरचना सुदृढ़ की जाएगी। डिजिटल क्लासरूम और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। मालूम हो कि पीएम श्री योजना के दूसरे चरण के लिए राज्यभर के 17046 विद्यालयों को प्रथम रूप से शॉर्टलिस्ट किया गया था। राज्यभर के सभी जिले से स्कूलों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। इस बाबत बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा था। आवेदन के बाद जिला स्तर और राज्य स्तर पर स्कूलों का चयन किया गया। राज्य स्तर पर चयनित स्कूलों का अंतिम रूप से चयन के लिए मंत्रालय भेजा गया। इन स्कूलों का अंतिम रूप से चयन भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की ओर से किया गया है।

### विसर्जन से पहले मिलता है पुरस्कार

**समस्तीपुर ,एजेंसी।** समस्तीपुर शहर के बहादुरपुर स्थित दुर्गा बारी में पिछले 91 सालों से बंगाली समाज के लोग बंगाली संस्कृति के अनुसार दुर्गा माता की आराधना करते हैं। इस पूजा की खासियत यह होती है कि पूजा का तो लोग आनंद लेते ही हैं, साथ ही बंगाली बच्चों के बीच शैक्षणिक कार्यक्रम भी चलाया जाता है। इसके तहत 3 दिनों तक चित्रकला, शंख वादन, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। दसवीं के दिन इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को विसर्जन से पहले उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। दुर्गा बारी बंगाली हिंदू थीएट्रिकल कल्चरल ट्रस्ट के सचिव राणा सरकार ने बताया कि यहां बंगाली संस्कृति और विधि विधान के अनुसार माता की आराधना की जाती है।

## बंगाली संस्कृति से 91 सालों से मां की आराधना समस्तीपुर में बच्चों के बीच कार्यक्रम का आयोजन



हर साल षष्टि की रात में ही माता का पाठ दर्शन के लिए खोल दिया जाता है। पूजा के दौरान चित्रकला के अलावा शंख वादन, डांडिया, नृत्य, जलेबी रेस प्रतियोगिता, फोक डांस मेंहदी प्रतियोगिता बच्चों के बीच मैजिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को दसवीं के दिन विसर्जन से पूर्व उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। नाटक का भी मंचन किया जाता है। इस बार पुरुलिया की टीम नृत्य प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आ रहे हैं।

### कम खर्चे में पूजा करने की होती है कोशिश

बताया गया है कि दुर्गाबाड़ी में काम से कम खर्चे में पूजा करने का प्रचलन रहा है। इस बार भी 4 से 5 लाख रुपए में पूजा का आयोजन किया जा रहा है। नवमीं के दिन भोग का वितरण होगा।

### पूजा के दौरान ढाक होता है आकर्षण का केंद्र

पूजा समिति प्रत्येक साल बंगाल से ढाक वादन के लिए कलाकारों को बुलाती है, जो पूजा के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहता है। इस साल भी दो ढाक वादक को बुलाया गया है।

# खराब मीटर, बिल गलत होने पर सीजीआरएफ में करें शिकायत

**न तो वकील की जरूरत है, न फीस लगेगी, खुद ही बहस करने की छूट**



**पटना ,एजेंसी।** बिजली से जुड़ी समस्या है, समाधान नहीं हो रहा । स्थानीय अधिकारी सुन नहीं रहे हैं तो सीधे उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ) में आवेदन कर दीजिए। यहां अपील के लिए न तो वकील की जरूरत है, न फीस लगेगी। खुद ही बहस करने की छूट भी है। नया इंतजाम यह है कि अब सीजीआरएफ ऑफिस नहीं, अपने डिविजन के सुविधा केंद्र पर भी शिकायती पत्र जमा करने की व्यवस्था हो गई है। राज्य के 20 शहरों में उपभोक्ता निवारण फोरम (सीजीआरएफ) गठित है। यहां ऑन लाइन, ऑफ लाइन आवेदन देने की सुविधा है।

### फैसले से संतुष्ट नहीं है तो क्या करें

सीजीआरएफ के फैसले से उपभोक्ता संतुष्ट नहीं हैं तो बिजली कंपनी मुख्यालय स्थिति ऑम्बड्समैन (विद्युत लोकपाल) के यहां अपील करना होगा। यहां भी कोई फीस और वकील की जरूरत नहीं हैं। सुनवाई के बाद ऑम्बड्समैन द्वारा फैसला सुनाएंगे। इस फैसले से भी संतुष्ट नहीं है तो सीधे हाईकोर्ट जा सकते है।

### आदेश का पालन न हुआ तो क्या करें

यदि सीजीआरएफ ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया है। बिजली कंपनी के अधिकारियों के उसका अनुपालन नहीं कर रहे हैं तो विद्युत विनियामक आयोग में आवेदन दें। यहां फिर सुनवाई होगी। फैसला सुनाया जाएगा। आयोग, सीजीआरएफ का फैसला नहीं मानने पर बिजली कंपनी के अधिकारी के खिलाफ 1 लाख रुपए तक का जुर्माना भी कर सकता है।

### क्या है नई व्यवस्था

बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कंपनी को डिविजन में स्थापित सुविधा केंद्र पर सीजीआरएफ के नाम से आने वाले आवेदनों को रिसीव करने का आदेश दिया है। ताकि, उपभोक्ताओं को आवेदन देने के लिए बिजली कंपनी के सर्किल मुख्यालय जाना नहीं पड़े। केस एडमिट करने के बाद दोनों पक्षों को नोटिस जाएगा। बिजली कंपनी के अधिकारी और उपभोक्ता फोरम के समक्ष पक्ष रखेंगे। सीजीआरएफ में केस एडमिट होने के बाद समाधान के लिए विद्युत कार्यपालक अभियंता को पत्र जाएगा। कार्यपालक अभियंता 7 दिन में जवाब देना होगा। जवाब नहीं आने की स्थिति सीजीआरएफ दोनों पक्षों को नोटिस भेजेगा। सुनवाई की तय तारीख और समय उपभोक्ता अपना पक्ष स्वयं रखेंगे। बुजुर्ग होने की स्थिति में बच्चे भी पक्ष रख सकते हैं।

### 20 जगहों पर कार्यालय

20 जगहों पर उपभोक्ता निवारण फोरम बनाया गया है। यहां की जाने वाली शिकायतों के आवेदन अब डिविजन ऑफिस में लिए जाएंगे।

## मधुमक्खी पालन में किसानों को 75 प्रतिशत तक अनुदान:हर लाभार्थी को मिलेंगे 20 से 50 बॉक्स और छत्ते

**नालंदा ,एजेंसी।** राज्य सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि शहद उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। नालंदा उद्योग विभाग के सहायक निदेशक राशेक कुमार ने बताया कि मधुमक्खी पालन बेहद ही फायदे वाला रोजगार है। प्रशिक्षण ले चुके किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग के किसानों को 75 प्रतिशत और अनुसूचित वर्ग के किसानों को 90 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा।

### योजना की मुख्य विशेषताएं

- प्रति यूनिट (बक्सा व छत्ता) लागत 4,000 रुपए निर्धारित।
- जिले में 1500 मधुमक्खी पालन इकाइयों का लक्ष्य।
- प्रत्येक लाभार्थी को 20 से 50 मधुमक्खी बॉक्स और छत्ते दिए जाएंगे।
- योजना का लाभ प्रशिक्षित किसानों को ही मिलेगा

यह योजना किसानों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद साबित होगी। क्षेत्र में आम के बगीचों की अधिकता के कारण मधुमक्खी पालन के लिए अनुकूल वातावरण मौजूद है। साथ ही, यह परागण में सहायक होने के कारण फसल उत्पादन में भी वृद्धि करेगा। आवेदन प्रक्रिया पहले से ही शुरू हो चुकी है। इच्छुक किसान उद्योग विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस योजना से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


# विचार-मंथन

## संपादकीय

## युद्ध के जोखिम, मध्य पूर्व में जंग फैलने की आशंका

हमास के लड़ाकों की ओर से इस्राइल पर किए गए आतंकवादी हमले की पहली बरसी की पूर्वसंध्या पर जहां इस्राइली फौज गाजा और बेरूत पर बम बरसा रही थी, वहीं कुछ घंटे बाद हिज्बुल्लाह के रॉकेट और मिसाइल हमलों ने बहुचर्चित एयर डिफेंस सिस्टम 'आयरन डोम' को भेदते हुए तीन इस्राइली सैनिक अड्डों को निशाना बना लिया। यह तस्वीर बताती है कि हमलों और जवाबी हमलों के एक साल लंबे सिलसिले के बाद भी शांति की कोई सूरत नहीं दिख रही। इसके उलट संघर्ष और बढ़ने के आसार बनते नजर आ रहे हैं। गाजा में हमास को बर्बाद करने की इस्राइली मुहिम उस मोर्चे पर काफी हद तक कामयाबी पा लेने के बाद पहले हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों की ओर मुड़ी और अब ईरान को अपने निशाने पर लेने को उतावली दिख रही है। निश्चित रूप से ईरान के इन प्रॉक्सी संगठनों ने उसे उकसाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। लेकिन हिज्बुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने के बाद इस्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले ने जो स्थिति पैदा की है, उसके नतीजों का अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। कई जानकारों का मानना है कि इन हमलों ने इस्राइली पीएम नेतन्याहू को ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का बहाना दे दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है कि अमेरिका ऐसे हमलों के पक्ष में नहीं है, फिर भी इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नेतन्याहू और उनके रणनीतिकार एक ही बार में ईरान नाम के इस दुश्मन को लंबे समय तक के लिए ठंडा कर देने का फैसला कर लें। ऐसा हुआ तो उसके नतीजे भयावह हो सकते हैं क्योंकि यह मकसद ऐसा है नहीं, जो एक हमले में हासिल हो जाए। ऐसा कोई भी हमला ईरान को नुकसान चाहे जितना पहुंचा दे, पर उसके सभी भूमिगत परमाणु ठिकानों को नष्ट कर देगा, ऐसा नहीं माना जा सकता। दूसरी बात यह कि इस तरह के हमले के बाद वहां प्रतिक्रियावादियों का प्रभाव और ज्यादा बढ़ जाएगा। कोई भी लंबा युद्ध तेल कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ ऐसे कई साइडइफेक्ट्स लाएगा जिससे पूरी दुनिया त्रस्त होगी। एक साल लंबे इस संघर्ष ने खुद इस्राइल को भी कम नुकसान नहीं पहुंचाया है। जनहानि को फिलहाल एक तरफ कर दें तो भी जीडीपी ग्रोथ नीचे ही जा रही है।

## एससीओ पर शुभ संकेत

भारत की ओर से जैसे ही यह स्पष्ट किया गया कि शांघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक में शामिल होने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर पाकिस्तान जाएंगे, दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की अटकलें लगाई जाने लगीं। दिलचस्प है कि इस फैसले को भारत-पाक रिश्तों के संदर्भ में ज्यादा देखा जा रहा है, जबकि यह स्ष्ह को भारत द्वारा दी जा रही अहमियत का भी उतना ही संकेत है।इसके पीछे दोनों पड़ोसी देशों के खट्टे-मीठे रिश्तों के बीच भी एक-दूसरे से भावनात्मक करीबी की भूमिका देखी जा सकती है। दोनों देशों में युद्ध हुए हैं और रिश्तों ने गिरावट की इंतिहा देखी है तो दोनों के बीच दोस्ती के दौर भी आते रहे हैं। लेकिन किसी भी सूरत में दोनों देशों के लोग एक-दूसरे से उदासीनता की स्थिति में नहीं पहुंचे। यही वजह है कि करीब एक दशक के अंतराल के बाद जब किसी भारतीय विदेश मंत्री के पाकिस्तान जाने का कार्यक्रम बनता दिखा तो कई कोनों से उत्साह छलकने लगा। मौजूदा सूरते हाल में इस तरह के उत्साह को व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता। शायद इसीलिए विदेश मंत्री जयशंकर ने देर किए बगैर स्पष्ट किया कि वह एक बहुपक्षीय संगठन की बैठक में शिरकत करने जा रहे हैं और वहां भारत-पाक रिश्तों पर कोई बातचीत नहीं करने वाले। याद रखना होगा कि यह स्ष्ह की शिखर बैठक है और सामान्य स्थिति में इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की उम्मीद होती। द्विपक्षीय रिश्तों की बदहाली ही कहिए कि पीएम की जगह एक सीनियर मंत्री का जाना भी पॉजिटिव सिग्नल माना जा रहा है। भारत इस तथ्य को समझ रहा है कि मौजूदा वैश्विक हालात में एससीओ जैसे एक अंतरराष्ट्रीय मंच के बेहतरीन इस्तेमाल का मौका किन्हीं दो देशों के आपसी रिश्तों की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। यह एशियाई देशों का ऐसा मंच है, जो सुरक्षा से जुड़े मुद्दे देखता है। रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के चलते हाल के वर्षों में अमेरिका से रूस और चीन के रिश्तों में आई खटास किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में जब पश्चिम एशिया में युद्ध के फैलने का खतरा एक नया सिरदर्द बना हुआ है, इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अहम भूमिका को भारत अनदेखा नहीं कर सकता।

## इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू को भारत की शरण में क्यों आना पड़ा?

**(नीरज कुमार दुबे)**

भारत के साथ संबंधों के प्रति मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का बदला हुआ दृष्टिकोण कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि मालदीव की राजनीति में अक्सर देखने को मिलता है कि चुनाव अभियानों के दौरान राजनेता जो बयानबाजी करते हैं, वह आधिकारिक नीतिगत निर्णयों में तब्दील नहीं होती। मुइज्जू को राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद भारत की अहमियत समझ आ चुकी है। कर्ज में डूबे अपने देश को उबारने के लिए मुइज्जू को भारत की मदद की सख्त जरूरत है इसलिए चुनावों में इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू भारत की शरण में आये हैं। चीन की यात्रा के दौरान ढेरों आश्वासन मिलने के बावजूद मुइज्जू अपने देश के लिए कुछ ठोस हासिल नहीं कर पाये इसलिए भारत से मदद मांगने आये थे। हम आपको बता दें कि मालदीव पर बड़ा आर्थिक संकट मंडरा रहा है इसलिए वह चाहता है कि भारत ऋण भुगतान को थोड़ा आसान बना दे। अपनी भारत यात्रा से ठीक पहले मुइज्जू ने अपने देश को वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा था कि दिल्ली द्वीप राष्ट्र की वित्तीय स्थिति से 'पूरी तरह परिचित' है और माले के सबसे बड़े विकास भागीदारों में से एक के रूप में 'बोझ को कम करने' के लिए हमेशा तैयार रहेगी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारत और मालदीव ने 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली को लेकर जो समझौता किया है उससे मालदीव को विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी। हम आपको यह भी बता दें कि अभी पिछले महीने ही वैश्विक एजेंसी मूडीज़ ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग यह कहते हुए घटा दी थी कि 'डिफ़ॉल्ट जोखिम बढ़ गए हैं'। दरअसल मालदीव को ऋण भुगतान में चूक का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 440 मिलियन डॉलर हो गया है, जिससे कि सिर्फ डेढ़ महीने तक ही वस्तुओं का आयात किया जा सकता है। गौरतलब है कि यह द्विपीय राष्ट्र खाने पीने से लेकर अपनी तमाम जरूरतों के लिए विदेशों से सामान आयात करता है। विदेशों से सामान आयात करने के लिए उसे डॉलर की जरूरत है। विदेशी कर्ज चुकाने के लिए भी उसे डॉलर की जरूरत है। इसलिए मालदीव के सामने मुश्किल यह है कि वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में पड़े डॉलरों से कर्ज चुकाये या अपनी जनता के लिए जरूरत का सामान मंगवाये। इसके अलावा मालदीव को अपने यहां बुनियादी ढांचे में निवेश की भी जरूरत है ताकि जनता के जीवन स्तर को बढ़ाया जा सके। इसके लिए भी भारत पहले ही मालदीव को विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए 1.4 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता की पेशकश कर चुका है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि इस साल जनवरी में दोनों देशों के संबंधों में आये तनाव के मद्देनजर भारतीयों ने मालदीव में पर्यटन का बहिष्कार कर दिया था जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुँचा है। मुइज्जू को अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से आश्वासन मिला था कि वह बड़ी संख्या में चीनियों को मालदीव में पर्यटन के लिए भेजेंगे लेकिन चीन से कोई नहीं आया। बताया जाता है कि मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 50,000 की गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप देश को लगभग 150 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। इसलिए मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने भारत दौरे के दौरान कहा है कि वह मालदीव में बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। हम आपको यह भी याद दिला दें कि मुइज्जू ने परोक्ष रूप से भारत पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि इस छोटे से देश को 'धमकाने का लाइसेंस' किसी के पास नहीं है। उन्होंने भारत के लिए अपने सैन्य कर्मियों को देश से वापस बुलाने के लिए 15 मार्च की समय सीमा भी तय की थी। मगर अब मुइज्जू भारत को साथ लेकर चलना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने कहा है कि मालदीव कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे भारत की सुरक्षा कमजोर हो। उन्होंने कहा है कि भारत मालदीव का एक मूल्यवान भागीदार और मित्र है और हमारा संबंध आपसी सम्मान और साझा हितों पर बना है। उन्होंने कहा है कि हम विभिन्न क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ अपना सहयोग बढ़ाते हैं, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे कार्यों से हमारे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से समझौता नहीं हो। जहां तक मुइज्जू की भारत यात्रा के दौरान मालदीव को हुए लाभ की बात है तो आपको बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मिलकर अपने देश में रूपे कार्ड को डिजिटल रूप से जारी किया। इसके अलावा दोनों नेताओं ने हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये रनवे का उद्घाटन किया और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जतायी। चार दिवसीय राजकीय दौरे पर आए मुइज्जू ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान भारत ने मालदीव को 700 से अधिक सामाजिक आवास भी सौंपे। इसका निर्माण एक्जिम बैंक (भारतीय निर्यात-आयात बैक) की खरीदार कर्ज सुविधा के तहत किया गया है। मोदी ने मुइज्जू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी ऐलान किया कि अब ग्रेटर माले संपर्क परियोजना में भी तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हम थिलाफुशी में एक नये वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास में सहायता करेंगे। प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि भारत और मालदीव ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने मालदीव को एक 'घनिष्ठ मित्र' बताया जिसका भारत की पड़ोस नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और वृद्धि) दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण स्थान है। मोदी ने कहा, ''भारत ने हमेशा एक पड़ोसी देश की जिम्मेदारियों को निभाया है। आज, हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी का दृष्टिकोण अपनाया है।'' उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। और भारत, मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। वहीं मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के बयान की बात करें तो उन्होंने कहा है कि सरकारी बॉण्ड को आगे बढ़ाने तथा मुद्रा की अदला-बदली के समझौते पर हस्ताक्षर समेत उदारतापूर्वक की गयी सहायता के लिए मैं भारत का आभार जताता हूं। उन्होंने कहा कि मालदीव में भारतीय निवेश बढ़ाने के लिए भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने के लिए मैं उत्साहित हूं।

> *राष्ट्रपति मुइज्जू ने साथ ही कहा कि मालदीव के लिए भारत सबसे बड़ा पर्यटन का स्रोत है, और हमें अधिक भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने की उम्मीद है। बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत और मालदीव के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत द्विपक्षीय संबंध रहे हैं और भारत इस द्वीप राष्ट्र का एक प्रमुख सहायता प्रदाता है।*

## 'बिना रुके, बिना थके', 'सीएम मोदी' से 'पीएम मोदी' तक 23 साल पूरे

**(अजय चौरासे)**

23 वर्षों में राजनीतिक यात्रा में पीएम मोदी ने एक अलग मुकाम हासिल किया। देश ही नहीं विदेश में भी इस समय मोदी का परचम लहरा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को मोदी ने न्यायोचित स्थान पर विराजित कर देश की शान बढ़ाई है। इससे पहले कई दिग्गज देश को भारत को इतना सम्मान और तबज्जो नहीं देते थे। इस युद्ध के मुहाने पर खड़ी दुनिया में पीएम मोदी की तरफ सभी देश को आस है कि पीएम मोदी जगं को रुकवा सकते हैं। ज्ञातव्य है कि सार्वजनिक जीवन में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने 23 वर्ष सोमवार को पूरे हो गए थे। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले मोदी के सीएम से तीसरी बार पीएम बनने तक के सफर को गृह मंत्री अमित शाह ने भावनात्मक रूप से स्मरण करते हुए कहा है कि यह 23 वर्षीय जीवन यात्रा सामाजिक जीवन जीने वालों के लिए जीवंत प्रेरणा है। वहीं, पीएम मोदी के अन्य शुभचिंतकों ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के निर्णयों-योजनाओं का उल्लेख करते हुए यह संदेश देने का भी प्रयास किया है कि कैसे पीएम मोदी अपने सफल गुजरात मॉडल को ही राष्ट्र के विकास का आधार बनाने में जुटे हैं। गृह मंत्री शाह ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 23 वर्ष पूरे हुए हैं। एक व्यक्ति अपना पूरा जीवन राष्ट्रहित और जनसेवा को कैसे समर्पित कर सकता है, यह 23 वर्ष की साधना उस अद्वितीय समर्पण की प्रतीक है। उन्होंने लिखा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि मैं मोदी जी की इस यात्रा का साक्षी रहा हूं। मोदी जी ने यह दिखाया है कि कैसे गरीब कल्याण, विकास, देश की सुरक्षा व वैश्विक पहचान को मजबूती देने के कार्य समानांतर किए जा सकते हैं। उन्होंने समस्याओं को टुकड़ों में देखने की जगह समग्र समाधान का विजन देश के सामने रखा। बिना रुके, बिना थके, बिना अपनी परवाह किए देश और देशवासियों के लिए समर्पित ऐसे राष्ट्रसाधाक मोदी जी को सेवा और समर्पण के 23 वर्ष पूर्ण करने पर बधाई देता हूं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने भी पीएम मोदी को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्र के उत्थान और समाज के कल्याण को समर्पित 23 वर्षों की लंबी साधना देश के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणादायी है। इसी तरह प्रधानमंत्री के शुभचिंतकों ने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर विभिन्न क्षेत्र-वर्गों के लिए नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए प्रयासों-योजनाओं की तुलना वर्तमान योजनाओं से करते हुए बताया कि कैसे वर्तमान नीतियों में गुजरात मॉडल की झलक दिखाई देती है। योजनाओं में गुजरात मॉडल की झलक 23 वर्ष पूर्ण होने पर ऐसे 23 महत्वपूर्ण निर्णयों का विशेषतः उल्लेख किया गया है। उदाहरण के तौर पर, निर्मल गुजरात से स्वच्छ भारत मिशन, जल मंदिर से अमृत सरोवर अभियान, आधारभूत संरचना विकास के मामले में भास्कराचार्य अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भूसूचना विज्ञान संस्थान गुजरात सरकार द्वारा मानचित्र-आधारित भू-स्थानिक सूचना प्रणाली को पीएम गति शक्ति कार्यक्रम। ज्योतिग्राम योजना को दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, कन्या केलावणी योजना को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, चिरंजीवी योजना को पीएम मातृ वंदन योजना, वाइब्रेंट गुजरात को मेक इन इंडिया, साबरमती सफाई को नमामि गंगे, खेल महाकुंभ को खेलो इंडिया और गुजरात स्किल डेवलपमेंट मिशन को स्किल इंडिया मिशन के रूप में शुरू किया गया है। तो राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने इस काल को रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफॉर्म का काल बताया और वोकल फॉर लोकल, डिजिटल इंडियास से लेकर तमिल संगमम जैसी कई योजनाएं गिनाईं। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि इन 23 वर्षों में मिली सीख ने उन्हें अग्रणी पहल करने में सक्षम बनाया, जिसने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रभाव डाला है। एक्स पर अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, एक सरकार के मुखिया के रूप में मेरे 23 साल पूरे होने पर अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं भेजने वाले सभी लोगों का हार्दिक आभार।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5518

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5517

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## वर्ग पहेली 5518

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | | |
| | ■ | 10 | 11 | ■ | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | | ■ |
| ■ | 17 | 18 | | ■ | | ■ | 19 |
| 20 | | | | ■ | 21 | 22 | |
| 23 | | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | |
| ■ | 27 | | ■ | 28 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. आधुनिक ओलिम्पिक खेलों का आयोजन करने वाला प्रथम देश जिसे ग्रीस भी कहते है (3)
4. ये जोधाबाई (मुगल सम्राट अकबर की पत्नी) के पिता थे (4)
8. निरा, निपटने की अवस्था (3)
9. गमनागमन, आना-जाना (4)
10. बेटी का बेटा (2)
12. दी जाने वाली वस्तु (2)
13. झुका या प्रणाम करता हुआ, विनीत (2)
15. जगत का स्वामी, परमेश्वर, ईश्वर (4)
17. विवाह के लिए स्थितर किया गया शुभ दिन, सहालग, साइत (3)
20. रोब, धाक, आतंक (4)
21. किसी देश या राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने के नियम (3)
23. सहोदर, जो एक ही कुल से उत्पन्न हो (2)
24. वह स्त्री जो ऐश्वर्ययुक्त हो, सुख (2)
26. हुकुमत, प्रभुत्वकाल (2)
27. लहू, रूधिर, खून (2)
28. अकुशलता, अनाड़ीपन (3)

**ऊपर से नीचे**
1. कर्म संघ या श्रमिक संघ को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
2. इकाई रूप में निश्चत परिणाम (2)
3. कही हुई बात से मुकरना, अभिनय करना (3)
4. मोहकारिणी शक्ति, भ्रमवश होने वाला प्रेम (2)
5. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
6. अमुक व्यक्ति को दिए गए धन से संबंधित पत्र (4)
7. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
11. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (5)
14. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
16. छोटा दीया, प्रकाश करने वाली (3)
18. बीमारी, रोग (2)
19. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
20. दो अंको की सबसे छोटी संख्या (2)
22. दमकता या प्रकाश फैलाने वाला (3)
25. कंधा, जुलाहे की कूंची (उर्दू) (2)

### वर्ग पहेली 5517 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शु | तु | र | मु | र्ग | ■ | हे | ग |
| क्र | म | ■ | का | ■ | ज | ल | ज |
| लो | ■ | का | बि | ल | ■ | न | ट |
| क | ल | क | ल | ■ | म | ■ | ■ |
| ■ | क | पि | ■ | स | हा | य | ता |
| प | ल | ट | ना | ■ | र | ■ | ■ |
| व | क | ■ | ह | क | त | ल | फ |
| न | ■ | न | क | ल | ■ | ता | ल |

## आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। किसी काम के बिगड़ने से होने पर आपको खीज या प्रतिक्रिया से बचें और खुद को हर प्रकार के विवाद से दूर रखें। कोई शुभ ग्रह आपको प्रेरित कर रहा है। शाम तक आपको लाभ होगा और कारोबार में अच्छी कमाई होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

### वृष
आज दिन शुभ है, करियर में लाभ और भाग्य में वृद्धि से खुशी मिलेगी। दोपहर तक कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। सेहत का ध्यान रखें और सोच समझकर कर पैसों से जुड़ा कोई काम करें। शाम को घर में मेहमानों के आने से खुशी होगी। रात में किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने से मन प्रसन्न रहेगा। आपका सम्मान बढ़ेगा।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। कीमती वक्त बरबाद कर लेते हैं। आज के दिन भी आपको अपने बारे में ज्यादा सोचना है। कामकाज की स्थिति अनुकूल हो रही है और आपके धन में वृद्धि होगी।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में आपकी तरक्की होगी। अपने काम के लिए दूसरों के भरोसे न बैठे रहें। कभी कभी बिना मदद के भी अपने काम पूरे करने चाहिए। जरूरी काम को पूरा कर लेंगे और आपके करियर में नई योजनाओं पर अमल हो सकता है। तनाव से दूर रहें और किसी प्रकार के विवाद में पड़ने से बचें।

### वृश्चिक
आज दिन आर्थिक रूप से लाभदायक रहेगा। बिज़नस में बनाई गई योजनाएं सफल होंगी। दिन भर धन लाभ के अवसर मिलते रहेंगे। नई योजनाओं पर काम करें। परिवार के साथ सुख और शान्ति का आनंद लें। अगर आप नौकरी या बिज़नस में कुछ नयापन लाते हैं तो आपको आगे चलकर फायदा होगा। आपके काम में नई जान आ जाएगी और मेहनत से आपको लाभ होगा।

### धनु
आज दिन बहुत ही शानदार रहेगा और भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आपकी क्रिएटिविटी भी काफी बढ़ेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी मेहनत जिस काम में लग जाएगी उसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा और वह काम अच्छे से पूरा हो जाएगा। अधूरे काम भी पूरे हो जाएंगे। ऑफिस में माहौल आपके फेवर में रहेगा। आपके साथी आपकी मदद करेंगे।

### कर्क
आज किसी प्रकार के परिवर्तन वाला होगा। कोई बदलाव आने से आपको कोई दिक्कत नहीं होगी। आपको अपने सम्मान के बारे में सोचने की जरूरत है। कोई भी ऐसा काम न करें कि आपको परेशानी हो। आपके जीवन में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। घबराएं नहीं और अपने काम पर फोकस करें।

### सिंह
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कई मुद्दे हल कर पाने में आप सफल होंगे। रात का समय मित्रों और परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा। आपके घर में कोई आपसे पैसों की मांग कर सकता है। आपको उसकी मदद करनी पड़ेगी। आपको लाभ होगा।

### कन्या
आज दिन शुभ है और आज आपको काफी समय के बाद आज कुछ अच्छी खबर आपको मिलेगी। कोई जरूरी काम बन जाने से लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आगे का समय अच्छा कटने का उत्साह रहेगा। आपके लिए एक अच्छा सौभाग्य यह होगा।

### मकर
आज दिन काफी उलझनों से भरा होगा। कोई वस्तु या उपहार खरीदने की जल्दीबाजी रहेगी। दूसरी ओर आपके कार्यक्षेत्र में भी काम का प्रैशर ज्यादा रहेगा। सही वक्त पर आकर आपका वाहन आदि भी साथ नहीं देगा। ऐसे वक्त पर आपकी अपनी सूझबूझ बहुत काम आएगी। कोई भी फैसला काफी सोचकर करें। कि कहीं से आपका रुका हुआ धन भी शाम तक हाथ में आ जाएगा।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आप कुछ नए निवेश करने के फैसले ले सकते हैं और उसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके धन में मनचाही वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। फालतू खर्च से बचें और आगे के बारे में जरूर सोचें। आपको धन की बचत करने में समझदारी से काम लेना होगा।

### मीन
आज दिन शानदार होगा और आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपको ऑफिस में सहयोगियों से पूरा सम्मान मिलेगा और आपके काम को पूरा करने में वे आपकी मदद भी करेंगे। ढेर सारी गलतियों को भी आप माफ करने को तैयार हो जाएंगे। धन में वृद्धि होगी और कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। शाम तक कमाई अच्छी हो जाएगी और आपको खुशी होगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन मंदिर में किया दर्शन-पूजन, गौसेवा कर बच्चों को भी दुलारा



**बलरामपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन मंदिर में रात्रि विश्राम के बाद बृहस्पतिवार की सुबह पूजन अर्चन किया। उन्होंने मां पाटेश्वरी देवी की आरती उतारने के साथ पूजन किया। इसके बाद मंदिर की गौशाला का भ्रमण किया।

उन्होंने गायों को चारा खिलाने के साथ ही उनकी व्यवस्था को परखा। इसके पूर्व उन्होंने माता रानी का पूजन कर फूल की माला अर्पित की और नमन करके आर्शीवाद मांगा। मंदिर में नवरात्र को लेकर आवश्यक व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालुओं से बात की। सीएम ने बच्चों को दुलारते हुए चाकलेट दिया। इस दौरान उनके साथ मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी मौजूद रहे।

## भूतिखंड इलाके में भीषण हादसा, तेज रफ्तार बस ने ऑटो में मारी टक्कर, एक युवक की मौत

**लखनऊ , एजेंसी।** लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में बृहस्पतिवार सुबह एक तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बस चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह 6:30 बजे एक ऑटो सर्विस लेन से शहीद पथ की तरफ जा रहा था। सिनी पोलिस मॉल के पास जैसे ही ऑटो शहीद पथ पर पहुंचा, वैसे ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार गोंडा अहिरपुरवा निवासी सत्यप्रकाश (25) की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और सत्यप्रकाश के परिजनों से संपर्क करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि बस चालक को हिरासत में लिया गया है और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

## हाइवे पर लगे संकेतक पर चढ़कर झंडा फहराया, कुछ दिनों पहले पुशअप करने का वीडियो आया था सामने




**अमेठी, एजेंसी।** जान जोखिम डाल रील बना सोशल मीडिया पर मशहूर होने का सिलसिला जिले में थमने का नाम नहीं ले रहा है। बृहस्पतिवार को कमरौली इलाके से गुजरने वाले लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर लगे नवील मंडी स्थल जाफरगंज के करीब 10 मीटर ऊंचे लगे संकेतांक बोर्ड पर एक युवक के हरे रंग का झंडा लहराते वीडियो सोशल मीडिया पर तेज से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो पर हालकि झंडा कौन सा है यह तो स्पष्ट नहीं हो रहा है। संकेतांक पर तीन अन्य झंडे भी लगे है। लेकिन युवक की हिम्मत लोगों में चर्चा का विषय बनी है। इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो पर लोगों तरह-तरह के कमेंट भी दे रहे है। झंडा फहराने के कुछ दिन पहले अमेठी में ही संकेताक के ऊपर चढ़कर पुशअप करने का मामला सामने आया था। उस मामले की जांच भी अभी तक चल रही है। पुलिस मान रही है कि रील बनाने के चक्कर में ये करतब किए जा रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## दीपावली पर इस बार भी पांच दिन होंगे स्वर्णमयी अन्नपूर्णा के दर्शन

## भक्तों को बांटा जाएगा खजाना

**वाराणसी , एजेंसी।** बाबा विश्वनाथ को अन्न-धन की भिक्षा देने वाली मां अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन लगातार दूसरे साल भी पांच दिनों तक होंगे। तिथियों में हेर-फेर के कारण मां अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन 29 अक्तूबर से दो नवंबर तक मिलेंगे। माता के दर्शन के लिए देश भर से श्रद्धालु काशी पहुंचते हैं। इस बार दीपोत्सव का पंच दिवसीय पर्व का उत्सव छह दिन तक मनाया जाएगा। कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी की तिथि 29 अक्तूबर से आरंभ हो रही है। इस दिन की धन की देवी मां लक्ष्मी, भगवान धन्वंतरि और मां अन्नपूर्णा के पूजन का विधान है।

मां अन्नपूर्णा मंदिर से श्रद्धालुओं को खजाना भी बांटा जाएगा। इसमें चांदी के सिक्कों के अलावा सामान्य सिक्के भी बांटे जाएंगे। मंदिर के महंत शंकर पुरी ने बताया कि अन्नकूट की झांकी के बाद दो नवंबर को मध्य रात्रि में दर्शन पूजन अगले साल तक के लिए बंद हो जाएगा।

## नवरात्र पर देवी के आठवें रूप के दर्शन से पूरी होती है कामना

## मां अन्नपूर्णा के दरबार में लगा तांता



**वाराणसी , एजेंसी।** नव दुर्गा में आठवां स्थान रखने वाली महागौरी का स्वरूप मां अन्नपूर्णा के दरबार में भक्तों की कतार देखने को मिली। भक्तों ने देवी धाम में अपनी आस्था को प्रकट किया जयकारे लगाए और माता से आशीर्वाद मांगा।

आपको बता दें कि माता का अन्नपूर्णा रूप ऐसा है जिनके दर्शन मात्र से पूरे वर्ष धन धान्य से परिपूर्ण रहने का आशीर्वाद मिलता है। इसके साथ ही कहा जाता है कि नवरात्रि में कुंवारी कन्याएं अगर माता के दर्शन करें तो उन्हें वर प्राप्ति का अशीर्वाद मिलता है इसके साथ ही सुहागिनों का सुहाग की रक्षा करती है मां। माता के दरबार में भक्तों ने हाजिरी लगाई और आस्था प्रकट की।

## जिले में बढ़ रहा बुखार का कहर, दो और डेंगू के मरीज मिले, कुल हुए 20 मरीज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ जिले में बुखार के प्रकोप के बीच डेंगू और मलेरिया के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। 9 अक्टूबर को जिले में डेंगू के दो और मरीज मिले हैं। इस तरह जिले में अब तक 20 डेंगू पीड़ित मिल चुके हैं, जबकि मलेरिया के मरीज भी लगातार सामने आ रहे हैं। जिले में बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र में भी रोजाना बड़ी संख्या में बुखार के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। 9 अक्टूबर को बागला जिला अस्पताल में बुखार के करीब 550 मरीज पहुंचे। इनमें से करीब 330 मरीजों की पैथोलॉजी लैब में जांच की गई। इन मरीजों की सीबीसी की जांच कराई गई। उन मरीजों की भी जांच कराई गई, जिनको तीन दिन से लगातार बुखार आ रहा है। इधर, 9 अक्टूबर को डेंगू के दो नए मरीज मिले हैं।

# टायर गोदाम की तीन मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

## मची अफरातफरी, आठ गाड़ियो ने पांच घंटे में काबू पाया



**लखनऊ , एजेंसी।** लखनऊ के बीबीडी में बृहस्पतिवार सुबह तीन मंजिला इमारत के पहले तल पर आग लग गई। लपटों ने कुछ ही पल में तीनों तलों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय तीसरे तल पर बने जिम में मौजूद लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। दमकल ने आठ गाड़ियों से पांच घंटे में आग पर काबू पा लिया। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर तीन मंजिला इमारत के पहले तल पर वंश अग्रवाल की बॉश्च सर्विस नाम से टायर की दुकान है। दूसरी पर टायर का गोदाम , जबकि तीसरी पर विद्याभूषण सिंह का जिम है। बृहस्पतिवार सुबह करीब छह बजे जिम में लोग व्यायाम कर रहे थे तभी उन्हें नीचे की मंजिल से धुआं उठते दिखा। लोग जब नीचे पहुंचे तो देखा कि दुकान से आग की लपटें निकल रही थीं। सभी चीखते-चिल्लाते बाहर भाग गए। लोगों ने घटना की जानकारी दमकल को दी। अगल-बगल के लोग आग बुझाने में जुट गए। मगर लपटें बेकाबू होती चली गईं।

इस बीच दमकलकर्मी आठ गाड़ियों से घटनास्थल पर पहुंच गए और राहत कार्य शुरू किया तब तक आग और विकराल हो चुकी थी और तीनों तल उसकी चपेट में आ चुके थे।

### सीढ़ियां संकरी होने से बढ़ी समस्या

दुकान के बगल में तीसरे तल तक जाने के लिए सिर्फ एक ही रास्ता था जो कि काफी संकरा था। ऐसे में दमकल को आग बुझाने में काफी समस्या हुई। दमकल की टीम ने तीनों तलों के शीशे तोड़ दिए और धुआं बाहर निकाला फिर आग पर काबू पाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद करीब 11 बजे आग पूरी तरह से बुझा ली गई। एफएसओ गोमतीनगर सुशील यादव के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। गनीमत रही कि समय रहते लोग जिम से बाहर निकल आए नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## 30 घंटे में दूसरा अवैध गोदाम धधका, मड़ियांव में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के गोदाम में आग, कंप्रेसर फटे

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी में 30 घंटे के भीतर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दो अवैध गोदामों में आग लग गई। सैरपुर में सोमवार देर रात साढ़े तीन बजे गोदाम में आग लगी थी। बुधवार सुबह मड़ियांव में हादसा हुआ। गोदाम में रखे एसी, फ्रिज के कंप्रेसर फटने से आग ने विकराल रूप ले लिया। धमाकों से बगल के मकान में दरारें आ गई। पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हादसे का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

कोलकाता निवासी पुलकित वैद्य ने भिठौली क्रॉसिंग के पास ग्रेट ईस्टर्न कंपनी का गोदाम किराये पर ले रखा है। इसमें फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी व कूलर रखते हैं। सहारा स्टेट में रहने वाले गोदाम के इंचार्ज दीपेश श्रीवास्तव के मुताबिक मंगलवार रात माल लादकर गोदाम बंद कर दिया गया था।

कर्मचारी बुधवार सुबह साढ़े दस बजे गोदाम पहुंचे। करीब दस मिनट बाद शटर खोला ही गया था कि तभी आग लग गई। ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं को देख अफरातफरी मच गई। पड़ोसियों ने दमकल, मड़ियांव पुलिस और दीपेश को सूचना दी। कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें तेज होने से सफलता नहीं मिली। इस बीच एफएसओ बीकेटी प्रशांत कुमार टीम के साथ पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। गोदाम दीवारों से घिरा होने से काफी समस्या आ रही थी। ऐसे में जेसीबी से दीवारों को तोड़ा गया।

### कंप्रेसर फटने से भड़क उठी विकराल आग

दमकल के जवान आग बुझा ही रहे थे कि एक के बाद एक एसी, फ्रिज के कंप्रेसर फटने लगे। इससे आग विकराल हो गई। धमाके इतने तेज थे कि गोदाम से तीन फीट दूर स्थित एलआईसी एजेंट अनिल कुमार द्विवेदी के मकान में दरारें आ गईं। इसके अलावा पड़ोसी दहशत में आ गए। आग की भयावहता को देखकर सरोजनीनगर व अन्य फायर स्टेशनों के साथ एयरफोर्स स्टेशन से भी दो गाड़ियां बुलानी पड़ीं। इसके बाद 15 गाड़ियों से दमकल के जवान आग बुझाने में जुटे। हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की भी मदद ली गई। गाड़ियों को पानी लाने के लिए करीब 54 चक्कर लगाने पड़े। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि दोपहर साढ़े तीन बजे तक आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका।

### नहीं थी फायर एनओसी

सीएफओ के मुताबिक गोदाम में अग्नि सुरक्षा उपकरण तो थे, लेकिन फायर एनओसी नहीं थी। ऐसे में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दीपेश के मुताबिक करीब 50 करोड़ रुपये का माल राख हो गया। घटना की जानकारी पुलकित को दी गई है।

**गोदाम के मालिक भाइयों में दिखी तकरार-** पुलकित ने कारोबारी मोहित व नितिन भार्गव से गोदाम किराये पर लिया था। हालांकि, घटना के समय दोनों भाइयों में तनातनी हो गई। दोनों एक-दूसरे को गोदाम का मालिक बताने लगे। वहीं, आग इतनी भीषण थी कि करीब पांच किमी दूर से ही धुएं का गुबार दिख रहा था। घटनास्थल पर धुएं से सांस लेना तक दूभर था।

# उत्तर प्रदेश में आर्थिक शक्ति बनीं महिलाएं

- **पहले सिर्फ 60 हजार, अब 3.27 लाख संपत्तियों पर मिला मालिकाना हक**

**लखनऊ, एजेंसी।** पारिवारिक संपत्ति में महिलाओं की हिस्सेदारी व उनके अधिकार के लिए उत्तर प्रदेश में बनाए गए नियमों ने उन्हें सही मायने में मालकिन बना दिया है। रक्त संबंधों में केवल पांच हजार रुपये में संपत्ति दान करने के फैसले का ही असर है कि महज ढाई वर्ष में लगभग 3.27 लाख संपत्तियों पर बेटियों और बहनों का हक पिता व भाइयों ने उनके नाम कर दिया। वहीं, इसी अवधि में कुल 38 लाख संपत्तियां महिलाओं के नाम की गई हैं।

महिलाओं के नाम रजिस्ट्री कराने में मिलने वाली एक फीसदी छूट और गिफ्ट डीड का खासा असर पड़ा है। इसके जरिए प्रदेश में प्रापर्टी पर अधिकार मिलने से महिलाओं की स्थिति बदल रही है। जानकर हैरत होगी कि ढाई वर्ष में 3.75 लाख करोड़ रुपये के घर, ऑफिस और मकान महिलाओं के नाम किए गए हैं। इसमें 5,000 रुपये की गिफ्ट डीड की बड़ी भूमिका है। इसी गिफ्ट डीड का असर है कि जहां पहले करीब 60 हजार संपत्तियों पर महिलाओं को विधिक अधिकार मिलता था, वहीं अब ये संख्या बढ़कर 3.27 लाख हो गई है।

घर की महिलाओं के पक्ष में पांच हजार रुपये में संपत्ति दान करने की संख्या बढ़ रही है। वर्ष 2022 में प्रयोग के रूप में लागू इस योजना के तहत 1,22,487 संपत्तियां महिलाओं को दान की गई। वर्ष 2023 में गिफ्ट डीड स्थायी रूप से लागू की गई। तब 98,381 संपत्तियां महिलाओं के नाम की गईं। वहीं इस वर्ष अभी तक 1,06,363 संपत्तियां घर की महिलाओं को दान की जा चुकी हैं।

स्टांप एवं पंजीयन मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल का कहना है कि महिला अधिकार व सशक्तिकरण को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन को ध्यान में रखते हुए विभाग ऐसी योजनाएं लाया है, जिससे सही मायने में महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा मिली है। रक्त संबंधों में पांच हजार रुपये में संपत्ति दान करने की योजना का मकसद परिवारों में सौहार्द का वातावरण तैयार करना है। बहु-बेटियों-बहनों को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में किए गए प्रयासों का परिणाम है कि लगभग चार लाख करोड़ रुपये की प्रापर्टी उनके नाम हो चुकी है।

### बरेली का हाईवे अधिग्रहण घोटाला

# एक्शन में योगी सरकार, तहसीलदार व नायब तहसीलदार समेत 15 और होंगे सस्पेंड



**बरेली , एजेंसी।** बरेली के हाईवे अधिग्रहण घोटाले में तहसीलदार व नायब तहसीलदार समेत करीब 15 और कर्मचारी निलंबित किए जाएंगे। शासन ने राजस्व परिषद और डीएम को कार्रवाई के लिए फाइल भेज दी है। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्रकरण में सभी दोषियों को निलंबित कर जांच करने के निर्देश दिए हैं।

शासन ने इस प्रकरण में दोषी तहसीलदार और नायब तहसीलदार को चिह्नित कर कार्रवाई करने के लिए राजस्व परिषद को लिखा है। इसके अलावा बरेली के डीएम को भी निर्देश दिए हैं कि घोटाले में जिन लेखपालों और कानूनगो का नाम सामने आया है, उन्हें भी निलंबित कर शासन को अवगत कराएं। यहां बता दें कि लेखपाल और कानूनगो को डीएम निलंबित कर सकते हैं। डीएम को कानूनगो को निलंबित कर राजस्व परिषद से उसकी स्वीकृति लेनी होती है। यहां बता दें कि सीएम ने इस मामले में तत्कालीन सक्षम प्राधिकारी भूमि अध्याप्ति मदन कुमार व आशीष कुमार, तहसीलदार सदर के लेखपाल उमाशंकर, नवाबगंज के लेखपाल सुरेश सक्सेना और एसएलएओ के अमीन डबर सिंह को निलंबित करने के पहले ही दे दिए हैं।

इसके अलावा 12 लेखपाल व अमीन और चिह्नित किए गए हैं, जिन पर कार्रवाई होनी है। इनमें लेखपाल आशीष कुमार, मुकेश कुमार, विनय, दिनेश चंद्र, मुकेश गंगवार, तेजपाल, ज्ञानदीप गंगवार, मुकेश कुमार मिश्रा, विनय कुमार, दिनेश चंद्र व आलोक कुमार और विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय के तत्कालीन अमीन अनुज वर्मा आदि शामिल हैं। उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में जिनकी संलिप्तता सामने आई है, उन सभी को निलंबित किया जाएगा।

### रालोदः पार्टी विस्तार के पहले प्रयास में ही लगा झटका

# जम्मू में जीत तो दूर कहीं लड़ाई में भी नहीं दिखी पार्टी




**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के बाद अन्य राज्यों में पार्टी विस्तार की कवायद में जुटे राष्ट्रीय लोकदल को पहले ही प्रयास में कड़ा झटका लगा है। पार्टी जम्मू में दस सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ी थी, लेकिन एक भी सीट पर उसका खाता नहीं खुला है। ऐसे में आगे महाराष्ट्र, झारखंड व दिल्ली में होने वाले चुनाव में उतरने की तैयारी कर रही पार्टी को खुद को साबित करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी।

भाजपा गठबंधन में शामिल रालोद ने जम्मू-कश्मीर के चुनाव में गठबंधन से इतर अकेले चुनाव में उतरने का निर्णय लिया था। हालांकि पार्टी ने सिर्फ घाटी में ही अपने प्रत्याशी उतारे। पार्टी ने दस सीटों पट्टन, लैंगेट, शिलांग टांग, सेंट्रल शिलांग, सोनावारी, बांदीपोरा, बारामुला, वीरवाह, जदीबल, रफियाबाद सीट पर प्रत्याशी उतारे थे। पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने वहां प्रचार भी किया, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत पाई। पार्टी के जम्मू प्रभारी विनय प्रधान ने कहा कि हम यहां पर दिसंबर-जनवरी में होने वाले निकाय चुनाव में भी उतरेंगे। विधानसभा चुनाव से जम्मू में पार्टी का कार्यकर्ता बेस तैयार हुआ है। पहला चुनाव होने से हमें यहां पर अपेक्षाकृत सफलता नहीं मिली। पर, आगे हम सफल होंगे।

पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि जम्मू में पूरा मतदाता दो धड़ों में बंट गया। जम्मू में जहां भाजपा को सीटें मिली वहीं घाटी में नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को। ठीक से देखें तो कांग्रेस भी यहां पर ज्यादा सफल नहीं रही। यही वजह है कि हमारे पक्ष में परिणाम नहीं रहा है। पार्टी जम्मू में निकाय चुनाव और झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली व उत्तराखंड के विधानसभा चुनाव भी लड़ेगी।

### सपा-कांग्रेस की चाल को समझ गई जनता

प्रदेश में सपा द्वारा विधानसभा उपचुनाव के लिए छह सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जाने पर रालोद के प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने कहा कि पंजे और साइकिल का मिलन एनडीए को अस्थिर करने के उद्देश्य हुआ था। किंतु अपने प्रयास में सफ़लता न मिलती देख सपा-कांग्रेस की राहें फिर जुदा होती दिख रही हैं। अंकुर ने बयान जारी कर कहा कि बिना किसी नीति-रीति के केवल सत्ता हासिल करने के लिए चुनावी बेला में बनाए गए मौकापरस्त गठबंधन को आम जनमानस समझ चुका है। वह दोबारा इनके झांसे में आने वाली नहीं है।



# चौथी बार नेशनल अवॉर्ड मिलने पर मनोज बाजपेयी ने खुद को बताया भाग्यशाली

**मनोज बाजपेयी और शर्मिला टैगोर की फिल्म गुलमोहर ने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में तीन पुरस्कार जीते है। पुरस्कार समारोह से पहले अभिनेता मनोज बाजपेयी ने चौथी बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर अपनी खुशी जाहिर की। यही नहीं, अभिनेता ने खुद को भाग्यशाली भी बताया है।**

## मनोज बाजपेयी ने खुद को बताया भाग्यशाली

हाल ही में, एक वीडियो में अभिनेता ने कहा, जब मुझे यह तीन बार मिला, तब भी राष्ट्रीय पुरस्कार की खबर मिलने पर मेरी प्रतिक्रिया वैसी ही थी जैसी चौथी बार है। जब मैं जीवन में मंच कर रहा था, तो मुझे लगता था कि अगर मुझे यह एक बार मिल जाए, तो मेरा जीवन धन्य हो जाएगा। और आज ऊपर वाले की कृपा से, मुझे गुलमोहर के लिए चौथी बार यह मिला है। इसलिए मैं खुद को बहुत भाग्यशाली कलाकार मानता हूं, जिसे चौथी बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिल रहा है।

## पत्नी की मौजूदगी ने बनाया खास

मनोज बाजपेयी ने यह भी बताया कि उनकी पत्नी पहली बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने तीन बार यह पुरस्कार जीता था, तब वह इस समारोह में नहीं गई थीं। अभिनेता ने यह कहा कि यह उनकी जीत को और भी खास बनाता है। गुलमोहर ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में तीन पुरस्कार जीते।

## यह है फिल्म की कहानी

बता दें कि राहुल वी. चिट्टेला की निर्देशित गुलमोहर कहानी एक ऐसे परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म तीन पीढ़ियों की अपनी अलग अलग सोच है। घर की मालकिन कुसुम बत्रा शर्मिला टैगोर अपना घर गुलमोहर बेचने का फैसला करती हैं और चाहती हैं, जबकि मनोज बाजपेयी परिवार को साथ रखने की पूरी कोशिश करते हैं।



# मैं काफी बेचैन इंसान हूं, मैं कोई भी रिश्ता डिलीट नहीं करना चाहूंगी

अपनी पिछली फिल्म खो गए हम कहां में आज के दौर में रिश्तों पर सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को दिखाने वाली अनन्या पांडे अपनी नई फिल्म कंट्रोल में अपने धोखेबाज पूर्व प्रेमी की यादें मिटाने की कोशिश करती हैं। हालांकि, निजी जिंदगी में अनन्या अपने किसी रिलेशनशिप की यादें नहीं भुलाना चाहतीं। क्यों? पढ़िए, यह खास बातचीत जहां अनन्या ने हमसे अपने करियर, रिश्तों, युवा पीढ़ी, सोशल मीडिया आदि पर चर्चा की

**आपकी पिछली फिल्म खो गए हम कहां, सीरीज कॉल मी बे और अब कंट्रोल, तीनों ही युवा पीढ़ी, उनके रिश्तों, सोशल मीडिया और तकनीक के असर की बात करती हैं। इस तरह की कहानियां चुनने की कोई खास वजह?**

ये बाय चांस हुआ है। जब ये स्क्रिप्ट्स मुझे ऑफर हुईं तो मुझे ये सारी पसंद आ गईं। तब मैंने कुछ सोचा नहीं मगर अब जब ये रिलीज हो रही हैं तो मुझे भी लग रहा है कि हां, सभी में कुछ समानताएं हैं। जब मैं सिलेक्ट कर रही थीं, तब मुझे अहसास नहीं हुआ कि ये सब इतनी एक जैसी हैं, लेकिन ये सब रिलेटबल हैं क्योंकि ये हमारी पीढ़ी और हमारे समय की कहानियां हैं। खो गए हम कहां उन चुनिंदा फिल्मों में से हैं जिसमें सोशल मीडिया और रिलेशनशिप पर उसके प्रभाव का जिक्र भी हुआ है। वह फिल्म रिलेशनशिप, दोस्ती के बारे में। कॉल मी बे आज के जर्नलिज्म पर टिप्पणी करती है और दुर्भाग्य से सोशल मीडिया भी आज जर्नलिज्म का ही एक हिस्सा है। वहीं, यह फिल्म एआई के बारे में है तो सभी में टेक्नॉलजी और सोशल मीडिया के अलग-अलग फेजेज हैं पर ये आज के समय की कहानियां है, इसलिए मुझे बहुत प्रासंगिक लगती हैं। मैं इन विषयों से कनेक्टेड महसूस करती हूं और मुझे नहीं लगता कि इन पर ज्यादा फिल्में बन रही हैं तो मैं ऐसी जितनी भी फिल्मों का हिस्सा बन सकूं, वो अच्छा है। सालों बाद जब लोग देखेंगे तो कहेंगे कि जब हम छोटे थे तो ऐसी फिल्म आई थी क्योंकि हमारे समय में ऐसा होता था, तो मुझे अच्छा लगेगा।

**AI को लेकर भी काफी सरगर्मी चल रही है कि यह सिनेमा इंडस्ट्री को बदल देगा, उसके लिए खतरा हो सकता है, आपकी इस बारे में क्या राय है?**

देखिए, सोशल मीडिया हो या AI, ये आज की हकीकत हैं। तकनीक से हम भाग नहीं सकते। उससे बदलाव आना निश्चित है, मगर जैसा मैंने पहले भी कहा कि एक बैलेंस होना चाहिए। यह बदलाव फेजेज में होना चाहिए। सब एक झटके में नहीं होना चाहिए क्योंकि तब हमें पता भी नहीं चलेगा कि इस बदलाव का असर कितना ज्यादा होगा, क्योंकि हमने भी वो नहीं देखा है। इसलिए, तकनीक को धीरे धीरे और नियम-कायदे से जिंदगी में शामिल किया जाना चाहिए, वरना एक बार आपके हाथ से पावर चली गई तो आपके कंट्रोल में कुछ नहीं रहेगा।

**फिल्म में आपकी किरदार नेला अपने एक्स की यादों को AI से मिटाती है। आप अपने किसी रिलेशनशिप या एक्स की कोई बुरी याद मिटाना चाहेंगी?**

नहीं, क्योंकि जो भी रिश्ते हैं, उसके साथ कुछ खुशनुमा यादें भी जुड़ी होती हैं तो मैं कोई भी डिलीट नहीं करना चाहूंगी।

**अपनी कोई बुरी आदत मिटाना चाहेंगी?**

मैं काफी बेचैन इंसान हूं, शांत नहीं बैठ सकती, अगर AI मुझे शांत कर सके तो अच्छा होगा।

**लोगों की किसी बिन मांगी सलाह को डिलीट करना चाहेंगी?**

लोग जो आपके लुक पर कॉमेंट करते हैं कि वजन बढ़ाओ, वजन कम करो। होठ ऐसे करो, चेहरा ऐसे बदलो, ऐसी सलाह देने वालों को मिटाना करना चाहूंगी।



# पोन्नियन सेल्वम को राष्ट्रीय पुरस्कार पर मिलने पर बोले मणिरत्नम

दिग्गज फिल्म निर्देशक मणिरत्नम की पोन्नियन सेल्वम को साल 2022 की सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में उन्हें ये पुरस्कार दिया गया है। मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया है। पोन्नियन सेल्वम बेहद लोकप्रिय ऐतिहासिक नॉवेल पर आधारित है। इस फिल्म को इसके निर्देशन, कहानी और भव्यता के लिए काफी तारीफ मिली थी। पुरस्कार मिलने के बाद निर्देशक ने कहानी का महत्व और इसे बड़े पर्दे पर उतारने के गौरव को लेकर एएनआई से बात की। उन्होंने कहा, यह एक बड़ी क्लासिक है, जो तमिल में लिखी गई है और यह बेहद लोकप्रिय भी है। ये काफी पसंदीदा तमिल साहित्य है और मैं काफी खुश हूं कि मैं इस पर फिल्म बनाने में कामयाब रहा। महान मणिरत्नम द्वारा निर्देशित यह तमिल भाषा की फिल्म तमिलनाडु और दुनिया भर के तमिल प्रवासियों के बीच बहुत बड़ी हिट रही।



# सूर्या 44 की शूटिंग पूरी, सूर्या ने निर्देशक और टीम के लिए लिखा भावुक नोट

साउथ सुपरस्टार सूर्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कंगुवा की रिलीज के लिए तैयार हैं। दूसरी ओर वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सूर्या 44 के निर्माण में भी व्यस्त हैं। सूर्या ने अपनी 44वें फिल्म के लिए फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज के साथ हाथ मिलाया है। इस प्रोजेक्ट को अस्थायी रूप से सूर्या 44 नाम दिया गया है , जिसे एक अलग दौर में सेट की गई एक्शन-ड्रामा फिल्म बताया जा रहा है। कुछ समय पहले निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता का नया पोस्टर भी जारी किया था। वहीं अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। फिल्म को लेकर नई जानकारी यह है कि इस शीर्षकहीन फिल्म की शूटिंग आखिरकार चेन्नई में पूरी हो गई है। सूर्या ने सोशल मीडिया पर शूटिंग खत्म होने की घोषणा करते हुए निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज और उनकी टीम के लिए एक भावपूर्ण नोट पोस्ट किया और कुछ तस्वीरें साझा कीं। सूर्या हाल ने ही में अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा किया और अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी घोषणा की।

सूर्या ने अपने पोस्ट में लिखा, कई स्थानों पर एक शानदार, खुशहाल शूटिंग पूरी हुई... सुपर टैलेंटेड कास्ट और क्रू के साथ ढेर सारी यादें, मैंने जीवन भर के लिए एक भाई बनाया कार्तिक सुब्बाराज। सूर्या 44 को एक यादगार अनुभव बनाने के लिए आपका और हमारी टीम का धन्यवाद। इस खास नोट के साथ ही सूर्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर सूर्या के निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज, उनके सह-कलाकार जोजू जॉर्ज और टीम के बाकी सदस्यों के साथ कुछ प्यारी तस्वीरें भी शेयर कीं।

# सशक्त कहानी के साथ शिक्षा के महत्व को दर्शाती है आयुष्मति गीता मैट्रिक पास

राजकुमार संतोषी की गांधी गोडसे एक युद्ध से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाले नवोदित अभिनेता अनुज सैनी ने फिल्मों से पहले कई विज्ञापनों और म्यूजिक वीडियो में काम किया है। इन विज्ञापनों और वीडियोज में वे आलिया भट्ट, जैकलीन फर्नांडीज और जाह्नवी कपूर जैसी बेहतरीन अभिनेत्रियों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा कर चुके हैं।

**आपने गांधी गोडसे एक युद्ध से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। आपको इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए किस बात ने आकर्षित किया?**

मैं मुख्य रूप से राज कुमार संतोषी सर की वजह से फिल्म की ओर आकर्षित हुआ। मैं उनकी फ़िल्में देखते हुए बड़ा हुआ हूं। वह एक बेहतरीन और बेहद प्रतिभाशाली निर्देशक हैं। उनके द्वारा निर्देशित होना एक सपने जैसा था। दूसरी बात, जब मैंने फिल्म का वर्णन सुना, तो मुझे एहसास हुआ कि फिल्म का कंटेंट ही असली हीरो है। फिल्म में बहुत सी नई चीज़ें हैं। स्क्रिप्ट सुनने के बाद, मैं फिल्म के लिए मना नहीं कर सका। सब कुछ एकदम सही और सही जगह पर था।

**राजकुमार संतोषी के निर्देशन में काम करना कैसा रहा?**

राजकुमार संतोषी के निर्देशन में काम करना मेरे लिए बहुत ही सीखने वाला अनुभव था। यह जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर था। जिस तरह से वह किसी दृश्य को सुनाते और निर्देशित करते हैं, उससे अभिनेताओं के लिए अभिनय करना बहुत आसान हो जाता है। हर कोई जानता है कि वह एक महान फिल्म निर्माता हैं।

**इंडस्ट्री के बारे में इतना कुछ कहा जा रहा है (भाई-भतीजावाद, इनसाइडर-आउटसाइडर बहस), तो आपको इस पेशे को चुनने के लिए वास्तव में किस बात ने प्रेरित किया?**

हां, मैंने इंडस्ट्री के बारे में कही गई हर बात सुनी है और ईमानदारी से कहूं तो मेरा मानना है कि ये सभी चीजें मौजूद हैं। हालांकि, भाई-भतीजावाद हर जगह है। एक डॉक्टर का बेटा डॉक्टर बनता है, कोई उनसे सवाल नहीं करता। जब एक ड्राइवर का बेटा ड्राइवर बनता है तो कोई उससे सवाल नहीं करता। इसलिए अगर एक एक्टर का बेटा एक्टर बन रहा है, तो मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। एक एक्टर अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी जिंदगी मेहनत करता है और अगर उसके बच्चे इससे लाभान्वित हो रहे हैं, तो इसमें बुराई क्या है? अनुज सैनी यह फिल्म आगामी 18 अक्टूबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। इसमें उनके साथ कनिष्का कपूर नजर आएंगी।





# ..और काम मिले इसलिए बिग बॉस कर रही हैं शिल्पा

बिग बॉस का नया सीजन एक बार फिर धूम-धाम के साथ शुरू हो चुका है। बिग बॉस 18 में इस बार कई नामी-गिरामी चेहरे हिस्सा ले रहे हैं। इन प्रतियोगियों में से एक अनुभवी अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर भी हैं। बिग बॉस का ये सीजन अपने प्रीमियर के बाद से ही काफी चर्चा बटोर रहा है। इस बीच शिल्पा ने घर में शामिल होने से पहले अपने संघर्षों को खुलकर साझा किया है। एक समय पर बेहद मशहूर रहीं अभिनेत्री, जो 90 के दशक और 2000 के दशक की शुरुआत में अपने किरदारों के लिए जानी जाती थीं, उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में उनके लिए काम पाना काफी मुश्किल था।

## बिग बॉस में हिस्सा लेने का ये सही समय

अभिनेता ने काफी भावुक हो कर स्वीकार किया कि उनके लिए अभिनय में काम पाना काफी मुश्किल था। उन्होंने खुलासा किया कि बिग बॉस में प्रवेश करने से पहले, वह सक्रिय रूप से अभिनय के अवसरों की तलाश कर रही थीं। इस दौरान उन्हें कई बार अस्वीकृतियों का सामना भी करना पड़ा। उन्होंने एक इंटरव्यू में, ईमानदारी से कहूं, तो मैं बिग बॉस की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मेरी बेटी हमेशा मुझसे कहती थी कि मुझे भाग लेना चाहिए और अब जब वह 20 साल की हो गई है, तो मुझे लगा कि यह सही समय है।

## मैं एक्टर हूं और काम करना चाहती हूं

अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं काम की तलाश कर रही थी और लोगों से जुड़ने की कोशिश कर रही थी, लेकिन हर कोई मुझसे कहता रहा कि कोई काम नहीं है। मैं यह इसलिए कर रही हूं, क्योंकि मैं पेशे से एक अभिनेत्री हूं और यह मेरा काम है, इसलिए मेरे लिए इससे बेहतर मंच और क्या हो सकता है? बिग बॉस में भाग लेने को लेकर शिल्पा ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि हां मैं बिग बॉस से पहले काम की तलाश में थी, लेकिन कोई भी आपका फोन नहीं उठाता और अगर उठाता भी है, तो वे कूटनीतिक तरीके से कहते हैं कि अभी इंडस्ट्री में कुछ नहीं हो रहा है। जब मौका मिलेगा तो वे वापस बुलाएंगे, हाल ही में मेरे साथ भी ऐसा हुआ है। मैं एक एक्टर हूं, मैं काम करना चाहती हूं, मेरे लिए बिग बॉस भी काम है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि लोग बिग बॉस को लअलग तरह से देखते हैं, लेकिन यह एक काम है और ऐसा कर के उनका लक्ष्य इसके बाद और अधिक काम पाना है। उन्होंने कहा कि वो यहां नकली या कूटनीतिक नहीं बन रही हैं। उन्होंने कहा कि वो काम मांग रही थी, लेकिन लोग उनसे मिलने के लिए भी तैयार नहीं थे। बताते चलें कि शिल्पा की बहन नम्रता शिरोडकर साउथ के मशहूर अभिनेता महेश बाबू की पत्नी हैं। शिल्पा और नम्रता ने अपने करियर में कई शानदार फिल्मों में काम किया है।

# मां बनने के बाद अब दीपिका की होगी धमाकेदार बॉलीवुड एंट्री

सिंघम अगेन की शूटिंग के वक्त दीपिका प्रेगनेंट थीं। हालांकि, फिल्म की शूटिंग उन्होंने पहले ही पूरी कर ली है। सिंघम 3 इस साल दीवाली पर रिलीज होगी। ब्रह्मास्त्र 2 में भी दीपिका पादुकोण का अहम किरदार होगा।

ब्रह्मास्त्र 2 और ब्रह्मास्त्र 3 के आने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कल्कि 2 में भी दीपिका का अहम रोल होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, द इंटर्न नाम की फिल्म में दीपिका नजर आ सकती हैं।





# पॉपकॉर्न से ज्यादा हेल्दी होता है जवार धानी

पॉपकॉर्न आखिर किसे पसंद नहीं होते? मूवी डेट हो या घर पर पार्टी इसका सेवन जरूर किया जाता है। मार्केट में मिलने वाले पॉपकॉर्न में प्रिजर्वेटिव्स ज्यादा होते हैं। ऐसे में इसके सेवन से आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसकी जगह आप जवार धानी का सेवन कर सकते हैं। यह एक प्रकार का साबुत अनाज है, जो पॉपकॉर्न की तरह दिखता है। यह पॉपकॉर्न से ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इसमें पोषक तत्व ज्यादा होते हैं। साथ ही, यह कई स्वास्थ्य समस्याओं में फायदा करता है।

### ग्लूटन फ्री स्नैक्स

अगर आपको ग्लूटन वाली चीजों से एलर्जी है, तो आप इसका सेवन कर सकते हैं। यह एक अच्छा ग्लूटन फ्री स्नैक्स है, जिसके सेवन से आपका पाचन भी स्वस्थ रहेगा।

### वेट लॉस में मदद करे

जवार धानी में फाइबर अधिक मात्रा में होता है। इसके सेवन से आपको काफी देर तक भूख नहीं लगती है। इस कारण आप अगले मील में कम कैलोरी इंटेक करेंगे। साथ ही, आपको जल्द वजन घटाने में मदद मिलती है।

### कई बीमारियों में फायदेमंद

अगर आपको डायबीटीज, हाइपरटेंशन या स्ट्रोक की समस्या है, तो यह आपके लिए अच्छा विकल्प है। इसमेंफाइबर की अधिक मात्रा होती है, जो आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है।

### गट को हेल्दी बनाए रखे

खराब खानपान के कारण गट हेल्थ को नुकसान होता है। इससे पाचन क्रिया भी धीमी होती है, साथ ही गट इंफेक्शन का खतरा भी रहता है। ऐसे में जवार धानी बेहतरीन विकल्प है। यह जल्दी पच जाता है, साथ ही गट को हेल्दी रखने में मदद करता है।

### मैग्नीशियम से भरपूर

जवार धानी में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाता है और जोड़ों के दर्द से राहत देता है। महिलाओं में होने वाली मेनोपॉज की स्थिति में भी यह फायदेमंद है।

### माइक्रोन्यूट्रिएंट से भरपूर

जवार धानी में माइक्रोन्यूट्रिएंट भी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें जिंक, फास्फोरस, पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए गए हैं। यह शरीर में नए सेल्स और टिशूज बनाने में मदद करते हैं।

### जवार धानी का सेवन करने का सही तरीका

- जवार धानी को आप घर पर पॉपकॉर्न बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। यह स्वाद में भी काफी बेहतर होता है।
- जवार धानी को खिचड़ी या दलिया बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह आपके लिए परफेक्ट ब्रेकफास्ट या डिनर ऑप्शन हो सकता है।
- जवार धानी से आप उपमा या सूप भी बना सकते हैं. रात में लाइट डिनर के लिए यह सही ऑप्शन है।
- अगर आप किसी स्वास्थ्य समस्या के लिए दवा लेते हैं, तो इसका सेवन एक्सपर्ट की सलाह पर ही करें।



# मम्मी ब्रेन क्या होता है? कारण और लक्षण

**प्रेग्नेंसी में कई महिलाओं में भावनात्मक बदलाव आते हैं। कुछ महिलाओं को मम्मी ब्रेन की समस्या हो जाती है।**

मां बनना एक महिला के लिए दुनिया का सबसे खूबसूरत एहसास होता है। मदरहुड जर्नी बेहद खूबसूरत होती है। हालांकि इस दौरान महिलाओं को कई तरह की मुश्किलें भी आती है। प्रेग्नेंसी से लेकर प्रसव के बाद तक महिलाओं की फिजिकल हेल्थ के साथ ही उनकी मेंटल हेल्थ पर भी असर पड़ता है। कई सारे भावनात्मक बदलाव आते हैं। कई महिलाएं तो प्रेगनेंसी ब्रेन या मम्मी ब्रेन की शिकार हो जाती हैं। आइए विस्तार से जानते हैं मम्मी ब्रेन के बारे में।

### क्या होता है मम्मी ब्रेन?

प्रेग्नेंसी के दौरान और मां बनने के बाद कई सारे भावनात्मक बदलाव आते हैं। इस दौरान कई महिलाओं को भूलने की बीमारी हो जाती है। मां बनना शारीरिक, इम्यून फंक्शन और व्यवहार में नाटकीय बदलावों से जुड़ा होता है जो गर्भावस्था के दौरान शुरू होते हैं और प्रसव के बाद भी जारी रहते हैं। महिलाएं छोटी-छोटी बातें भूलने लगती हैं जैसे वह किचन में क्या काम करने के लिए गई थी उन्होंने अपना सेल फोन कहां रख दिया , वह किसे फोन लगाने वाली थीं, वगैरा-वगैरा... इस सिचुएशन को ही मम्मी ब्रेन के नाम से जाना जाता है। यह समस्या कुछ समय के लिए होती है और धीरे-धीरे आगे चलकर अपने आप ही ठीक हो जाती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक ऐसा गर्भावस्था के पहले तीन से चार महीने में होता है और यह गर्भावस्था के बाद तक बना रहता है।

### मम्मी ब्रेन के लक्षण

- फोकस में कमी
- छोटी-छोटी चीजों को भूल जाना
- नींद पूरी न होना
- काम में मन न लगना
- तनाव और चिंता में होना
- हर समय थकान लगना

### मम्मी ब्रेन से कैसे निपटें

- तनाव से दूर रहने के लिए मेडिटेशन करें।
- खुद के लिए थोड़ा वक्त निकालें।
- पर्याप्त नींद लें।
- बच्चों को संभालने में परेशानी हो रही है तो दूसरों की मदद लें।
- पौष्टिक आहार खाएं।
- घूमने फिरने जाएं।
- आपको जो एक्टिविटी पसंद है वही करें।
- तनाव होने पर अपनों से बात करें।





# एरोबिक व्यायाम के साथ अपने दिल को स्वस्थ रखें

एरोबिक व्यायाम न केवल मजबूत हड्डियों के निर्माण, मांसपेशियों की ताकत, धीरज और लचीलेपन में सुधार करने के लिए फायदेमंद होते हैं, बल्कि हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक, मधुमेह और कुछ कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए भी फायदेमंद होते हैं। शोध से पता चलता है कि यह केवल छह महीनों में आपकी सोच और याददाश्त में सुधार कर सकता है। ऑथोर्पेडिक स्पोर्ट्स सर्जन वोंडा राइट, एमडी, एफएओओएस कहते हैं '' चलना, दौड़ना, साइकिल चलाना, तैराकी और क्रॉस कंट्री कुछ लोकप्रिय एरोबिक गतिविधियां हैं। अपने एरोबिक व्यायाम से अधिक लाभ उठाने के लिए, लचीलापन और ताकत प्रशिक्षण अभ्यास को अपनी फिटनेस दिनचर्या में शामिल किया जाना चाहिए।''

'' अपने कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम को मजबूत करने के लिए, हर बार जब आप व्यायाम करते हैं तो अपनी लक्षित हृदय गति पर अपनी हृदय गति को 20 से 60 मिनट तक बढ़ाना महत्वपूर्ण है। अपने लक्षित हृदय गति पर व्यायाम करना सुनिश्चित करता है कि आपका शरीर लाभ प्राप्त करने के लिए पर्याप्त ऊर्जा का प्रयोग कर रहा है। यह सटीक रूप से ट्रैक करने के लिए कि आपका शरीर कितनी मेहनत कर रहा है, अपनी लक्षित हृदय गति की गणना करें और प्रति मिनट धड़कन को ट्रैक करें। आपके लक्षित हृदय गति को निर्धारित करने के लिए एक सामान्य गणना आपकी आयु से 220 मिनियुस है।''डॉ राइट कहते हैं कि व्यायाम का एफआईटीटी सिद्धांत एरोबिक गतिविधि के लिए पालन करने के लिए एक प्रभावी दिशानिर्देश है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन एरोबिक गतिविधि में भाग लेने के दौरान चोट को खत्म करने के लिए इन सुरक्षा युक्तियों का सुझाव देते हैं। अपने डॉक्टर ने सलाह दी कि यदि आपकी मौजूद स्थिति, अधिक वजन वाले हैं, धूम्रपान करने वाले हैं या कुछ समय से सक्रिय नहीं हैं, तो एक नया व्यायाम दिनचर्या शुरू करने से पहले अपने चिकित्सक से परामर्श करें। वहीं हाइड्रेट और निर्जलीकरण के हल्के स्तर भी एथलेटिक प्रदर्शन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यदि आपके पास पर्याप्त तरल पदार्थ नहीं हैं, तो आपका शरीर पसीने और वाष्पीकरण के माध्यम से खुद को प्रभावी ढंग से ठंडा नहीं कर पाएगा।



# रोज सुबह खाली पेट पिएं यह आयुर्वेदिक चाय, पेट दर्द और गैस समेत 10 बीमारियां होंगी दूर

अगर आप पेट की गैस, ब्लोटिंग, अपच, एक्ने या फिर पीरियड्स के दर्द से परेशान हैं, तो यह चाय खास आपके लिए है। घर के मसालों से बनी यह आयुर्वेदिक चाय कई बीमारियों को दूर करती है। आज के समय में सेहतमंद रहना थोड़ा मुश्किल हो गया है। खान-पान की गलत आदतों, अनियमित जीवनशैली, बढ़ते तनाव और भी कई वजहों से लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। हेल्दी रहने के लिए शरीर में कई विटामिन्स, मिनरल्स और अन्य न्यूट्रिएंट्स का सही लेवल में होना जरूरी है। इसके अलावा, शरीर में हार्मोन्स भी सही लेवल में होने चाहिए। कई बीमारियों से बचाव के देसी नुस्खे हमारे घरों में ही मौजूद हैं। अगर आप पेट की गैस, ब्लोटिंग, अपच, एक्ने या फिर पीरियड्स के दर्द से परेशान हैं, तो यह चाय खास आपके लिए है। इसके अलावा भी इस चाय के कई फायदे हैं।

### जीरा, सौंफ और धनिये के बीजों की चाय के फायदे

- इससे ब्लोटिंग, इनडाइजेशन, जी मिचलाना, सिरदर्द और पीरियड्स में होने वाला दर्द कम होता है।
- अगर आपको खाना खाने के बाद पेट फूला हुआ महसूस होता है या फिर गैस बनती है, तो यह आपके लिए फायदेमंद है।
- शरीर में वात-पित्त-कफ का बैलेंस बनाकर यह चाय गट हेल्थ को भी सुधारती है।
- इस चाय में इस्तेमाल की जाने वाली तीनों चीजें वात को हरती हैं, यानी गैस को दूर करती हैं और पाचक रस को उत्तेजित करती हैं, डाइजेस्टिव फायर को जलाए रखने में मदद करती है, जिससे हम जो भी खाते है, वह सही से पच पाता है।
- इससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स भी दूर होते हैं और खाने से न्यूट्रिएंट्स सही तरह से हमारे शरीर में पहुंचते हैं।
- कई बार गैस के कारण खाना खाने के बाद उल्टी आती है, ऐसे में यह चाय आपकी मदद कर सकती है।
- लिवर और किडनी को डिटॉक्स करती है।
- शरीर में इंफलेमेशन को कम करती है और फैटी लिवर के पेशेंट्स के लिए अच्छी होती है।
- इससे गट हेल्दी रहता है और स्ट्रेस भी दूर होता है।
- ब्लड ग्लूकोज को बैलेंस करती है।
- भूख को बढ़ाती है।

### कैसे बनाएं?

**सामग्री**

- जीरा- 1 टेबलस्पून
- धनिये के बीज- 1 टीस्पून
- सौंफ के बीज- 1 टेबलस्पून
- पानी- लगभग 2 गिलास

### विधि

- सभी चीजों को पानी में डालें।
- इसे लगभग 7-10 मिनट तक उबालें।
- अब इसे छान लें।
- आपकी हेल्दी आयुर्वेदिक चाय तैयार है।

### कब पिएं?

- इस चाय को खाली पेट पीना सबसे अच्छा माना जाता है।
- आप इसे खाना खाने के 1 घंटे बाद भी पी सकती हैं।

**नोट**- प्रेग्नेंसी के दौरान यह चाय नहीं पीना चाहिए क्योंकि सौंफ गर्भवती महिलाओं को नुकसान पहुंचा सकती है। इसके अलावा, अगर आपको कोई हेल्थ से जुड़ी समस्या है, तो इस चाय को शुरू करने से पहले एक बार डॉक्टरी सलाह जरूर लें।



# अपने हृदय की जरूरतों के प्रति जागरूक रहें

**हार्ट अटैक के खतरों को कम करने और कार्डियोवस्कुलर डिजीज से सुरक्षित रहने के लिए जरूरी है कि आप अपने हृदय की जरूरतों के प्रति जागरूक रहें। इस बात की जरूरत सबसे अधिक उन लोगों को होती है जो सिटिंग जॉब में होते हैं।**

हृदय रोग से बचाव जैसे, हार्ट स्ट्रोक और हार्ट अटैक के खतरों को कम करने और कार्डियोवस्कुलर डिजीज से सुरक्षित रहने के लिए जरूरी है कि आप अपने हृदय की जरूरतों के प्रति जागरूक रहें। इस बात की जरूरत सबसे अधिक उन लोगों को होती है जो सिटिंग जॉब में होते हैं। क्योंकि लगातार कई घंटे एक ही जगह पर बैठे रहने से दिल की सेहत पर काफी बुरा असर पड़ता है.

- आपको यह बात हैरान कर सकती है कि एक समय 55 प्लस की उम्र में होनेवाली कार्डियोवस्कुलर डिजीज आजकर 25 साल के युवाओं को भी अपनी चपेट में लेने लगी हैं। इतना ही नहीं हमारे देश में हार्ट अटैक के कुल मामलों में आधी संख्या उन लोगों की है, जिनकी उम्र 50 से कम है।
- इस आधी संख्या में भी 25 प्रतिशत लोग वो हैं जिनकी उम्र 40 साल से भी कम है। इन आंकड़ों से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि दिल की बीमारियां कितनी तेजी से हमारे समाज को बीमार बना रही हैं। खासतौर पर हमारे युवाओं को।
- अपने दैनिक जीवन में कुछ चुनिंदा बातों का ध्यान रखकर कई घंटों तक एक ही स्थान पर बैठकर काम करनेवाले लोग हार्ट को हेल्दी रख सकते हैं। इसके लिए आपको जो चीजें जानने की जरूरत है, उनके बारे में यहां बताया जा रहा है.

### सीट पर बैठे हुए ही करें स्ट्रेचिंग

- घंटों की सिटिंग जॉब और लॉकडाउन के कारण डेली रूटीन में फिजिकल ऐक्टिविटीज करना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में आप उन सूक्ष्म व्यायाम के बारे में अपनी जानकारी बढ़ाएं, जिन्हें आप काम के दौरान ही 2 से 3 मिनट का समय निकालकर बीच-बीच में कर सकें।
- ये सूक्ष्म व्यायाम आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन का सही स्तर बनाए रखने में सहायता करते हैं। इससे आपके हृदय की पंपिंग प्रक्रिया बाधित नहीं होती है और पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह सुचारू रूप से बना रहता है।

### भोजन में जरूरी हैं कुछ बदलाव

- सीटिंग जॉब वालों को अपनी डायट में कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे, कम मसालों का सेवन करें.
- यानी आपका भोजन बहुत अधिक स्पाइसी नहीं होना चाहिए।
- भोजन में डीप फ्राइड चीजों का उपयोग कम करें इनके स्थान पर फ्रूट सलाद, सब्जियों की सलाद, ड्राई फ्रूट्स और उबली हुई सब्जियों को शामिल करें।
- डिब्बाबंद फूड और पैक्ड रेडी टु ईट फूड्स से जितना हो सके दूर रहें। क्योंकि इनमें प्रिजर्वेटिव्स की भारी मात्रा होती है, साथ ही फैट भी अधिक होता है।

### पर्याप्त नींद लें

- नींद लेना हमारी आंखों की सेहत के लिए ही नहीं बल्कि हमारे ब्रेन, हार्ट और पूरे शरीर की सेहत के लिए जरूरी है। क्योंकि जब हम सो रहे होते हैं तो हमारा शरीर डैमेज हुई सेल्स की रिपेयरिंग कर रहा होता है।
- ऐसे में जो लोग 7 से 8 घंटे की पूरी नींद नहीं लेते हैं, उनके शरीर में आंतरिक कमजोरी और बीमारियां पनपने की आशंका अधिक रहती है।

### खुश रहना है जरूरी

- खुश रहने के लिए जरूरी है कि आप तनाव मुक्त रहें। क्योंकि हमारे दिल और दिमाग की ज्यादातर बीमारियों की वजह तनाव होता है। जिन परिस्थितियों को आप अपने अनुसार ढाल नहीं पा रहे हैं, बेहतर होगा कि आप उनके अनुसार खुद ढल जाएं।
- शांति और खुशहाली से जीवन जीने की यह एक कुंजी है। वैसे भी बेहतर है कि हम सभी एक स्वस्थ जिंदगी जी पाएं, जो खुशियों से भरी हो। क्योंकि तनावपूर्ण जिंदगी कितनी भी लंबी क्यों ना हो बोझिल ही होती है और कोई खुशी नहीं देती।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएल टाटा, रतन टाटा के सौतेले भाई जो अब संभाल सकते हैं समूह की कमान

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा अब इस दुनिया में नहीं रहे। 86 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। इसके साथ ही टाटा समूह की कमान को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि रतन टाटा के बाद अब अगुवाई कौन करेगा। हालांकि, इस रेस में कई नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन सबसे आगे उनके सौतेले भाई नोएल टाटा का नाम है। हालांकि, अब तक समूह की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। नवल एच टाटा और सिमोन एन टाटा के बेटे हैं। टाटा इंटरनेशनल की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, नोएल टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। वह टाटा समूह से 40 सालों से जुड़े हुए हैं और टाटा ग्रुप की कई कंपनियों में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल हैं। वह ट्रेंट, टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन हैं। साथ ही वह नोएल स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के वाइस चेयरमैन हैं। वह सर रतन टाटा ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के बोर्ड के ट्रस्टी भी हैं। उन्होंने ब्रिटेन की ससेक्स यूनिवर्सिटी से शिक्षा हासिल की है। साथ ही आईएनएसईएडी से इंटरनेशनल एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम पूरा किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टाटा समूह ने नोएल टाटा के 3 बच्चों को परोपकारी संस्थाओं के बोर्ड में शामिल किया था। इनमें लेह, माया और नेविल का नाम शामिल है। खास बात है कि इन नियुक्तियों से ट्रस्ट्स की 132 साल पुरानी परंपरा में भी बदलाव के संकेत मिलते हैं, जहां पहले आमतौर पर दिग्गजों को ट्रस्टीशिप दी जाती थी। लेह, माया और नेविल टाटा की कई कंपनियों में मैनेजर लेवल के पदों पर भी हैं।

### महाराष्ट्र की 7 जातियों को ओबीसी में शामिल करने की एनसीबीसी की सिफारिश, क्या चुनाव से पहले होगा लागू

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्रचुनाव से ठीक पहले ओबीसी आरक्षण को लेकर राष्टीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के रिपोर्ट सामने आई है। एनसीबीसी ने राज्य की सात प्रमुख जातियों और उप-जातियों को केंद्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल करने की सिफारिश की है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या सूबे में चुनाव से पहले सरकार इसे लागू करेगी जिन जातियों और उप-जातियों को शामिल करने की सिफारिश की गई है, उनमें लोध, लोढ़ा, लोधी, सूर्यवंशी गुजर, लेवे गुजर, रेवे गुजर, रेव गुजर, डंगरी, भोयर, पवार, कपेवार, मुन्नार कपेवार, मुन्नार कपु, तेलंगा, तेलंगी, पेंटररेड्डी और बुकेकारी शामिल हैं। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा, महाराष्ट्रसरकार के प्रस्ताव पर पिछले साल से काम चल रहा था। इस मुद्दे पर आयोग द्वारा चार से पांच बैठकों का आयोजन किया गया और गहन जांच के बाद, हमने इन जातियों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की सिफारिश की है। एनसीबीसी अध्यक्ष हंसराज अहीर और आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने इस मुद्दे पर 26 जुलाई और 17 अक्टूबर को मुंबई के सह्याद्री राज्य गेस्ट हाउस में सुनवाई की। वहीं राज्य सरकार के अधिकारियों के अनुसार, सभी सिफारिश की गई जातियां पहले से ही राज्य की ओबीसी सूची में शामिल हैं। पवार, भोयर और पवार जातियों के मामले में, ये पहले से ही केंद्रीय सूची में पवार, भोयर पवार और भोयर के रूप में शामिल थीं। हालांकि, इन समुदायों ने अलग-अलग सूचीबद्ध होने की मांग की थी, जिसके परिणामस्वरूप आयोग ने इन्हें अलग-अलग शामिल करने की सिफारिश की है। भोयर, पवार और पवार समुदाय मुख्य रूप से पूर्वी महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र, विशेष रूप से भंडारा और गोंदिया जिलों में पाए जाते हैं। इन्हें पहली बार 1996 से 1998 के बीच केंद्रीय सूची में शामिल किया गया था। गुजर उप-जातियां मुख्य रूप से उत्तर महाराष्ट्रमें नासिक, जलगांव, धुले और नंदुरबार जिलों में केंद्रित हैं। मौजूदा वक्त में महाराष्ट्रकी 261 जातियां केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल हैं। राज्य सरकारों को जातियों को शामिल करने के लिए सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पिछड़ेपन पर आधारित डेटा प्रस्तुत करना होता है। आयोग उस डेटा की जांच करता है और फिर केंद्र सरकार को सिफारिश भेजता है। केंद्र सरकार इन जातियों को सूची में शामिल करने के बाद आधिकारिक रूप से अधिसूचना जारी करती है, जिससे ये जातियां केंद्रीय सरकारी नौकरियों, उच्च शिक्षा संस्थानों और छात्रवृत्तियों में आरक्षण का लाभ उठा सकती हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा: शाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता अमित शाह ने हाल ही में वामपंथी उग्रवाद पर समीक्षा बैठक के दौरान यह स्पष्ट कर दिया कि, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मार्च, 2026 तक इस देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।'



नक्सलवाद को देश के विकास में सबसे बड़ा नासूर मानने वाले शाह का मानना है कि सुदूर इलाकों और जनजातीय लोगों तक विकास को पहुँचाने के रास्ते में में सबसे बड़ा रोड़ा नक्सलवाद है। नक्सलवाद गाँवों में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएँ, कनेक्टिविटी, बैंकिंग और डाक सेवाएँ नहीं पहुँचने देता है। भारत को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए कटिबद्ध अमित शाह जब यह ऐलान करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का नामो-निशान मिटा दिया जाएगा, तो बीते वर्षों में शाह के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई के ट्रैक रिकॉर्ड को समझना जरूरी हो जाता है। शाह के ऐलान का आधार भी सॉलिड है क्योंकि आँकड़े बताते हैं कि साल 2019 में अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद से अब तक नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। 30 साल बाद वामपंथी उग्रवाद से संबंधित मृत्यु की संख्या 100 से कम रही, नक्सली हमलों में 72 प्रतिशत की कमी आई है जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। शीर्ष 14 नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया गया और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारा जा रहा है। आज बूढ़ा पहाड़ और चकरबंधा जैसे कई क्षेत्र वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में इस साल जनवरी से अब तक कुल 237 नक्सली मारे गए, 812 गिरफ्तार हुए और 723 ने आत्मसमर्पण किया है। नॉर्थईस्ट, कश्मीर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 13 हज़ार से ज्यादा लोग हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। मोदी जी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति और सरकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत इंप्लीमेंटेशन से वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र अब विकास की मुख्यधारा से जुड़कर विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। बीते 5-6 सालों में वामपंथी उग्रवादी हिंसक विचारधारा की जगह विकास और विश्वास का एक नया युग शुरू करना चाहते हैं। कांग्रेस की सरकार में सुरक्षा संबंधी व्यय योजना में 2004 से 2014 तक 1,180 करोड़ रूपए खर्च हुए थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों के तहत वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित राज्यों में सुरक्षा संबंधी व्यय को लगभग 3 गुना बढ़ाकर 3,006 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो बताता है कि भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार नक्सलवाद पर लगाम लगाने के लिए किस कदर प्रयासरत है। वामपंथी प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए नए कैंप और नए जॉइंट टास्क फोर्स बनाने के साथ-साथ राज्य पुलिस की सहायता के लिए सीआरपीएफ की बटालियन को भेजने का मतलब साफ है कि अमृतकाल में इस देश में नक्सलवाद के लिए कोई जगह नहीं है। फ्लैगशिप योजनाओं के अलावा सड़क कनेक्टिविटी, टेलीकम्युनिकेशन सुविधाओं में सुधार, वित्तीय समावेशन कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण आदि जैसे महत्त्वपूर्ण विकास के बिंदुओं पर जोर-शोर से काम किया जा रहा है। नए भारत के निर्माण में जुटे अमित शाह के ऐलान से यह स्पष्ट हो जाता है कि वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई आज अपने अंतिम चरण में है।

## नोएडा में अजीब कांड! 12 साल के लड़के को लेकर भागी 15 साल की लड़की, तीसरी बार हुई फरार

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा में 15 साल की एक लड़की ने परिवार और पुलिस को परेशान कर दिया है। वह तीन बार घर से भाग चुकी है। दूसरी बार 12 साल के एक पड़ोसी लेकर के साथ फरार हो गई है। दो बार उसे पुलिस बरामद करके घर वापस ला चुकी थी। अब परिवार शहर छोड़ने जा रहा था तो उसी समय एक बार फिर वह फुर्र हो गई। 12 साल का वह लड़का भी लापता है।

मामला नोएडा के सेक्टर 58 स्थित गांव बिशनपुरा का है। नाबालिग लड़की मंगलवार शाम उस घर से भागी जब परिवार बेटी की बुरी आदतों के चलते नोएडा छोड़कर बिहार जाने को तैयारी कर रहा था। पिता ऑटो लेने निकले थे और वह मां व छोटी बहन को चकमा देकर गायब हो गई। दो बार किशोरी को बरामद कर चुकी पुलिस एक बार फिर खोजने में जुट गई है।

मूलरूप से बिहार के जिला दरभंगा के रहने वाले पीड़ित ने बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी 15 वर्ष और छोटी बेटी 12 वर्ष की है। करीब 4 साल पहले वह बेटियों को पढ़ाने के लिए वह नोएडा आए थे। बिशनपुरा में किराए पर एक कमरा लिया। पति-पत्नी ने एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करके बेटियों को पढ़ा रहे थे। पिता ने बताया कि फरवरी 2024 में बड़ी बेटी पड़ोस में रहने वाली दो और नाबालिग लड़कियों को साथ लेकर चली गई। पुलिस ने खोजबीन करके करीब एक सप्ताह बाद वृंदावन से बरामद कर लिया। वह घर से 50 हजार रुपये ले गई थी। जयपुर में घूमने के बाद वृंदावन पहुंच गई थी।

पुलिस के मुताबिक करीब 15 दिन पहले भी किशोरी पड़ोस में रहने वाले 12 वर्षीय किशोर के संग लापता हो गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद उसे बरामद किया। पिता ने पुलिस को बताया कि अब उन्होंने नोएडा छोड़ने का फैसला किया है। मंगलवार शाम वह परिवार सहित दरभंगा जाने के लिए निकलने वाले थे। वह ऑटो लेने के लिए निकले थे। पत्नी और छोटी बेटी घर का सामान पैक कर रही थीं, तभी बड़ी बेटी चकमा देकर चली गई। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला 12 वर्षीय किशोर भी गायब है। आशंका जताई जा रही है कि इस बार वह किशोर को भी अपने साथ ले गई है। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र का कहना है कि किशोरी को खोजने के लिए टीम गठित कर दी है।

## ट्यूशन जा रही बच्ची को बुलाया, गाजियाबाद में 7 साल की मासूम से दरिंदगी; हैवान पड़ोसी गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
गाजियाबाद के कविनगर थानाक्षेत्र में पड़ोसी युवक द्वारा सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बच्ची के पिता की शिकायत पर दुष्कर्म और पॉक्सो ऐक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से फर्रुखाबाद निवासी एक व्यक्ति कविनगर थानाक्षेत्र के गांव में पत्नी और चार बच्चों के साथ रहता है । उसकी सात वर्षीय बेटी रोजाना शाम को घर से करीब पांच सौ मीटर दूर एक शिक्षक से ट्यूशन पढ़ने जाती है।

इसी क्रम में बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे भी बच्ची घर से ट्यूशन के लिए निकली। घर से करीब 50 मीटर दूर चलने पर वहां रहने वाले 25 वर्षीय नितिन शर्मा ने इशारा करके बच्ची को अपने घर में बुला लिया। आरोप है कि नितिन ने पहले तो बच्ची के साथ छेड़छाड़ की और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। जैसे-तैसे चंगुल से छूटकर पीड़िता ने शोर मचा दिया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आपबीती बताने पर उसने पुलिस को सूचना दी। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि शिकायत के आधार पर पॉक्सो ऐक्ट और दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कोई काम-धंधा नहीं करता और नशे का आदी है। देहरादून के पथरीबाग क्षेत्र से मानव तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, दिल्ली से बेचने के लिए दून लाई गईं तीन किशोरियां सकुशल बरामद की गई हैं। आरोपी नाबालिगों को 11 लाख में बेचने की फिराक में थे। पटेलनगर थानाध्यक्ष केके लुंठी ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली की तीन किशोरी आइएसबीटी क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितयों में घूम रही हैं। इस पर तीनों को चौकी में पूछताछ की गई। किशोरियों ने बताया कि दिल्ली से कुछ लोग उन्हें देहरादून में नौकरी और पैसा दिलाने के नाम पर साथ ले आए थे, उन्हें एक फ्लैट में ठहराया गया। वहां एक महिला और पुरुष को सौंप दिया गया। रात में उन्होंने 11 लाख रुपये में बेचने की बात करते सुना। इस पर वह घबरा गईं और चादर के सहारे बालकनी से कूदकर भाग निकलीं। इसके बाद पथरीबाग के पास वेद सिटी कॉलोनी में एक फ्लैट में दबिश दी।

## मानहानि मामले में गाजियाबाद कोर्ट ने जारी किए दो विरोधाभासी आदेश

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद की एक अदालत से एक ही मुकदमे में दो विरोधाभासी आदेश वेबसाइट पर जारी होने को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गम्भीरता से लिया है। कोर्ट ने गाजियाबाद के जिला जज को यह जांच करने का आदेश दिया है कि मानहानि के एक मामले में दो विरोधाभासी आदेश ऑनलाइन कैसे अपलोड कर दिए गए और किन परिस्थितियों में संबंधित न्यायालय के कर्मचारियों ने वेबसाइट पर बिना हस्ताक्षर वाला मसौदा आदेश अपलोड कर दिया।



दरअसल मामला यह है कि गाजियाबाद रहने वाले पति-पत्नी ने याची के ?खिलाफ मानहानि का आरोप लगाते हुए परिवाद दाखिल किया था। ट्रायल कोर्ट ने 13 फरवरी को इस पर एक ही दिन में दो आदेश पारित कर दिए। पहले आदेश में मानहानि की शिकायत खारिज कर दी गई थी, जबकि दूसरे आदेश में आरोपी को मुकदमे का सामना करने के लिए बुलाया गया था।

इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याची के वकील ने कोर्ट को बताया कि जिस आदेश से शिकायत खारिज की गई थी, उस पर हस्ताक्षर नहीं थे। जबकि जिस आदेश से अभियुक्त को बुलाया गया था, वह हस्ताक्षरित आदेश था। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि जिस अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट का मामला है वह एक युवा मजिस्ट्रेट है और उनके लंबे करियर को ध्यान में रखते हुए यह अदालत कोई प्रतिकूल आदेश पारित नहीं कर रही है। पारुल अग्रवाल की याचिका पर जस्टिस सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि कि संबंधित मजिस्ट्रेट ने सावधानी नहीं बरती थी और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ जांच भी शुरू नहीं की थी। मामला सामने आने के बाद हाई कोर्ट ने मजिस्ट्रेट से स्पष्टीकरण मांगा था। जवाब में न्यायिक अधिकारी ने बिना शर्त माफी मांगी और बताया कि उनकी कोर्ट के कर्मचारियों ने अनजाने में उनकी सहमति के बिना एक अहस्ताक्षरित आदेश अपलोड कर दिया था। मामले के विशिष्ट तथ्यों पर विचार करते हुए हाई कोर्ट ने दोनों आदेशों को रद्द कर दिया और निर्देश दिया कि बिना हस्ताक्षर वाले आदेशों को कार्यवाही का हिस्सा नहीं माना जाएगा। साथ ही मामले पर नए सिरे से निर्णय लेने के लिए पुनः ट्रायल कोर्ट भेज दिया गया।

## जम्मू-कश्मीर में अपने सर्वोच्च स्कोर पर भाजपा, फिर भी आत्मचिंतन मोड में पहुंची

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने 48 सीट जीतकर ना सिर्फ स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है बल्कि इस गठबंधन ने भाजपा की कमर तोड़ दी है, जिसके बाद भगवा पार्टी आत्मचिंतन मोड में आ गई है। भाजपा ने इस केंद्र शासित प्रदेश में कुल 29 सीटें जीतीं, जो उसका अबतक का हाई स्कोर है लेकिन भाजपा जम्मू क्षेत्र से 35 सीटें जीतने के अपने लक्ष्य से चूक गई। इसके अलावा पार्टी ने कश्मीर घाटी में भी कुछ निर्दलीय और समान विचारधारा वाली पार्टियों समेत 15 सीटें जीतने की योजना बनाई थी, जो विफल हो गई। भगवा पार्टी को मुस्लिम बहुल रामबन, राजौरी और पुंछ जिलों से कुल दस में से केवल एक सीट मिली है। इसके अलावा भाजपा ने जम्मू क्षेत्र में कुल 43 में से 35 सीटों पर जीत के लिए गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी मतदाताओं पर भरोसा जताया था, जो उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। हालांकि, चुनावी नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता ने कहा, जम्मू के लोगों ने हमारा समर्थन दिया है और हम उनका शुक्रिया अदा करते हैं। हमने 35 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उसे प्राप्त करने में कुछ सीटें कम रह गईं।गुप्ता ने कहा कि ये सब गणनाएं हैं। फिर भी हम एक बड़ी पार्टी बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में विकास, शांति और स्थिरता के लिए काम करती रहेगी। गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने कड़ी मेहनत की, लेकिन हम सफल नहीं हो पाए।

## शिमला मस्जिद विवाद में नया मोड़, नगर आयुक्त न्यायालय के आदेश को चुनौती देगा मुस्लिम संगठन

**शिमला , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के एक मुस्लिम संगठन ने विवादित संजौली मस्जिद की तीन अवैध मंजिलों को गिराने के शिमला नगर आयुक्त न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने का फैसला किया है। संगठन का कहना है कि वह इस आदेश को अपीलीय प्राधिकरण की अदालत में चुनौती देगा। शिमला नगर आयुक्त (एमसी) न्यायालय ने 5 अक्टूबर को शिमला में विवादित पांच मंजिला संजौली मस्जिद की तीन अनधिकृत मंजिलों को गिराने का आदेश दिया था। शिमला नगर आयुक्त (एमसी) न्यायालय ने वक्फ बोर्ड और मस्जिद समिति के अध्यक्ष को अपने आदेशों का पालन करने के लिए दो महीने की मोहलत दी थी। अदालत ने पाया था कि समिति ने खुद मस्जिद के अनधिकृत हिस्से को गिराने की पेशकश की थी। ऑल हिमाचल मुस्लिम संगठन (एएचएमओ) ने कहा कि इस आदेश को अपीलीय प्राधिकरण की अदालत में चुनौती दी जाएगी। ऑल हिमाचल मुस्लिम संगठन (एएचएमओ) के राज्य प्रवक्ता नजाकत अली हाशमी ने आधिकारिक बयान में कहा कि एमसी कोर्ट के आदेश की समीक्षा के लिए बुलाई गई संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से निष्कर्ष निकाला गया कि मस्जिद की अनधिकृत मंजिलों को ध्वस्त करने का वचन देने वाले लोगों के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं था। एमसी कोर्ट की ओर से पारित आदेश तथ्यों के उलट है। एएचएमओ के राज्य प्रवक्ता नजाकत अली हाशमी ने कहा कि यह जमीन वक्फ बोर्ड की है। मस्जिद 125 साल पुरानी है। इसकी मंजिलें अवैध नहीं हैं। नक्शे की मंजूरी का अधिकार अधिकारियों के पास है, लेकिन एमसी कोर्ट ने मस्जिद की तीन मंजिलों को ध्वस्त करने का आदेश दे दिया। यह हमारे अधिकारों पर अंकुश लगाने, हमारे धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने और हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला है।

## सपा नेता के भाई पर नोएडा प्राधिकरण का ऐक्शन, बकाया न देने पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स सील

**नोएडा, एजेंसी।**
नोएडा प्राधिकरण ने बकाया न देने पर आवंटन निरस्त होने के बावजूद सेक्टर-18 में चल रहे व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को सील कर दिया। आवंटन निरस्त होने के बावजूद आठ मंजिल की इस इमारत में व्यावसायिक काम हो रहा था। यह कॉम्प्लेक्स सपा नेता के भाई का है। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अशोक शर्मा ने बताया कि पी-14, सेक्टर-18 में 141 वर्ग मीटर का एक भूखंड है। इसका मालिक महेश यादव है।

भूखंड का बकाया नहीं देने पर प्राधिकरण ने 20 अप्रैल 2023 को आवंटन निरस्त कर दिया था। आवंटन निरस्त होने के बाद प्राधिकरण के खिलाफ आवंटी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने आवंटी को आदेश दिया था कि 15 मई 2023 तक या उससे पहले पांच करोड़ रुपये का भुगतान और शेष 16 करोड़ रुपये का भुगतान त्रैमासिक चार किस्तों में देना है। यह रकम 15 मई 2024 तक दी जानी थी।

अधिकारियों ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद आवंटी ने कोई पैसा जमा नहीं किया। उन्होंने बताया कि बकाया नहीं देने और आवंटन निरस्त होने के बावजूद मौके पर आठ मंजिल भवन को किराए पर दिया हुआ था। ऐसे में इस भूखंड को मंगलवार को सील कर दिया गया। यहां स्पा और अन्य चीजें संचालित हो रही थीं। बता दें कि सपा के प्रदेश सचिव एवं पूर्व महानगरध्यक्ष रह चुके राकेश यादव के भाई महेश यादव के नाम यह भूखंड है। सीलिंग के समय प्राधिकरण की टीम को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान महेश यादव और अन्य लोगों ने पहुंचकर प्राधिकरण की कार्रवाई का विरोध किया और कहा कि अभी मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस कारण प्राधिकरण कार्रवाई नहीं कर सकता है।

## माफी मांगनी चाहिए; मामन खान पर अब कांग्रेस में ही उठ गया सवाल

**नूंह, एजेंसी।**
हरियाणा में रिकॉर्ड वोट से जीते मामन खान पर अब कांग्रेस पार्टी में ही बवाल शुरू हो गया है। नूंह दंगों में आरोपी रहे फिरोजपुर झिरका सीट से नवनिर्वाचित विधायक मामन खान पर एक समुदाय के खिलाफ भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के दिग्गज नेता ने कहा है कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए। कैप्टन अजय सिंह यादव ने हरियाणा में पार्टी की हार के बाद अहीरों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने की बात कही है तो सीएम पद के लिए हुई खींचतान को भी बड़ी गलती करार दिया है।



कांग्रेस के दिग्गज नेता और हरियाणा के ताकतवर मंत्री रहे कैप्टन अजय सिंह यादव ने मामन खान के बयान को एक समुदाय के खिलाफ भड़काऊ बताते हुए उन्हें माफी मांगने को कहा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, फिरोजपुर झिरका के विधायक मामन खान को चुनाव प्रचार के दौरान एक खास समुदाय के खिलाफ सांप्रदायिक और भड़काऊ बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। कैप्टन ने हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार की वजहों का जिक्र करते हुए यह बात कही। कैप्टन की बात पर मामन खान की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यादव ने अहीरवाल बेल्ट में खराब प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्हें उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने की बात कही तो यह भी कहा कि जनादेश से पहले सीएम पद के लिए टकराव सबसे बड़ी गलती थी। चुनाव प्रचार के दौरान मामन खान पर भड़काऊ बयान देने का आरोप लगा था। उनका एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह मंच से कहते हुए सुने गए कि कांग्रेस की सरकार बनने पर कुछ लोगों को मेवात छोड़ना पड़ेगा। बयान पर चुनाव आयोग ने नोटिस देकर जवाब मांग था।भाजपा ने भी मामन खान के बयान को बड़ा मुद्दा बनाने में कसर नहीं छोड़ी असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमंता बिस्वा सरमा ने मामन खान के बयान का जिक्र करते हुए हिंदुओं को एकजुट करके भाजपा के पक्ष में करने की भरसक कोशिश की। भले ही मुस्लिम बहुत नूंह में कांग्रेस ने तीनों सीटों पर कब्जा जमा लिया, लेकिन कांग्रेस के कई नेता दबी जुबान में मानते हैं कि मामन के बयान से ध्रुवीकरण हुआ।

## नोएडा की सोसाइटी में अज्ञात महिला का खौफ, सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश

**नोएडा , एजेंसी।** गौर सिटी-1 के पांचवें एवेन्यू सोसाइटी में खुद को बीमार बताकर मदद मांगने घुसी अज्ञात महिला की सूचना से निवासी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। सोसाइटी में दीवारों पर चस्पा महिला के पोस्टर को पुलिस से बातचीत के बाद अपॉर्टमेंट ओनर एसोसिएशन (एओए) के पदाधिकारियों ने हटवा दिया है। साथ ही सोसायटी के गेट पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्य गेट से अंदर आती है। टावर-ए की पहली मंजिल पर जाकर एक फ्लैट का दरवाजा खटखटाती है। गेट खोलने पर महिला ने जबरदस्ती फ्लैट में घुसने की कोशिश की। निवासी ने साहस दिखाते हुए महिला को फ्लैट में प्रवेश नहीं करने दिया। इसके बाद वह दौड़ती हुई टावर से निकलकर सोसाइटी के गेट से बाहर चली जाती है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि महिला परिसर में अपने परिजन के साथ जा रहे एक बच्चे के पीछे जाकर उसे उठाने का भी प्रयास करती है। सोसाइटी के निवासी मुकेश ने बताया कि परिसर में महिला वाली घटना के बाद से सभी निवासी डरे हुए हैं। लोगों को अपने बच्चों की चिंता सता रही है। लोग बच्चों को बाहर अकेला भेजने में भी डर रहे हैं। सूचना के बाद सोसाइटी की दीवारों पर महिला के पोस्टर चस्पा कर दिए गए। वहीं, एओए अध्यक्ष मोहित चौधरी ने बताया कि इस मामले की शिकायत पुलिस से कर दी गई है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि लगभग 42 वर्षीय महिला ने सोसाइटी में घुसकर प्रियंका के फ्लैट का दरवाजा खटखटाया था।

## सार समाचार



### कोच और कप्तान ने निडर होकर खेलने का लाइसेंस दिया: नितीश रेड्डी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ अपने दूसरे ही टी20 मैच में बल्ले और गेंद दोनों से धमाल मचाने वाले उभरते हुए भारतीय ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने टीम को निडर क्रिकेट खेलने का लाइसेंस देने का श्रेय दिया। आंध्र के 21 वर्षीय ऑलराउंडर नितीश ने 34 गेंद में 74 रन की पारी खेलकर भारत को नौ विकेट पर 221 रन का विशाल स्कोर बनाने में मदद की। बाद में उन्होंने अपनी मध्यम गति की गेंदबाजी से 23 रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे बांग्लादेश नौ विकेट पर 135 रन ही बना सका और भारत ने तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त हासिल की। नितीश ने मैच के बाद कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करके बहुत अच्छा लगता है। इस पल पर बहुत गर्व महसूस होता है। हर चीज के लिए आभारी हूं। मुझे कप्तान और कोच को श्रेय देना चाहिए। उन्होंने मुझे निडर क्रिकेट खेलने का लाइसेंस दिया। नितीश को लिटन दास से शुरुआत में दो जीवनदान मिले लेकिन महमूदुल्लाह की नोबॉल की बदौलत फ्री हिट पर छक्का लगाने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ गया। उन्होंने कहा कि मैंने शुरुआत में समय लिया लेकिन उस नोबॉल के बाद सब कुछ मेरे पक्ष में हो गया। भारतीय टीम के लिए खेलना बहुत अच्छा लगता है। मैं इसी तरह खेलना चाहता हूं। ऐसे अच्छे प्रदर्शन को दोहराना चाहता हूं। भारत की शुरुआत खराब रही और टीम ने पावरप्ले के भीतर 41 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे।वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि इससे उन्हें अपने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को परखने में मदद मिली। सूर्यकुमार ने कहा, ''मैं ऐसी स्थिति चाहता था, अपने बल्लेबाजों (पांच, छह, सात नंबर) को ऐसी स्थिति में देखना चाहता था।

### ऐसी स्थिति में खेलना मैंने माही भाई से सीखा है: रिंकू सिंह



**नईदिल्ली, एजेंसी।**भारतीय ऑलराऊंडर एक बार फिर से टीम इंडिया के मुसीबत से बाहर निकालने में सफल रहे। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में जब भारतीय टीम 41 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी तो रिंकू सिंह ने नितीश रेड्डी के साथ मिलकर टीम को मुसीबत से बाहर निकाला। रिंकू ने इस दौरान अपने टी20 करियर की तीसरी फिफ्टी बनाई। मैच के बाद रिंकू सिंह ने कहा कि मैं खुद से कठिन परिस्थितियों में शांत रहने के लिए कहता रहता हूं। यह मेरे लिए स्वाभाविक है क्योंकि मैं लंबे समय से इस स्थान पर खेल रहा हूं। मैं उसी हिसाब से प्रैक्टिस भी करता हूं। रिंकू सिंह ने कहा कि मैंने माही भाई (एमएस धोनी) से इस संबंध में काफी बात की है जिससे मदद मिली है। जब आप 3-4 विकेट खो देते हैं तो आपको आत्मविश्वास की जरूरत होती है। वहीं, नीतीश कुमार के साथ साझेदारी पर उन्होंने कहा कि हम सिर्फ साझेदारी बनाना चाहते थे क्योंकि विकेट थोड़ा धीमा था। हमारी सोच थी कि स्ट्राइक रोटेट करें और खराब गेंदों पर हिट करें। उस फ्री-हिट (महमुदुल्लाह की गेंद पर) के बाद गति बदल गई और नीतीश को काफी आत्मविश्वास मिला।




# भारतीय महिला टीम ने एशियन चैंपियनशिप में रचा इतिहास

## पहली बार देश को दिलाया मेडल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024 में इतिहास रच दिया। मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और आयहिका मुर्खजी की तिकड़ी ने वह कमाल कर दिखाया जो आज से पहले कोई भारतीय महिला टीम नहीं कर पाई। भारत ने पहली बार इस चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है।

### जापान से मिली हार

भारतीय टीम बुधवार को सेमीफाइनल में जापान का सामना करने उतरी। यहां उसे 3-1 से हार मिली। हालांकि सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण उनका ब्रॉन्ज मेडल पक्का हो गया था। टीम ने क्वार्टर फाइनल में साउथ कोरिया को हराकर अपना मेडल पक्का किया था।

### सेमीफाइनल में 1-3 से हारा भारत

बुधवार को सेमीफाइनल मैच में सबसे पहले आयहिका मुखर्जी उतरीं। उन्हें जापान की मीवा हारिमोटो ने 3-2 से मात दी। इसके बाद मनिका बत्रा ने सतसूकी ओडो को 3-0 से मात देकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि मनिका बत्रा रिवर्स सिंगल में हरिमोटो से 1-3 से हार गईं। सुतिर्था मुखर्जी भी अपना मुकाबला 3-0 से हारीं। भारत यह मैच 1-3 से हार गया।

### साउथ कोरिया को हराकर किया था उलटफेर

इससे पहले भारतीय टीम ने ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए साउथ कोरिया को 3-2 से हराया और टॉप-4 में जगह बनाते हुए पदक पक्का किया था। इस जीत में अयहिका मुखर्जी ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच में अपने दोनों मुकाबले जीते। दुनिया की 92 रैंक वाली आयहिका ने पहले मैच में वर्ल्ड नंबर-8 शिन युबिन और फिर दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी जियोन जिही को हराया।

# राजस्थान में ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग टूर्नामेंट 4 नवंबर से



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की देखरेख में राजस्थन के जयपुर में 4 से 12 नवंबर तक ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 करवाया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाइंग दौर 4 से 8 नवंबर और मेन ड्रा 9 से 12 नवंबर तक होगा। टूर्नामेंट के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर बैडमिंटन हाल में करवाया जाएगा जिसकी ईनामी राशि कुल 6 लाख रुपए होगी।

टूर्नामेंट में बीएस 17 से लेकर एक्स डी 17 तक की 10 कैटेगरी हैं इनमें विजेताओं को 29 हजार से लेकर 31 हजार की राशि ईनाम में दी जाएगी जबकि रनरअप को 14,500 से लेकर 15 हजार तक की राशि मिलेगी। टूर्नामेंट में खिलाड़ी ब्वॉयज सिंगल, गर्ल सिंगल, ब्वॉयज डबल, गर्ल्स डबल, मिक्सड डबल वर्ग में अंडर 16 और अंडर 17 कैटेगरी के तहत हिस्सा ले सकेंगे।

### जरूरी निर्देश

उम्र- टूर्नामेंट के अंडर 15 वर्ग में हिस्सा लेने के लिए 1 जनवरी 2010 से बाद का जन्म होना चाहिए जबकि अंडर 17 में 1 जनवरी 2008 से बाद का जन्म होना चाहिए।

#### फीस

प्रतिभागी जो सिंगल कैटेगरी में हिस्सा लेना चाहते हैं उनके लिए 1000 रुपए प्रति प्लेयर फीस रखी गई है। इसी तरह डबल इवेंट में 2 हजार रुपए प्रति पेयर फीस रखी गई है।

#### भोजन

आयोजकों से अनुरोध है कि वे मुख्य ड्रा के खिलाड़ियों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था करें। तथापि, मुख्य ड्रा के खिलाड़ियों को एक दिन दोपहर के भोजन के लिए कूपन अनिवार्य रूप से एकत्र करना होगा। कूपन जारी किए जाएंगे।

# मर्डर के आरोपी क्रिकेटर शाकिब अल हसन ने देशवासियों से मांगी माफी



**ढ़ाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के महान क्रिकेटर शाकिब अल हसन ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ नागरिक अशांति के दौरान खामोश रहने के लिए माफी मांगी है. इससे साउथ अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश में उनके विदाई टेस्ट खेलने का रास्ता भी क्लियर हो जाएगा.

शाकिब 21 अक्टूबर से मीरपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट के बाद इस फॉर्मेट से विदा लेना चाहते हैं. चटगांव में दूसरा टेस्ट भी होगा, लेकिन माना जा रहा है कि वह पहला मैच खेलकर अमेरिका चले जाएंगे जहां वह अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते हैं. शाकिब ने फेसबुक पर लिखा, मैं उन सभी छात्रों को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने पक्षपात विरोधी आंदोलन की अगुवाई की और अपनी जान गंवा दी या घायल हो गए. बता दें कि शाकिब के खिलाफ बांग्लादेश में हत्या का आरोप भी दर्ज है. उन्होंने कहा, प्रियजनों को खोने की कोई भरपाई नहीं कर सकता. बच्चे या भाई को खोने की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता. इस नाजुक दौर में मेरी खामोशी से आहत हुए लोगों से मैं क्षमायाचना करता हूं. मैं आपकी जगह होता तो मैं भी दुखी होता.

भारत में टेस्ट सीरीज के दौरान 37 साल के शाकिब ने आखिरी टेस्ट बांग्लादेश में खेलने की इच्छा जताई थी बशर्ते मौजूदा सरकार उन्हें सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराए. भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद वह यूएई चले गए क्योंकि वह जून में टी20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप को अलविदा कह चुके हैं. उन पर प्रदर्शनों के दौरान एक छात्र की हत्या का आरोप है, लेकिन शाकिब उस समय कनाडा में एक टी20 लीग खेल रहे थे. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष फारूक अहमद ने शाकिब के अनुरोध को खारिज करते हुए कहा था कि बीसीबी कोई सुरक्षा एजेंसी नहीं है और उन्हें सुरक्षा कवर की गारंटी नहीं दे सकती.

सरकार के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने हालांकि कहा कि अपना राजनीतिक नजरिया अगर वह स्पष्ट कर देते हैं तो उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जा सकती है. कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार खिलाड़ी ने स्पष्ट किया कि बतौर राजनीतिज्ञ उनका एकमात्र लक्ष्य उनके शहर मागुरा का विकास है. शाकिब के सार्वजनिक माफीनामे के बाद अब लगता है कि वह मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम पर अपना आखिरी टेस्ट खेल सकते हैं.

# टेनिस में एक और युग का अंत... 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन राफेल नडाल ने किया संन्यास का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने गुरुवार को टेनिस से संन्यास लेने का एलान कर दिया। नडाल के नाम पुरुष एकल वर्ग में 22 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं। उनसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम सिर्फ सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने जीते हैं। नडाल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ियों में शामिल हैं और उन्हें लाल बजरी का बादशाह माना जाता है। नडाल ने अपने करियर में सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन में जीते हैं। डेविस कप फाइनल नडाल के पेशेवर टेनिस करियर का आखिरी मैच होगा। नडाल ने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो पोस्ट कर संन्यास लेने की घोषणा की। नडाल के नाम 92 एटीपी एकल खिताब हैं जिसमें 36 मास्टर्स टाइटल और ओलंपिक स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। नडाल के नाम एक खास उपलब्धि भी दर्ज है। वह पुरुष टेनिस इतिहास में उन तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने करियर में गोल्डन स्लैम पूरा किया है।



पिछले महीने नडाल ने लावेर कप से हटने का फैसला किया था जो उनका पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर उनका अंतिम टूर्नामेंट माना जा रहा था। पेरिस ओलंपिक के बाद नडाल ने इस बात की पुष्टि की थी कि लावेर कप उनका अगला टूर्नामेंट होगा। नडाल पहले इस बात के संकेत दे चुके थे कि 2024 टूर पर उनका आखिरी वर्ष हो सकता है। नडाल का इस सीजन रिकॉर्ड 12-7 रहा है। वह आखिरी बार पेरिस ओलंपिक में खेलते दिखे थे जहां दूसरे दौर में उन्हें जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था।

**नीदरलैंड के खिलाफ खेलेंगे अंतिम मैच**

38 वर्षीय नडाल 19 से 21 नवंबर के बीच मलागा में नीदरलैंड्स के खिलाफ डेविड कप मैच में खेलेंगे। टेनिस कोर्ट पर यह उनका अंतिम मुकाबला होगा। पुरुष टेनिस इतिहास में रोजर फेडरर, नडाल और जोकोविच फैब थ्री के रूप में पहचाने गए जिसमें अब बस जोकोविच ही पेशेवर टेनिस में सक्रिय बचेंगे। नडाल से पहले फेडरर भी पेशेवर टेनिस से संन्यास ले चुके हैं।

नडाल ने संन्यास का एलान करते हुए कहा, मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि मैं पेशेवर टेनिस से संन्यास ले रहा हूं। वास्तविकता यह है कि ये कुछ कठिन वर्ष रहे हैं, विशेषकर पिछले दो वर्ष। मुझे नहीं लगता कि मैं सीमाओं के बिना खेलने में सक्षम हूं।

**2005 में पहली बार जीता था फ्रेंच ओपन**

नडाल पहली बार 2005 में सुर्खियों में आए जब उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में इस टूर्नामेंट को जीता। रोलां गैरों पर 18 वर्षों तक नडाल ने 14 बार इस खिताब को जीता। नडाल 2005, 2006, 2007, 2008, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2017, 2018, 2019, 2020 और 2022 में फ्रेंच ओपन को जीतने में सफल रहे। उन्होंने करियर में दो बार (2009, 2022) में ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2008 और 2010 में विंबलडन तथा 2010, 2013, 2017, 2019 में यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया था।

ऑल इंग्लैंड क्लब पर फेडरर के खिलाफ उनकी जीत नडाल के करियर का अहम मुकाबला माना जाता है। नडाल ने इस मुकाबले में फेडरर को 6-4, 6-4, 6-7(5), 6-7(8), 9-7 से हराया था।

**चोट से जूझ रहे थे**

हाल के कुछ वर्षों में नडाल चोट की समस्या के जूझ रहे थे। संन्यास लेने का यह भी एक बड़ा कारण रहा। वह पिछले कुछ मैचों में चोट के बावजूद खेले थे।

## विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में

# भारत ने श्रीलंका को हराया



### 82 रन से जीते, सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम, आशा-अरुंधति को 3-3 विकेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में बुधवार को श्रीलंका को 82 रन से हरा दिया। टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया। भारत ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 172 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 19.5 ओवर में 90 रन पर ऑलआउट हो गई।

इस जीत से भारत की सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम हैं। टीम ग्रुप-ए की पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। भारत का अगला मुकाबला 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से होगा। हरमनप्रीत कौर प्लेयर ऑफ द मैच भारत से कप्तान हरमनप्रीत कौर नाबाद 52 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्मृति मंधाना ने 50 और शेफाली वर्मा 43 रन बनाए। मंधाना और शेफाली के बीच पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी हुई। श्रीलंका के लिए चमारी अटापट्टू और अमा कंचना को 1-1 विकेट मिला। स्मृति मंधाना रन आउट हुईं।

श्रीलंका के 7 खिलाड़ी दहाई का आकड़ां नहीं छू सके श्रीलंका के लिए कोई भी खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सकी। कविशा दिलहारी ने सबसे ज्यादा 21 रन बनाए। अनुष्का संजीवनी 20 और अमा कंचना ने 19 रन का योगदान दिया। इन तीन खिलाड़ियों के अलावा कोई और दहाई का आकड़ां नहीं छू सका। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी और आशा शोभना ने 3-3 विकेट चटकाए। रेणुका सिंह ने दो विकेट लिए। दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल को 1-1 विकेट मिला।

# हैरी ब्रूक ने पाकिस्तान के खिलाफ लगाया तिहरा शतक

**मुल्तान, एजेंसी।** हैरी ब्रूक ने गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन गुरुवार को रिकार्ड तिहरा शतक जड़ दिया है। 34 साल में पहली बार इंग्लैंड की ओर से हैरी ब्रूक ने तिहरा शतक जड़ने का कारनामा किया है।

इसी के साथ वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। 1990 के बाद किसी इंग्लैंड प्लेयर ने टेस्ट की एक पारी में 300 रन के आंकड़े को छुआ है। मैच के 143.3 ओवर में सैम अयूब की गेंद पर चौका लगाकर



ब्रूक ने अपना तिहरा शतक पूरा किया। शतक पूरा करने के साथ ही उन्होंने आसमान की ओर देखते हुए ड्रेसिंग रूम की तरफ बैट उठाने के बाद अपनी दिवंगत दादी पॉलीन को सलाम किया। हैरी ब्रूक ने 322 गेंदों पर 29 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 317 रन बनाए जिस वजह से इंग्लैंड ने 823/7 के साथ पारी घोषित की। इंग्लैंड ने टेस्ट में तीसरी बार 800 प्लस रन बनाए हैं। वहीं इससे पहले हैरी ब्रूक ने अपने टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक 239 गेंदों पर पूरा किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी कर्मी बता तीन लोगों ने लिया 32 लाख लोन, केस दर्ज

**रांची, एजेंसी।** रांची में सरकारी विभाग का कर्मचारी बताकर बैंक से लाखों रुपए ऋण लेने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज कराया गया है। दीपाटोली एसबीआई शाखा के मुख्य प्रबंधक ने हजारीबाग निवासी नागेश्वर रविदास, गिरधर यादव और बोकारो की नीलम निलय को आरोपी बनाया है। आरोप है कि तीनों ने विभिन्न विभागों के फर्जी पहचान पत्र और वेतन स्लिप देकर बैंक से 32 लाख से अधिक का लोन लिया है। बैंक अधिकारियों की जांच में इसका खुलासा हुआ। इसके बाद केस दर्ज कराया गया। आरोप है कि नागेश्वर ने पथ निर्माण विभाग का कर्मी बनकर 5 ।75 लाख और छह लाख रुपए जनवरी 2020 में लोन लिया था। नीलम ने नवंबर 2022 में 10 लाख और अप्रैल 2023 को पांच लाख दीपाटोली शाखा से लोन लिया था। उसने खुद को वन विभाग का कर्मी बताया था। गिरधर ने खुद को सीएमपीडीआई कर्मी बता नवंबर 2022 को 6 ।10 लाख का लोन लिया था। बैंक में विभाग से पत्रचार किया तो मामले का खुलासा हुआ। मुख्य प्रबंधक ने पुलिस को बताया कि तीनों ने बैंक को फर्जी कागजात जमाकर धोखाधड़ी कर लोन लिया है।

### निजी अस्पतालों, पैथोलॉजी जांच घरों में प्रदर्शित होगा रेट चार्ट

**धनबाद, एजेंसी।** निजी अस्पताल, क्लीनिक, नर्सिंग होम समेत जिले के तमाम पैथोलॉजी जांच घर संचालकों में विभिन्न बीमारियों के इलाज से संबंधित रेट चार्ट प्रदर्शित करना होगा। मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। आदेश में सिविल सर्जन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट-2010 के तहत सभी निजी अस्पताल, क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालकों को अपने-अपने संस्थान के बाहर विभिन्न बीमारी के इलाज से संबंधित दर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना है। आदेश निर्गत होने के सात दिनों के अंदर सभी अस्पताल, क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालकों को प्रदर्शित दर की तसवीर खींच स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने को भी निर्देशित किया गया है। साथ ही सभी को सीइए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना सीइए लाइसेंस के अस्पताल, क्लीनिक व नर्सिंग होम का संचालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी सीएस ने दी है। बता दें कि सांसद ढुलू महतो ने उपायुक्त माधवी मिश्रा को पत्र लिख निजी अस्पताल, क्लीनिक व नर्सिंग होम के मनमानी पर रोक लगाने का आग्रह किया था। सांसद ढुलू महतो ने अपने पत्र में कहा था कि निजी अस्पतालों में इलाज का दर निर्धारित नहीं होने के कारण इलाजरत मरीजों का परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विभिन्न बीमारियों का दर प्रदर्शित नहीं होने के कारण निजी अस्पताल, क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालक मरीजों से मनमाने तरीके से पैसे वसूल करते हैं। उन्होंने इसपर रोक लगाने का आग्रह उपायुक्त से किया था। सांसद के पत्र के आलोक में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सीएस को कार्रवाई का निर्देश दिया था।

### झारखंड में पुलिस कर्मियों की छुट्टी को लेकर आया बड़ा निर्देश,

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पुलिस के एडीजी अभियान डॉ। संजय आनंदराव लाठकर ने सभी जोनल आइजी, रेंज डीआइजी, एसएसपी, एसपी आदि को निर्देशित किया है कि दुर्गापूजा के कारण 15 अक्टूबर तक पुलिसकर्मियों की छुट्टियां स्थगित रहेंगी। दुर्गापूजा के मद्देनजर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था ड्यूटी में जिलों में बड़ी संख्या में बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। विशेष परिस्थिति में संबंधित एसपी, डीआइजी व आइजी के माध्यम से ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा ।एडीजी ने सभी अधिकारियों को सिपाही से पुलिस निरीक्षक स्तर तक के अधिकारियों को तैयार हालत में रखने का निर्देश दिया है ।जमशेदपुर जिला पुलिस प्रशासन ने दुर्गा पूजा पर नौ अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक नो इंट्री के समय में बदलाव किया है। यातायात डीएसपी के आदेशानुसार नौ से 12 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह पांच से 11 ।30 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन दोनों ओर से होगा ।वहीं, प्रत्येक दिन 11 ।30 बजे पूर्वाहन से अगले दिन सुबह पांच बजे तक बसों को छोड़कर भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। 12 और 13 अक्टूबर को सुबह छह से विसर्जन होने तक भारी वाहनों का परिचालन नहीं होगा। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा दृष्टि से कुछ मानक तय किए है। मरीन ड्राइव पर नौ से 13 अक्टूबर तक पूर्वाहन 11 ।30 बजे से प्रात पांच बजे तक भारी वाहनों का परिचालन नहीं होगा।

# झारखंड के कर्मचारियों को मिलेगा बीमा का लाभ, 5 लाख तक कवर

**झारखंड सरकार कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर ऐलान किया है। कर्मचारी इसका लाभ 1 नवंबर से उठा सकेंगे। इस बीमा के अंतर्गत 5 लाख तक का कवर दिया जाएगा। सरकार ने इसके लिए डिटेल मांगी है।**



रांची। राज्य सरकार के कर्मियों और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवार को आवश्यकता पड़ने पर एक नवंबर से झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक सह झारखंड स्टेट आरोग्य सोसायटी (जसास) के कार्यकारी निदेशक अबू इमरान ने इसका लाभ प्राप्त करने के लिए सभी लाभुकों से employeeswasthyabima.jharkhand.gov.in पोर्टल पर जाकर अपना और अपने परिवार के अर्हताधारी सदस्यों की जरूरी डिटेल्स उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि जिन लाभुकों ने अपना रजिस्ट्रेशन पूर्व में करा लिया है, उन्हें दोबारा रजिस्ट्रेशन कराने की जरूरत नहीं है।

झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा योजनान्तर्गत राज्य के सभी सेवाओं के कार्यरत कर्मियों/सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिवार के आश्रित सदस्यों को हर साल पांच लाख तक का कैशलेस उपचार का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके लिए बीते 30 सितंबर को जसास और टाटा एआईजी इंश्योरेंस कंपनी के बीच एमओयू किया गया है।

किनको मिलेगा स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी (जसास) के कार्यकारी निदेशक अबू इमरान ने कहा है कि झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत राज्य की सभी सेवाओं के राज्य कर्मियों/ सेवानिवृत्त राज्यकर्मियों तथा उनके परिवार के आश्रित सदस्यों, जिनमें पति/पत्नी, पुत्र/वैध दत्तक पुत्र (25 वर्ष तक की आयु तक बेरोजगार), पुत्री/ अविवाहित/विधवा/परित्यकता पुत्री/नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन, आश्रित माता-पिता (प्रतिमाह 9 हजार और उस पर तत्समय अनुमान्य महंगाई राहत से कम पेंशन पाने वाले) सम्मिलित होंगे। प्रति परिवार सम्मिलित रूप से 05 (पांच) लाख रुपए प्रति वर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा।

**अखिल भारतीय सेवाओं के कर्मी ले सकते हैं लाभ :** इसके साथ ही स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने हेतु यथा निर्धारित बीमा राशि का भुगतान कर विधानसभा के पूर्व सदस्य/पदाधिकारी/कर्मी, अखिल भारतीय सेवाओं के इच्छुक सेवारत/सेवानिवृत्त एवं राज्य की अन्य सेवाओं के सेवानिवृत्त पदाधिकारी/कर्मचारी, राज्य सरकार के विभिन्न बोर्ड/ निगम/ संस्थान/ संस्था में कार्यरत/सेवानिवृत्त नियमित कर्मी, राजकीय विश्वविद्यालयों एवं उनके अंतर्गत अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत/सेवानिवृत्त शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तरकर्मी भी झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# पुटकी में कार के धक्के से बाइक सवार घायल, हालत गंभीर



**धनबाद।** धनबाद जिले के पुटकी-भागा लिंक रोड पर पुटकी के सरकारडीह तालाब के समीप बुधवार की देर शाम एक कार व बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार धनेश्वर महतो घायल हो गया। उसकी स्थिति गंभीर है। घटना शाम करीब 7 बजे की है। बाइक (नंबर जेएच10 एल 1331) पुटकी बाज़ार की तरफ से आ रही थी, जबकि कार (नंबर जेएच10 एएच 1204) भागाबांध की ओर से आ रही थी। सरकारडीह तालाब के समीप दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। बाइक सवार धनेश्वर महतो (61 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। वह कच्छीबलिहारी 10 नंबर का रहने वाला है। कार चालक व उस पर सवार एक व्यक्ति वाहन छोड़कर भाग खड़े हुए। स्थानीय लोगों ने सड़क पर पड़े घायल बुजुर्ग को आनन-फ़ानन में पुटकी के निजी अस्पताल पहुंचाय। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। पुटकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों गाड़ियों को जब्तकर थाना ले गई।

# 113 अल्पसंख्यकों ने ग्रहण की आजसू की सदस्यता




**लोहरदग्गा, एजेंसी।** आजसू पार्टी लोहरदगा जिला के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शाहिद अंसारी के नेतृत्व में 113 अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय रांची जाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों ने एक स्वर से कहा कि नीरू शांति भगत लोहरदगा आजसू पार्टी की सर्वमान्य नेत्री हैं। अपने पति लोहरदगा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक झारखंड आंदोलनकारी स्व कमल किशोर भगत के पदचिह्नों में चलकर सभी धर्म और समाज के लोगों के लिए काम करने में विश्वास रखती हैं। सब के सुख-दुख में एक परिवार की सदस्य के रूप में शामिल होती रही है।

अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि नीरू शांति भगत सभी धर्म और समाज के लोगों की प्रिय नेत्री तो है हीं। वह अल्पसंख्यक समुदाय के दिल में बसी हुई हैं। उन्हें इस बार जीता कर झारखंड विधान सभा भेजने में अल्पसंख्यक समाज कोई कसर नहीं छोड़ेगा। सदस्यता ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से पार्टी की केंद्रीय महासचिव और लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र की भावी प्रत्याशी नीरू शांति भगत केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत केंद्रीय सचिव सह लातेहार जिला प्रभारी लाल गुडडू नाथ शाहदेव, शाहिद अंसारी,सलीम पांडू ,साजिद कलाल, कलीम खान, समीम अंसारी, कबीर अंसारी, मुख्तार अंसारी, वसीम राजा, जुल्फिकार, इरफान अंसारी, यूनुस अंसारी, जाकिर अंसारी, मोइन अंसारी, नजीर अली, साजिद , अब्दुल अंसारी ,बबलू अंसारी, असलम अंसारी, सिराज अंसारी, शमीम अंसारी, मुमताज अंसारी, मंजूर अंसारी, मकर मीर, मोशन खान, जावेद खान, शकील अंसारी, जमशेद खान, एकरामुल अंसारी, मुस्तफा खलीफा आदि उपस्थित थे।

# झारखंड विस चुनाव : भाजपा में टिकट के दावदारों की धड़कनें बढ़ी, कई के टिकट कटेंगे, नये चेहरों को मिलेगा मौका




**रांची, एजेंसी।** झारखंड भाजपा में टिकट के दावेदारों की धड़कनें बढ़ गयी हैं। प्रदेश चुनाव समिति ने उम्मीदवारों के नामों की सूची आला नेताओं को सौंप दी है। उम्मीदवारों के नामों पर मंथन शुरू हो गया है। प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम फैसला संसदीय बोर्ड लेगा। विजयादशमी के बाद के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी होने की संभावना है। झारखंड की सभी विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों के नाम के पैनल पहले ही बन चुके थे। इसके बाद विधानसभा वार उम्मीदवारों के नाम पर रायशुमारी की गयी थी।

**रांची और बोकारो से भाजपा उम्मीदवार बदल सकती है :** सूत्रों के अनुसार संसदीय बोर्ड के पास पहले तीन नामों की सूची भेजी गयी थी। इसके बाद दो नामों की सूची भेजी गय। सूत्रों की मानें तो जिन नामों की सूची भेजी गयी है, उसमें रांची और बोकारो से भाजपा उम्मीदवार बदल सकती है। जानकारी के अनुसार कई सीटों पर भाजपा नये चेहरों को मौका दे सकती है। रांची से सीपी सिंह और बोकारो से विरंची नारायण की जगह नये चेहरे को मौका दिये जाने की बात कही जा रही है। वहीं कई अन्य सीटों पर भी नये चेहरों को मौका मिल सकता है।

**इन सीटों के संभावित उम्मीदवार :** हटिया- नवीन जायसवाल, पूर्वी सिंहभूमः रामबाबू तिवारी, सिसई-अरूण उरांव, खूंटी- नीलकंठ सिंह मुंडा, सरायकेला- चंपाई सोरेन, राजमहल- अनंत ओझा, जामा- जयश्री सोरेन, नाला- अरूप चटर्जी, सिंदरी- तारा देवी, देवघर- विनिता पासवान, गांडेय- प्रणव वर्मा, जमुआ- कामेश्वर पासवान, गिरिडीह- रवींद्र राय, बेरमो- रवींद्र पांडेय, टुंडी- राजीव कुमार ओझा, शिकारीपाड़ा- सुनील हांसदा, दुमका- सुनील सोरेन, राजधनवार- बाबूलाल मरांडी, झरिया-रागिनी सिंह, धनबाद- चंद्रशेखर अग्रवाल, निरसा- अर्पणा सेनगुप्ता, जामताड़ा- दुबराज मंडल, बोकारो- रोहित लाल सिंह

# भाजपा कार्यालय में मना हरियाणा की जीत का जश्न, बाबूलाल मरांडी बोले, यह पीएम मोदी पर विश्वास की जीत है



**रांची, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को हरियाणा और जम्मू कश्मीर राज्य के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद उत्सव मनाया गया । कार्यकर्ताओं संग प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी ढोल बाजे के साथ खूब थिरके । पटाखे फोड़े और मिठाईयां भी बांटी ।

मरांडी ने पीएम नरेंद्र मोदी,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय नेतृत्व सहित पार्टी नेताओं,कार्यकर्ताओं सहित जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी । कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नीतियों कार्यक्रमों के साथ प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व,विकास योजनाओं पर जनता का भरोसा बढ़ा है । षड्यंत्रकारियों की पोल खुली है । हरियाणा की जनता ने भाजपा के पिछले 10 वर्षों के काम पर फिर से मुहर लगा दी है । हरियाणा की जनता ने कांग्रेस के झूठ और षडयंत्र को भी नाकार दिया है ।

पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व की जीत : रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जीत है । उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता भी आनेवाले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ भाजपा नेतृत्व की सरकार बनाएगी । प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा की नीति और नीयत को देश और प्रदेश की जनता समझ चुकी है इसलिए लगातार भाजपा पर भरोसा बढ़ा है । पहले पीएम मोदी के नेतृत्व में और अब हरियाणा की हैट्रिक बनाकर जनता ने धोखेबाज दलों को सबक सिखाया है ।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह,कार्यालय मंत्री हेमंत दास,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रदेश प्रवक्ता अजय साह,जिलाध्यक्ष वरूण साहू, योगेन्द्र प्रताप, रमेश सिंह, पूजा सिंह, विनय सिंह, राजू सिंह, वलराम सिंह, धमेन्द्र दूबे मनोज दूबे, देवराज सिंह, पंकज सिन्हा, मृत्युंजय कुमार, सुरेन्द्र मण्डल, कुंदन कुमार, सुबोध कांत,अरुण झा,सुधीर श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# दूसरे से दिलाई लिखित परीक्षा, फिजिकल के लिए खुद पहुंचा, गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** एसएससी की ओर से ली जा रही केंद्रीय सुरक्षा बल की कांस्टेबल की बहाली 2024 में लिखित परीक्षा किसी और से दिलाई। जब लिखित में सफलता मिल गई तो मंगलवार को खुद फिजिकल में शामिल होने पहुंच गया। कोयला नगर सीआईएसएफ ग्राउंड में सीटी/जीडी की बहाली की फिजिकल टेस्ट में शामिल होने पहुंचे झरिया तिसरा थाना क्षेत्र के जीनागोरा माड़ी गोदाम के पास रहनेवाले गणेश यादव को पकड़ कर सीआईएसएफ के अधिकारियों ने सरायढेला थाना के सुपुर्द कर दिया। सीआईएसएफ की ओर से नलिन कुमार चौबे ने सरायढेला थाना में दिए शिकायत में बताया कि छह मार्च को कांस्टेबल बहाली के लिए लिखित परीक्षा हुई थी।

उस दिन बायोमीट्रिक्स अटेंडेंस के साथ अभ्यर्थियों की तस्वीर ली गई थी। लिखित परीक्षा के आधार पर मंगलवार को अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया था। यहां पहुंचे गणेश यादव के बाएं हाथ के अंगूठे का निशान का मेल बायोमीट्रिक्स मशीन से नहीं हुआ तो वह संदेह के घेरे में आ गया। उसका फोटो भी अलग पाया गया।

पूछताछ में गणेश ने स्वीकार कर लिया कि उसके बदले किसी अन्य ने लिखित परीक्षा दी थी। इसके बाद सीआईएसएफ और सीआरपीएफ मुख्यालय के निर्देश पर उसे सरायढेला पुलिस के हवाले कर दिया गया। गणेश के बदले किसी अन्य ने परीक्षा दी। छद्म वेश धारण कर सरकारी नौकरी पाने की साजिश रचने के मामले में गणेश के अलावा एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस गणेश से पूछताछ कर रही है कि उसके बदले कौन लिखित परीक्षा में शामिल हुआ था। पुलिस उसे भी गिरफ्तार करेगी। बुधवार को गणेश को जेल भेजा जाएगा।

# ऑनलाइन गेम के चक्कर में सब कुछ खो दिया, झारखंड में 22 साल के युवक ने लगा ली फांसी

**दुमका।** झारखंड के दुमका के कमारटक गांव में ऑनलाइन गेम में रुपए हारने के बाद आहत 22 साल के प्रहलाद दर्वे ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के कमारचक गांव में युवक रहता था। युवक शादीशुदा था और एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी।

### चलाता था मोबाइल की दुकान

वह घर पर ही दुकान मोबाइल रिचार्ज का दुकान खोल रखा था। उसके पिता दैनिक मजदूरी करने के लिए बाहर गया हुआ था। घर पर वह अपनी पत्नी व मां के साथ रहता था। पुलिस सूत्रों से पता चला है कि युवक को मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलने की लत गई थी। वह गेम में हजारों रुपए हार चुका था।



गेम के चक्कर में सब कुछ खो दिया दुकान का सारा पूंजी उसने गेम खेलने में उड़ा दिया था। घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। वह घर चलाने में असमर्थ हो गया था। ऑनलाइन जुए में रुपए हार जाने के बाद वह सदमे में चला गया था। रात में उसने अपने दुकान में फांसी का फंदा लगाया और लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी रामगढ़ थाना की पुलिस को सुबह में हुई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पीजेएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।

वहीं एक अन्य मामले में दुमका के पुराने सदर अस्पताल के परिसर से एक महिला के शव को बरामद किया गया है। शव की पहचान नहीं हुई है। नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि उक्त महिला विक्षिप्त थी और अस्पताल में इधर-उधर घूमती रहती थी। शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है।

# निर्वाचन आयोग से झामुमो सम्मान योजना लागू करने की मांगी इजाजत



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने निर्वाचन आयोग को एक आवेदन देकर झामुमो सम्मान योजना के लिए फॉर्म भरवाने की अनुमति मांगी है। इसके तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देने का वायदा किया जायेगा यानी हर महिला को हर साल 30 हजार रुपये मिलेंगे।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बुधवार को इस बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि यदि निर्वाचन आयोग ने भाजपा को फॉर्म भरवाने की इजाजत दी है, तो झामुमो को भी इसकी इजाजत मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपये दे रही है। महिलाओं के खाते में तीसरी किस्त डाला जा चुका है। इसके जवाब में भाजपा ने राज्य भर में गोगो दीदी योजना लाने का प्लान तैयार किया। इसके लिए पूरे राज्य में महिलाओं से एक फॉर्म भरवाया जा रहा है। इसमें वायदा किया जा रहा है कि यदि सरकार बनी तो महिलाओं को 2000 रुपये प्रति माह दिया जायेगा।